आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 04:01 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 25 जून 2025
वर्ष 6, अंक 87, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस 14
अमेरिका यूरोप से व्यापार समझौते जल्द 12

## रेलवे की यात्री किराये में वृद्धि की तैयारी



- स्लीपर श्रेणी में एक और एसी में दो पैसे प्रति किमी होगी बढ़ोत्तरी
- एक जुलाई से लागू होंगी मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में नई दरें
- सामान्य दर्जे में 500 किमी तक की यात्रा में कोई वृद्धि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गई थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गई थी। वर्ष 2019 में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर 2 पैसे बढ़ाए गए थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में 2 पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई। साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर 01 पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराये में 01 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि प्रथम श्रेणी के किराये में 1 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी।

## सीजफायर के बाद भी ईरान-इजराइल ने दागीं मिसाइलें

**ट्रंप की ओर से जंग रुकने की घोषणा के चंद घंटे के भीतर टूटा संघर्ष विराम**

- धमाकों की आवाज से दहला बीरशेबा व तेल अवीव, 4 की मौत, 20 घायल
- इजराइल ने ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने का किया दावा, ईरानी सेना का इनकार

बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी

इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल इजराइल के बीरशेबा शहर में एक इमारत पर गिरी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है।

ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, कृपया इसे न तोड़ें।

मंगलवार सुबह तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं और वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की सेना ने इजराइल पर मिसाइल दागने से इनकार किया। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने का निर्देश दिया। इस अस्थायी समझौते की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार की सुबह की, जब ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी मिसाइल दागी थीं। संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों की बौछार कर दी।

### इजराइली विमान अब हमला नहीं करेंगे : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाने जा रहा है और ईरान पर हमला करना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को उनका युद्धविराम कुछ समय स्थगित रहने के बाद प्रभावी हो गया। ट्रंप ने दोनों पक्षों पर युद्ध विराम का पालन करने का दबाव डालते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, इजराइल ईरान पर हमला नहीं करने जा रहा है। सभी विमान वापस लौट जाएंगे। किसी को भी नुकसान नहीं होगा, युद्ध विराम प्रभावी है! ट्रंप ने कहा कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वहां अस्थायी युद्ध विराम लागू हो गया है।

### एक नजर

#### कुएं में जहरीली गैस से तीन लोगों की मौत

गुना। मध्यप्रदेश के गुना जिले में मंगलवार को एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन व्यक्तियों की संदिग्ध जहरीली गैस से मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना धरनावदा गांव की है जहां छह व्यक्ति एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे थे। गुना कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बछड़े को बचाने के लिए छह लोग कुएं में उतरे थे। उनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में बचा लिया गया और उन्हें गुना जिला अस्पताल ले जाया गया। छह में से केवल एक व्यक्ति ही सुरक्षित निकले। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया तीनों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की वजह से हुई।

#### गैंगस्टर रोमिल वोहरा पुलिस मुठभेड़ में ढेर

नई दिल्ली। हरियाणा में कई हत्याओं और दिल्ली में हथियार मामलों में वांछित गैंगस्टर मंगलवार तड़के दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मृतक की पहचान हरियाणा में यमुनानगर निवासी रोमिल वोहरा के रूप में की गई है। वह यमुनानगर में एक तिहरे हत्याकांड और कुरुक्षेत्र में एक हत्या मामले समेत आठ से अधिक मामलों में वांछित था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि रोमिल शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों में भी वांछित था।

## ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने के लिए नियम बनाएं राज्य : शाह

### गृह मंत्री ने वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में दिए निर्देश

- चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों संग राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों समेत 19 मुद्दों पर चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी, एमपी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने के निर्देश दिए। मंगलवार को वाराणसी के तॉज होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि पंचायतों के राजस्व बढ़ने से ही पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उक्त राज्यों के मुख्य सचिवों ने शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे मुद्दे शामिल रहे।

गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेशियो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव रखा गया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया।

### देश ने हर क्षेत्र में पहचान बनाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित 11 साल का कालखंड नई प्रेरणा देता है। भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में नई पहचान बनाई। उन्होंने यूपी की विभिन्न योजनाओं और प्रगति की विस्तार से जानकारी साझा की। यूपी देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। उप्र बॉटम अप अप्रोच के साथ आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत की दिशा में अग्रसर है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 5-7 लोगों को रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है।

### धामी ने कुंभ के लिए मांगा सहयोग

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा कि बैठक के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सीमा सड़क संगठन के माध्यम से अधिक सहयोग का आग्रह किया। राज्य में ग्लेशियर अध्ययन केंद्र, जैव विविधता संरक्षण संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा। नंदा राजजात यात्रा (2026) और 2027 के कुंभ मेले हेतु केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

### श्री नारायण गुरु-महात्मा गांधी की वार्ता के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री

## भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : मोदी

- कहा-ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को स्पष्ट किया

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरुदेव और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्ता के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर मोदी ने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा कि हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

### हमने वंचित-पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया

प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु ने सभी तरह के भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। आज, देश भेदभाव की हर संभावना को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया' जैसे मिशन युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी वह समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेते हैं, तो समाज सुधारक को याद करते हैं।

## पीएफ खाते से अब 72 घंटे में निकाल सकेंगे पांच लाख रुपये

- सरकार ने ऑटो सेटेलमेंट के तहत कर्मचारियों को दी सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खातों से अग्रिम निकासी के दावों के स्वतः निपटान (ऑटो सेटेलमेंट) की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंगलवार को घोषणा की। इस कदम से सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सदस्य तीन दिन के भीतर पांच लाख रुपये तक की अपनी अग्रिम वापसी के दावों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

फिलहाल स्वतःनिपटान माध्यम से तीन दिनो के भीतर एक लाख रुपये तक के दावों का निपटान हो सकता है। मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने अपने सदस्यों को खासकर तत्काल जरूरतों के समय में त्वरित कोष पहुंच देने के लिए अग्रिम दावों के स्वतः निपटान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा के विस्तार से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लाखों सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है। ईपीएफओ ने कोविड-19 महामारी के समय पहली बार ऑनलाइन स्वतः निपटान व्यवस्था शुरू की थी।

## बेहिसाब नकदी बरामदगी में क्यों दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

- जस्टिस वर्मा मामले में संसदीय समिति ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई और समिति ने न्याय विभाग से इस मामले पर एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा।

सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक में विभिन्न दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया।

## घर में महिला का गला कसकर बेड में किया पैक

- चुनरी से गला कसा, सिर पर भी भारी चीज से वार किया, रावतपुर में वारदात
- छोटे बेटे के संदेह पर बड़ा बेटा हिरासत में, लिव इन में युवक के साथ रहती थी महिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार** : रावतपुर में लिव इन रिलेशन में रह रही महिला की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने महिला का चुनरी से गला कसकर उसे बेड में पैक कर दिया। सिर पर भी भारी वार से चोट के निशान हैं। स्कूल से लौटे छोटे बेटे ने बेड से निकली मां की चुनरी देखी, तब वारदात का पता चला। हत्या का आरोप बड़े बेटे पर है, लेकिन मृतका की बहन ने लिव इन में रह रहे युवक पर आरोप लगाया है। पुलिस ने बड़े बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।



उर्मिला कटियार

रावतपुर गुप्ता कालोनी निवासी 35 वर्षीय उर्मिला कटियार, पति जगदीश की मौत के बाद 18 सालों से रंजन नामक युवक के साथ लिव इन में रह रही थीं। उर्मिला के दो नाबालिग बेटे हैं। 17 वर्षीय बड़ा बेटा इंटर और 15 वर्षीय छोटा बेटा नौवीं का छात्र है। दोनों अर्मापुर केंद्रीय विद्यालय-टू में पढ़ते हैं। मंगलवार सुबह छोटा बेटा स्कूल गया था जबकि बड़ा बेटा घर पर ही था। रंजन दो तीन दिन से काम के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं। मंगलवार दोपहर छोटे बेटे ने स्कूल से लौटने के बाद घर में मां को न पाकर बड़े भाई से पूछा तो उसने जानकारी न होने की बात कही। इस पर उसने मां को ढूंढना शुरू किया तो बेड से उनकी चुनरी थोड़ी बाहर लटकी दिखी। बेड खोला तो अंदर मां बेसुध पड़ी थीं। इस पर उसने पास में मसवानपुर में रहने वाली मौसी गीता को सूचना दी। मौसी आईं और फिर रावतपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को उर्मिला की सांसें चलती दिखीं तो रीजेंसी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गीता ने पुलिस को बताया कि रंजन मार्केटिंग का काम करते हैं, इसलिए अक्सर घर से बाहर ही रहते हैं। पुलिस की पूछताछ में छोटे बेटे ने बड़े भाई पर शक जताया, जिस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं गीता के अनुसार उसकी बहन की मौत में पति रंजन का हाथ है। बेटे को मोहरा बनाया जा रहा है।

## निपाह वायरस का पता लगाएगी पोर्टेबल किट

- पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने किया विकसित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में अब निपाह वायरस का पता मिनटों में लगाया जा सकेगा, क्योंकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने वायरस की जांच के लिए एक पोर्टेबल प्वाइंट-ऑफ-केयर किट विकसित की है।

एनआईवी के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह किट प्रयोगशाला के बाहर भी तुरंत परिणाम दे सकती है और इसे जल्द ही केरल तथा पश्चिम बंगाल जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में इस्तेमाल में लाया जाएगा। डॉ. कुमार ने कहा कि हमने निपाह वायरस का त्वरित और विश्वसनीय तरीके से पता लगाने के लिए लैंप आधारित पोर्टेबल किट विकसित की है। यह प्रयोगशाला की आवश्यकता के बिना कुछ ही मिनटों में परिणाम देती है। किट का पेटेंट भी कराया गया है।

निपाह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों (फ्रूट बैट) के माध्यम से फैलता है और भारत में कई बार इसका प्रकोप देखा जा चुका है। पचास प्रतिशत से अधिक मृत्यु दर के साथ, यह सबसे घातक वायरल रोगों में से एक है।

## सीडीएस दे सकेंगे तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है।

## देश के पूंजीगत व्यय में यूपी की 16 .3% हिस्सेदारी का अनुमान

**2024-25 में भी टॉप कंट्रीब्यूटर रहे यूपी की नए साल में भी खास रहेगी उपलब्धि**

- रिपोर्ट में लगातार दूसरे साल गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व कर्नाटक से आगे यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : यूपी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक से पूंजी व्यय में यूपी टॉप पर रहेगा।

पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3%), गुजरात (9.4%), महाराष्ट्र (8.3%), मध्य प्रदेश (8.1%) और कर्नाटक (7.6%) ये पांच राज्य मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50% से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9% पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9%), गुजरात (8.1%), मध्य प्रदेश (7.5%) और ओडिशा (6.4%) थे।

### निवेशकों के लिए पहली पसंद बना यूपी

योगी सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश का सिरमौर बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून-व्यवस्था में सुधार के चलते यूपी घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान मिले भारी निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं। जिससे राज्य का पूंजीगत व्यय बढ़ा है और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

### राजस्व में भी यूपी अव्वल

रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में कुल 26 राज्यों की प्राप्तियां 10 .6% बढ़कर 69 .4 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्तियां 12 .3% और पूंजीगत प्राप्तियां 6 .6% बढ़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश यहां भी सबसे आगे रहेगा, जो अकेले 13 .3% राजस्व का योगदान देगा। इसके बाद महाराष्ट्र (11 .3%), मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान (5 .9% प्रत्येक) रहेंगे।

## शहर में आज



☞ भाजपा जिला व महानगर के द्वारा आपातकाल काला दिवस पर संगोष्ठी दिल्ली रोड स्थित राही होटल में दिन में 11:00 बजे
☞ लाकड़ी फाजलपुर स्थित डिजाइनको प्राइवेट लिमिटेड में एक्सपोर्टर मीट में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष रहेंगे मौजूद 3:30 बजे
☞ महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में महिला जन सुनवाई 11:00 बजे




# एक सप्ताह में प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को घर पर लगवाना होगा सोलर पैनल

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- जिला विद्यालय निरीक्षक ने वर्चुअल मीटिंग में दिया निर्देश

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग के 104 इंटर कॉलेज के अध्यापकों के घर अब सोलर पैनल की लाइट से जगमगाएंगे। केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत सोलर पैनल स्थायी निवास करने वाले अध्यापकों को लगवाना होगा। इतना ही नहीं पास पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी सोलर पैनल लेने के लिए प्रेरित करना होगा।

पीएम सूर्य घर योजना की खराब रिपोर्ट पर डीएम ने नाराजगी जताई तो डीआइओएस ने निर्देश जारी किए हैं। डीआइओएस देवेंद्र पांडेय ने कार्यालय में जूम एप पर वर्चुअल मीटिंग में जिले के 50 राजकीय इंटर कॉलेज और 54 अनुदानित इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों के साथ मीटिंग की। उद्देश्य केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना को सफल बनाना था। उन्होंने प्रधानाचार्यों से इंटर कॉलेजों के 1200 में से केवल 3 से 4 प्रतिशत अध्यापकों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराने पर जवाब मांगा। इससे शासन को जिले की खराब रिपोर्ट गई है। उन्होंने प्रत्येक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य और अध्यापकों के घर सोलर पैनल लगवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा जो अध्यापक यहां स्थाई निवासी हैं उन्हें सोलर पैनल लगवाना पड़ेगा। एक सप्ताह में घर पर लगाकर फोटो, रजिस्ट्रेशन की कॉपी कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए कहा। मीटिंग में एडीआईओएस शतानंद शर्मा भी मौजूद रहे।

### रेलवे ने यात्रियों को दी सुविधा, योजना के अनुसार 826 रुपये देना होगा मासिक भुगतान

# किस्तों पर करें गौरव विशेष ट्रेन से 7 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन

आस्था व पर्यटन का संगम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- 30 से 11 जुलाई तब चलेगी 12 दिवसीय यात्रा, तीन श्रेणियों में बुकिंग शुरू

**अमृत विचार :** आस्था और पर्यटन को एक साथ जोड़ते हुए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिए भारत गौरव विशेष ट्रेन 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा का संचालन करने की घोषणा की है।

यह धार्मिक यात्रा 30 जून 2025 से शुरू होकर 11 जुलाई 2025 तक चलेगी। कुल 12 दिन और 11 रातों की इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु प्रमुख सात ज्योतिर्लिंगों के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत गौरव ट्रेन से गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, ओरई, झांसी और ललितपुर से यात्रियों को चढ़ने और उतरने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस ट्रेन में अलग-अलग श्रेणी शामिल है।

इसके अलावा कम आय वर्ग के यात्रियों को ध्यान में रखते हुए आईआरसीटीसी ने मात्र 826 प्रतिमाह की आसान ईएमआई की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। इस ट्रेन की बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। इस यात्रा पर (लीव ट्रैवल कंसेशन) की सुविधा भी मान्य होगी। ऑनलाइन बुकिंग के लिए www.irctctourism.com पर जाएं या आईआरसीटीसी कार्यालय, पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद, बरेली या अन्य जिलों से जाने वाले यात्री इस ट्रेन में लखनऊ से बैठ सकते हैं।

### ये तीर्थ स्थल हैं शामिल

योजना के तहत महाकालेश्वर (उज्जैन), ओंकारेश्वर, द्वारिकाधीश मंदिर, नागेश्वर, सोमनाथ, त्र्यंबकेश्वर (नासिक), भीमाशंकर और घृष्णेश्वर (औरंगाबाद) के दर्शन कराए जाएंगे। साथ ही पंचवटी, कालाराम मंदिर, सिग्नेचर ब्रिज, भेटद्वारका और अन्य स्थानीय स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

### पैकेज श्रेणियां एवं मूल्य

- कंफर्ट श्रेणी (53,260 प्रति व्यक्ति) डीलक्स होटलों में एसी कमरों में रात्रि विश्राम, शाकाहारी नाश्ता, दोपहर और रात्रि भोजन, स्थानीय भ्रमण हेतु एसी बस की सुविधा।
- स्टैंडर्ड श्रेणी (40,000 प्रति व्यक्ति) बजट एसी होटलों में रात्रि विश्राम, नाश्ता, दोपहर एवं रात का शाकाहारी भोजन, नॉन-एसी बसों द्वारा भ्रमण।
- स्लीपर श्रेणी (23,500 प्रति व्यक्ति) नॉन-एसी बजट होटलों में शेयरिंग में रात्रि विश्राम, वाश एंड चेंज की सुविधा, शाकाहारी भोजन व नॉन-एसी बस द्वारा भ्रमण।

# पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा की भूख हड़ताल

### जिला अस्पताल में कर्मचारी-शिक्षक मोर्चा के बैनर तले कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मांगों को लेकर भूख हड़ताल करते विभिन्न विभागों के कर्मचारी। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से भेजा

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में मंगलवार को कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर जिला अस्पताल में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सत्याग्रह करते हुए भूख हड़ताल किया। डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा गया।

जिला चिकित्सालय में कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संदीप बडोला ने कहा कि 8 वर्ष से भाजपा एनडीए की सरकार प्रदेश में है। लेकिन मुख्यमंत्री ने एक बार भी कर्मचारियों-शिक्षकों की मांगों पर बैठक नहीं की। जिससे कई महत्वपूर्ण मामले लंबित हैं। मुख्य सचिव स्तर पर भी 18 नवंबर 2024 को बैठक हुई थी। लेकिन उसमें लिए गए निर्णय की जानकारी का आदेश जारी नहीं किया गया। इससे कर्मचारी शिक्षक आक्रोशित हैं।

हेमंत चौधरी ने कहा कि आगामी चुनावों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। सातवें वेतन आयोग और संवर्गों का पुनर्गठन, सेवा नियमावलियां, वेतन विसंगतियां, आउटसोर्स कर्मचारी की सेवा सुरक्षा न्यूनतम वेतन, रिक्त पदों पर नियुक्तियों में वरीयता, रोडवेज सहित सभी राजकीय निगमों, विकास प्राधिकरणों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की मांगों, शिक्षकों की मांगों पर सार्थक निर्णय नहीं हो पा रहे हैं।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि उनकी प्रमुख मांगें पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 7वें वेतन आयोग के संस्तुतियों के बाद विसंगतियां दूर करते हुए वेतन समिति की रिपोर्ट को प्रकाशित कर उसका पूर्ण लाभ प्रदेश के राज्य कर्मचारी, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक निगम, परिवहन निगम, प्राधिकरण, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर एवं स्वयं सेवी संस्थाओं आदि के कर्मचारियों पर सामान्य रूप से लागू किया जाय। प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारियों को समय से वेतन/भत्ते/पेंशन आदि दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा 01 जनवरी 2020 से दिनांक 31 जुलाई 2021 तक फ्रीज महंगाई भत्ते का एरियर भी अनुमन्य किया जाए। परिवार नियोजन, सीसीए सहित बंद अन्य समस्त भत्ते सरकार बहाल करे। सत्याग्रह में निश्चल भटनागर, पाकेश गुप्ता, पूनम मैसी, प्रतिमा, अशोक शर्मा, अजीजुर रहीम, इमाम अजीज, त्रिवेन्द्र चौहान, अमित चौहान, सुशील,उमा, सुनील, चंद्रशेखर शर्मा, दीपक आदि उपस्थित रहे।

### सचिवालय प्रवेश पत्र न बनने से संवाद बंद

विकास प्राधिकरण मुरादाबाद कर्मचारी नेता संजय सत्संगी ने कहा कि संगठनों के सचिवालय प्रवेश पत्र न बनने से संवाद बंद हो गया है। मुख्य सचिव के आदेश के बावजूद मोर्चा के पदाधिकारी के प्रवेश पास नहीं बन पाए हैं। सरकार कर्मचारी शिक्षक संगठनों को समाप्त करने का कार्य कर रही है।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा ने विद्युत मूल्य में वृद्धि एवं बिजली का निजीकरण किए जाने के खिलाफ मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन के माध्यम से बिजली का निजीकरण न किए जाने एवं विद्युत आपूर्ति में सुधार लाए जाने की मांग की। जिसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम मनी अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर एकत्र हुए जहां बिजली विभाग के निजीकरण करने और खराब बिजली व्यवस्था के विरोध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बिजली की व्यवस्था में सुधार न होने और मूल्य वृद्धि पर रोक न लगने की दशा में आंदोलन करने की चेतावनी दी। प्रदर्शनकारियों में रमेश कुमार, अजीत सिंह, दिनेश चौहान, चौ. हरकेश आदि शामिल रहे।

## श्रीराम की भक्ति का आनंद सर्वोच्च है

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवीन नगर के प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित सुंदरकांड में कथा व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने कहा कि भगवान श्रीराम के संबंध से जो आनंद मिलता है, वह शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध के प्राकृत सुख से विलक्षण होता है।

सुंदरकांड में हनुमानजी ने लंकिनी पर मुष्टि प्रहार किया, लंकिनी के मुंह से खून बहने लगा, लेकिन उस चोट से लंकिनी को कुछ भी पीड़ा न होकर अत्यंत आनंद का अनुभव हुआ। उसके विश्वास के कारण भक्त के क्षण-मात्र के स्पर्श से वह मुक्त हो गई। महापुरुषों की प्राप्ति के बाद हमें अपने कल्याण में शंका नहीं रखनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जो मनुष्य कभी भी नकली वेष नहीं बनाता, पराक्रम की डींग नहीं हांकता, कटुवचन नहीं बोलता वही मनुष्य सबका प्यारा होता है। कटुभाषी और अहंकारी से लोग घृणा ही करते हैं। इस दौरान रेणु चावला, राजू चावला, साहिल चावला, सोनाली सरोज, प्रभा बब्बर, कुसुम उत्तरेजा, आशा भूटानी, नीलम कौशिक, शुभ्रा शर्मा, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, किरन प्रजापति , सारिका अग्रवाल, सुनीता भंडूला, राजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# टेबल टेनिस:अंडर-11 के बालक वर्ग में जीते कविश



मनोरंजन सदन में टेबिल टेनिस टूर्नामेंट का आंरभ करते डीआरएम राजकुमार सिंह।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मनोरंजन सदन में दो दिवसीय जिला स्तरीय टूर्नामेंट शुरू

**अमृत विचार :** रेलवे मनोरंजन सदन में मंगलवार को जिला टेबिल टेनिस संघ की ओर से दो दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का आरंभ डीआरएम राजकुमार सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल जगत में अंतराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाने के लिए प्रेरित किया। पहले दिन सात मैच खेले गए। अंडर-11 के बालक वर्ग में कविश गोयल विजेता और विहान अग्रवाल उपविजेता रहे।

अंडर-11 के बालिका वर्ग में लक्षिता विजेता रहीं और नित्या सैनी उपविजेता बनी। अंडर-13 के बालक वर्ग में विराट गुप्ता ने यशवंत को 3-2 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, अर्नव मदान ने कविश गोयल को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-15 के बालिका वर्ग में अद्वैता गौतम विजेता और कनिष्का उपविजेता बनीं।

महिला वर्ग में मान्या अहूजा विजेता रहीं। उपविजेता भव्या वाधवा बनीं। अंडर-17 के बालक वर्ग में मोहम्मद नोमान विजेता और विख्यात कत्याल उपविजेता रहे। 50 से अधिक उम्र के वर्ग में राजेंद्र शर्मा विजेता बने और नीरज उपविजेता चुने गए। जिला टेबिल टेनिस संघ के सचिव योगेंद्र गौतम ने बताया कि फाइनल मैच बुधवार को खेला जाएगा। इस मौके पर सचिन कुमार, चेतन तनेजा, विपिन जेटली, उपेंद्र अग्रवाल, नीरज आदि रहे।

## प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की आज जानकारी देंगे कुलपति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केजीके पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील चौधरी ने बताया कि गुरु जंभेश्वर विवि में विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम देर से घोषित होने व अन्य कारणों से जो विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 20 जून तक नहीं करा पाए थे। उनके लिए रजिस्ट्रेशन तिथि बढ़ाकर 25 जून कर दी गई थी। जिसके बाद अब विवि के कुलपति सचिन माहेश्वरी केजीके पीजी महाविद्यालय में बुधवार को प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश के संबंध में जानकारी देंगे।




# एसपी सिटी ने किया खेलो क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन



उद्घाटन करने के बाद बल्लेबाजी करते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रामपुर रोड स्थित एकता विहार में अलका गार्डन के पास बनाए गए खेलो क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन मंगलवार की शाम किया गया। मुख्य अतिथि एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, विशिष्ट अतिथि एआईएमआईएम के महानगर अध्यक्ष वकी रशीद और नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली रहे।

मंगलवार को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने फीता काटकर ग्राउंड का उद्घाटन किया। अतिथियों ने खुद भी मैदान में क्रिकेट खेलकर युवाओं को संदेश दिया कि कामकाज के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का आवश्यक हिस्सा होना चाहिए। यह शरीर और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी होता है।

महानगर अध्यक्ष वकी रशीद ने बताया कियहां डे और नाइट दोनों समय क्रिकेट खेला जा सकता है। आयोजनकर्ता फराज अहमद जाफरी ने बताया कि खेलो क्रिकेट ग्राउंड को विशेष रूप से युवाओं के लिए सुलभ बनाया गया है। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली, मोहम्मद आदिल, रहमान, मोहम्मद दानिश मोनिश आदि मौजूद रहे।

# परख सर्वे में जिले का स्तर औसत से अधिक

कार्यालय संवाददाता ,मुरादाबाद



अभिनव प्रयोग में नवाचार करने वाले शिक्षकों के साथ बीएसए विमलेश कुमार।

- बीएसए ने सराहा शिक्षकों का प्रयास, कार्यशाला में शिक्षकों ने दी नवाचार की जानकारी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास खंड के अंतर्गत पाकबड़ा के निजी बैंक्वेट हाल में मंगलवार को अध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्षता बीएसए विमलेश कुमार ने की। शिक्षकों ने अभिनव प्रयोग में किए नवाचारों की जानकारी दी।

जुलिंस चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अलावा होली, दिवाली, ईद, क्रिसमस समेत अन्य त्योहारों को ऐसे मनाना जो किसी भी विद्यालय या सामान्य से बिल्कुल ही अलग है। यह जरूरी पहल अभिभावकों के मन में निजी और सरकारी स्कूल के अंतर को खत्म करने के लिए की गई है।

राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सरिता चौहान ने एनजीओ के माध्यम से विद्यालय में शैक्षिक सपोर्ट के लिए कराए कार्य और बच्चों को व्यावहारिक तरीके से समझाने के लिए शैक्षिक तकनीकी प्रयोगों के बारे में बताया। शिक्षिका वंदना ने बताया कि उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से लगातार संपर्क कर बच्चों के ठहराव को सुनिश्चित करने का प्रयास किया। बच्चों के माता-पिता को सम्मानित किया। ऋचा जैन, नीतू चाहल ने अपने प्रयासों की जानकारी दी। इंदु भारती ने बताया कि उन्होंने विद्यालय में एक सहायता बैंक विकसित किया है जो गरीब बच्चों की शैक्षिक जरूरत को पूरा करता है। खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश सिंह गोयल ने उपस्थित सभी शिक्षकों को ऐसे ही अभिनव प्रयास करते रहने और नए नवाचार को अपनाने का आह्वान किया।कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे बीएसए ने परख आधारित एनएएस के सर्वे में जनपद का स्तर राष्ट्रीय, राज्य के औसत से अधिक प्राप्त करने के लिए शिक्षकों की सराहना की। संचालन पवन वशिष्ठ एवं सचिन शुक्ला ने किया। इसमें प्रधानाध्यापक अनिल शर्मा, गिरिराज सिंह, वरिष्ठ लिपिक गौरव भटनागर, कार्यालय सहायक याहया आजम, वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

तैयारी | जन सामान्य को मिलेगी संविधान निर्माण व उसके प्रावधानों की जानकारी

# लोकसभा अध्यक्ष आज करेंगे संविधान साहित्य पार्क का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




उद्घाटन के लिए तैयार संविधान साहित्य वाटिका। ● अमृत विचार

- बुद्धि विहार फेज दो में दो एकड़ भूमि पर कराया गया है निर्माण

**अमृत विचार :** महानगर वासियों को आज देश के प्रथम संविधान साहित्य पार्क की सौगात मिल जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार की शाम बुद्धि विहार में स्थापित संविधान साहित्य पार्क का लोकार्पण करेंगे।

बुद्धि विहार फेज दो में दो एकड़ भूमि पर नगर निगम संविधान साहित्य पार्क का निर्माण कराया है। इस पार्क में संविधान निर्माण में भूमिका निभाने वाले सभी प्रमुख हस्तियों के अलावा उसके निर्माण की जटिल प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्रदर्शित की गई है। संविधान की प्रस्तावना लिखित रुप से टंकित की गई है। पार्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर की विशालकाय प्रतिमा लगी है। जो लोगों को भारतीय संविधान के महत्व व उसके प्रावधानों के पालन के प्रति प्रेरित कर रहे हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार की शाम को बुद्धि विहार में बने संविधान पार्क का लोकार्पण करेंगे।

इस दौरान महापौर के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व जिलाधिकारी, नगर आयुक्त आदि मौजूद रहेंगे। महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि संविधान साहित्य पार्क महानगर की नहीं प्रदेश व देश के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इसके माध्यम से लोगों को संविधान निर्माण की प्रक्रिया, इसके संवैधानिक मूल्यों का ज्ञान मिलेगा।

### इनके लोकार्पण का अभी करना होगा इंतजार

नगर निगम ने महानगर में धार्मिक, ऐतिहासिक कई परियोजनाओं के साथ ही मनोरंजन का भी अवसर लोगों को दे रही है। इसमें बुद्धि विहार में हनुमान वाटिका, कंपनी बाग में फाइव डी मोशन थिएटर, 3 डी होलोग्राफिक प्रोजेक्शन के अलावा वाटर स्पंदन पार्क में रंगबिरंगी किरणों के बीच म्यूजिकल बोटिंग का आनंद मिलेगा। लेकिन इसके उद्घाटन के लिए किसी माननीय का कार्यक्रम फाइनल न होने से लोगों को अभी इंतजार करना पड़ेगा। हालांकि पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, फिर प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के हाथों इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लोकार्पण की तैयारी चल रही थी। लेकिन इनका कार्यक्रम फाइनल नहीं हो पाया। ऐसे में लोगों को करोड़ों रुपये की इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

**आज का मौसम**

बादलों के बीच हल्की बारिश होने का अनुमान।

33.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:18 | सूर्यास्त 07:17

## एक नजर

### भाजपा की प्रदर्शनी में दिखेगी आपातकाल की घटनाएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** देश में आपातकाल (काला दिवस) के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की ओर से प्रदर्शनी और आपातकाल काला दिवस संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी व संगोष्ठी में 25 जून 1975 के दिन आपातकाल लागू होने के बाद देश के नागरिकों पर किए जुल्म व उनके संवैधानिक अधिकारों के हनन पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्र सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद और भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा प्रकाश डालेंगे। पार्टी के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा किया जाएगा। इसके बाद आपातकाल काला दिवस संगोष्ठी दिल्ली रोड स्थित होटल में होगी।

### 10 लाख के लिए तोड़ा रिश्ता एसएसपी से शिकायत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र के कांशीराम नगर निवासी एक व्यक्ति ने एसएसपी सतपाल अंतिल को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसने बेटी का रिश्ता गांव खदाना निवासी युवक के साथ तय किया था। कुछ समय बाद वह शादी की तारीख तय करने लड़के के घर गया तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। 10 लाख नगद व एक कार की मांग की। जब उसने असमर्थता जताई तो आरोपी पक्ष ने रिश्ता तोड़ने की बात कही। इस घटनाक्रम से बेटी मानसिक रूप से आहत है। पीड़ित ने खुद को गरीब मजदूर बताया है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### गर्भवती को पीटा

**भोजपुर, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में मोहम्मद मन्नान ने बताया कि मंगलवार को वह दुकान पर था। भाई अकबर पत्नी निशा फात्मा और बेटी को लेकर घर में घुसकर गालियां देने लगा। सात महीने की गर्भवती पत्नी सोनम ने बाहर जाने को कहा तो अकबर अली ने पेट में लात मार दी।

### जनता दर्शन के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली थी बच्ची

# न चाहकर भी सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल को लेना पड़ा वाची का एडमिशन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आम से खास हुई वाची का एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के प्रबंधन को न चाह कर भी लेना पड़ा। हकीकत यह कि वाची के पिता मुख्यमंत्री से न मिलते तो यहां एडमिशन कराने वाला कोई नहीं था।

डीएम और बीएसए समझाकर वक्त निकालने की कोशिश में थे। मुख्यमंत्री के पास जाने के बाद अधिकारियों ने उसे फोन कर एडमिशन होने की जानकारी दी। पिता अमित कुमार और मां प्राची जिलाधिकारी के कहने पर मंगलवार की सुबह 11 बजे वाची को लेकर सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पहुंचे। जहां एडमिशन से संबंधित बाकी प्रक्रिया पूरी कराई गई। जिसके बाद वाची के वहां पढ़ने लिए प्रवेश होने पर लगा मानों सपने को पंख लग गए हों। वाची ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री से अपने एडमिशन की गुहार लगाई थी।

### नियमों की अनदेखी से लड़कर सफलता मिलने की दिखी खुशी

मंगलवार सुबह वाची को लेकर सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पहुंचे अमित के चेहरे पर एडमिशन की खुशी के साथ नियमों की अनदेखी से लड़कर सफलता मिलने की थी। वाची के पिता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पल भर में एडमिशन होने का आदेश दिया तो लगा कि अब उनकी बच्ची का भविष्य संवर जाएगा।

- अधिकारी समझाकर वक्त निकालने का कर रहे थे प्रयास
- सोमवार को फोन कर दी एडमिशन होने की जानकारी

### डीएम बोले बधाई हो... बेटी का एडमिशन हो गया

वाची के पिता अमित कुमार ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री के जनता दरबार से निकलने के साथ ही डीएम अनुज सिंह ने फोन कर पूछा कहां हो बधाई हो, आपकी बच्ची का एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में ही हो गया है। मैंने बताया कि मैं बच्ची के साथ लखनऊ से लौट रहा हूं। उन्होंने कहा कि स्कूल चले जाना। उसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने कई बार फोन कर जानकारी ली।

### स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य कर रहे थे इंतजार

सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में अपनी बच्ची का एडमिशन कराने की इच्छा रखने वाले अमित का मुख्यमंत्री के पास पहुंचने के बाद स्कूल में आने को लेकर स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य दोनों इंतजार कर रहे थे।



स्कूल के बाहर अमित कुमार, मां प्राची व बहन के साथ वाची। • अमृत विचार

### आरटीई के तहत आवंटित 1098 बच्चों का अब तक नहीं हो पाया एडमिशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिक्षा अधिकार अधिनियम के जिले पर बनाई गई कमेटी के द्वारा महानगर के 297 स्कूलों में 5712 बच्चों का एडमिशन कराया जाना था। बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि 4614 बच्चों का एडमिशन हो चुका है। जिसमें 1098 बच्चों के प्रमाण पत्र व अन्य प्रपत्रों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच में प्रपत्र सहित पाए जाने के बाद यदि कोई विद्यालय आरटीई के तहत आवंटित हुए स्कूल में बच्चे का एडमिशन नहीं लेता है तो उसके खिलाफ कमेटी गठित कर मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों में कल से खंड शिक्षा अधिकारी आरटीई के बच्चों की सूची से होने वाले एडमिशन की जांच करेंगे। अभिभावकों से बात कर एडमिशन की पुष्टि करेंगे। गड़बड़ी मिली तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# डॉक्टर की कुर्सी खाली... इंटर्न देख रहे मरीज

## जिला अस्पताल में इलाज राम भरोसे, चिकित्साधिकारी मौन, चेतावनी देने तक ही हो रही कार्रवाई

**आंखों देखा हाल**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का दंभ भर रही है, लेकिन तंत्र ही उसके दंभ को बेदम कर रहा है। डॉक्टर कुर्सियों से गायब रहते हैं और इंटर्न ओपीडी संभालते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की इस बदहाली पर अफसर खामोश हैं। जिला अस्पताल में मरीजों का उपचार राम भरोसे है।

जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेजों से छात्र-छात्राएं इंटर्नशिप के लिए आते हैं। चिकित्सक, फार्मासिस्ट, नर्स और एएनएम उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का प्रशिक्षण देते हैं, लेकिन अस्पताल में कई छात्र ऐसे हैं, जिनकी इंटर्नशिप समाप्त हुए साल भर से ज्यादा समय बीत गया है और वह अस्पताल में बैठकर ओपीडी कर रहे हैं। डॉक्टर उनके हवाले ही ओपीडी छोड़कर गायब हो जाते हैं। यह स्थिति मंगलवार को जिला अस्पताल में रही। फिजिशियन के कक्ष में डॉक्टर की कुर्सी पड़ी थी। दो इंटर्न ही मौजूद थे, जिसमें एक मरीज की दिक्कत सुन रहा था तो दूसरा दवा का पर्चा लिख रहा था। त्वचा रोग की ओपीडी में भी यही स्थिति दिखी। यहां भी केजीके कॉलेज के दो इंटर्न डॉक्टर बैठे थे। डॉक्टर की कुर्सी खाली थी। इंटर्न ही मरीज को देखकर दवा लिख रहे थे।



जिला अस्पताल की ओपीडी में दवाई के लिए लाइन में लगे लोग। • अमृत विचार

- बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के प्रयास को विभाग कर रहा बेदम

> उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो इसकी जांच कराई जाएगी।
> -डॉ. राजेंद्र कुमार, सीएमएस



फिजिशियन कक्ष में इंटर्न देख रहे मरीज, डॉक्टर की कुर्सी खाली।



त्वचा रोग की ओपीडी में इंटर्न देख रहे मरीज।

### फार्मासिस्ट मस्त मरीज को कौन सी दवा दी पता ही नहीं

डिस्पेंसरी में फार्मासिस्ट अपनी कुर्सी पर बैठे फोन चलाने में मस्त थे। वहीं, चार इंटर्न फार्मासिस्ट मरीजों को दवा वितरण का कार्य कर रहे थे। इंटर्न मरीजों को क्या दवा दे रहे हैं, फार्मासिस्ट ने यह देखना भी जरूरी नहीं समझा। न ही इंटर्न ने फार्मासिस्ट को वह क्या दवा दे रहे हैं इसकी जानकारी दी। सब कुछ राम भरोसे था।





जिला अस्पताल के सामने मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर आतीं महिलाएं।

### पर्चा दो रुपये का लेकिन दवाएं कर रही जेब ढीली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में डॉक्टरों को दिखाने के लिए पर्चा भले ही दो रुपये का बन रहा हो, लेकिन दवाएं बाहर की लिखने की वजह से मरीजों की जेब ढीली हो रही है। ओपीडी से लेकर इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को बाहर की महंगी दवाएं और इंजेक्शन लिखी जा रही है। मजबूरी में मरीजों को मेडिकल स्टोरों से दवाइयां लेनी पड़ रही हैं। इससे उनकी निःशुल्क इलाज की आस टूट रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन डेढ़ हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। मंगलवार को भी अस्पताल में 1800 से अधिक की ओपीडी रही। इनमें से बड़ी संख्या में मरीज उल्टी, दस्त, खांसी, जुकाम के साथ ही त्वचा संबंधी रहे। मरीजों ने लाइनों में लगने के बाद पर्चा तो एक रुपये में बनवा लिया था, लेकिन डॉक्टर को दिखाने पर उन्हें दो दवाएं अस्पताल की तो एक दवा बाहर की लिख दी गई। डॉक्टर इन दवाओं को लिखने के लिए पर्चे के पीछे के हिस्से का या अलग से छोटी पर्ची का उपयोग करते हैं, ताकि उनका कोई रिकार्ड न रहे। मंगलवार को लाकड़ी से आई एक महिला ने बताया कि बेटे राजकुमार के कई दिनों से पेट में दर्द हो रहा है, डॉक्टर ने बेटे को जल्दी सही होने की बात कहकर इंजेक्शन व कुछ दवाएं बाहर की लिखी हैं। जो खरीदी हैं। गुइयाबाग से आई चमन बी ने बताया कि उन्हें डिप्रेशन की दिक्कत है। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने पर्चे पर दवाएं लिखीं। कुछ दवाएं पर्चे के पीछे लिखी थीं, जिसे बाहर से लेने के लिए कहा था। सीएमएस डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि जिला अस्पताल में पर्याप्त दवाएं हैं। बाहर की दवाओं के लिखने पर सख्त मनाही है। यदि कोई डॉक्टर लिख रहा है तो मरीज उसकी शिकायत तुरंत मुझसे करें। इसके लिए डॉक्टरों को भी सख्त निर्देश दिए जाएंगे।

# कांवड़ यात्रा: सड़कों पर उतरेंगे बिजली विभाग के अधिकारी

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- बिजली के खंभों पर सात फीट तक लगेगी पॉलीथिन
- खुले में रखे ट्रांसफार्मर की बांस बल्लियों से होगी बैरिकेडिंग

**अमृत विचार :** सावन मास से पहले बिजली विभाग ने कांवड़ियों के पथ से खतरा हटाने के लिए कमर कस ली है। अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। कांवड़ियों की सुरक्षा में विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को फौज सड़कों पर उतरेगी।

अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार ने बताया 11 जुलाई से सावन महीना आरंभ हो जाएगा। इससे पहले बिजली विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली रोड से ब्रजघाट से कांवड़ यात्रा पर जाने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए सोमवार को गजरौला तक हाईवे का भ्रमण किया। मंगलवार को हरिद्वार से कांवड़ लाने यात्रियों की सुरक्षा के लिए बिजनौर जिले की सीमा तक भ्रमण किया। खुले में रखे ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग, जर्जर तार बदलने का कार्य किया जाएगा। दिल्ली से रोड से गजरौला तक के हाईवे पर सड़क किनारे लगे पोल और कांवड़ियों के लिए लगने वाले टेंट में बिजली आपूर्ति व्यवस्था कराएंगे। कांठ रोड से हरिद्वार मार्ग पर बिजनौर जिले की सीमा तक संबंधित अधिशासी अभियंताओं को अपने क्षेत्र में भ्रमण कर मंदिरों के पास सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों पर जमीन से सात फीट ऊंची पॉलीथिन बांधी जाएगी। रास्ते में पड़ने वाले खुले ट्रांसफार्मरों की लकड़ी और बांस बल्लियों से बैरिकेडिंग की जाएगी। सड़क क्रॉस कर रहे एलटी और हाईटेंशन लाइन के तारों को भी ऊंचा किया जाएगा।

# भाजपा सरकार में असुरक्षित महसूस कर रहीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस समाजवादी पार्टी के जिला व महानगर कार्यालय पर मंगलवार को मनाया गया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण श्रद्धांजलि दी। जिला कार्यालय पर पार्टी के पदाधिकारियों ने महारानी दुर्गावती के जीवन इतिहास पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

जिला कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश में सपा उनके बलिदान दिवस को हर जिले में मना रही है। भाजपा शासन में महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गुजरात, पश्चिम बंगाल, पंजाब, केरल के विधानसभा उप चुनावों में 80 प्रतिशत सीटों पर इंडिया गठबंधन से संबद्ध दलों की जीत बता रही है जबकि भाजपा अंतिम दौर में है। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों और विचारों पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में नाजिम अली, लाखन सिंह सैनी, डॉ. सुरेंद्र सिंह, बीके सैनी, धर्मेंद्र यादव, वेद प्रकाश सैनी, सुनीता, आदित्य चौधरी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, नरेश शर्मा, लुकमान खान, सुरेंद्र शर्मा, बालकिशन शर्मा, संजीव दिवाकर, जिगरी मलिक मौजूद रहे।




महारानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी।

- सपाइयों ने महारानी दुर्गावती के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

### वीरांगना के बलिदान दिवस पर किया नमन

मकबरा स्थित महानगर कार्यालय पर वीरांगना का बलिदान दिवस मनाया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा कि वीरांगना महारानी दुर्गावती एक बहादुर शासक थी। अपने कई धार्मिक एवं सेवा कार्य से समाज को लाभान्वित करने वाली थी। उनके जीवन आदर्श से आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके आदर्शों और विचारों पर चलने का संकल्प लिया। सभा का संचालन नगर विधानसभा अध्यक्ष कमरूज्जमा सैफी ने किया। इस दौरान खुर्शीद अहमद, मोहम्मद तारिक, जमीर अहमद, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद नईम, दाऊद अंसारी, मो.अजीम, जुनैद, असलम खान, मसरूर खान आमिर, आशू खान, मो.फरमान आदि मौजूद रहे।

# युवती से सामूहिक दुष्कर्म, हत्या की कोशिश व लूट में पांच पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मोहल्ला का ही युवक महीनों से कर रहा था पीछा, पूर्व में दर्ज हो चुका है मुकदमा

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ सामूहिक रेप, हत्या के प्रयास व लूट का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला की क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां के अनुसार मोहल्ले का ही एक युवक कई महीनों से उसकी बेटी का पीछा कर रहा था। दोस्ती का झांसा देकर नशीला पदार्थ पिला दुष्कर्म किया और फिर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। 2022 में अपहरण कर निकाह का दबाव बनाया गया, पूर्व में भी मुकदमा दर्ज हुआ था। युवती ने हैदराबाद के एक सैलून में काम शुरू किया। आरोपी ने वहां भी मारपीट की। बेटी को दिल्ली भेजा तो आरोपी उसे दरगाह ले जाने के बहाने साथ ले गया, जहां एक कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। अगले दिन पंडित नगला स्थित एक रिश्तेदार के घर ले गया, जहां युवक के चाचा और मामा ने भी गैंगरेप किया। चार दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। 7 जून को आरोपियों ने पीड़िता को मारने की कोशिश की, लेकिन शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग आ गए। आरोपियों ने जाते समय युवती के पास मौजूद नगदी और सोने-चांदी के जेवरात भी लूट लिए और जान से मारने की धमकी दी।

थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**कांवड़ यात्रा की तैयारी** | मंडलायुक्त ने की सीएम डैशबोर्ड के अनुसार योजनाओं की प्रगति की मंडलीय समीक्षा

# खुले में न हों ट्रांसफार्मर, जर्जर मार्ग किए जाएं दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गो आश्रय स्थलों में भी बरतें सतर्कता, नामित नोडल अधिकारी करेंगे व्यवस्थाओं का सत्यापन

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने विकास कार्यों में शिथिलता छोड़कर प्रगति में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। आगामी कांवड़ यात्रा को देखते हुए सभी तैयारियां पूरी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कावड़ यात्रा के लिए निर्धारित मार्ग पर कोई भी ट्रांसफार्मर खुले में न रखा हो। जो मार्ग कावड़ यात्रा के लिए निर्धारित हैं उसे ठीक करा लें।

मंडलायुक्त ने कहा कि ग्राम पंचायतों की सार्वजनिक संपत्तियों के रखरखाव के लिए उनका संपत्ति रजिस्टर व्यवस्थित होना चाहिए। 15 दिन में हर ग्राम पंचायत का संपत्ति रजिस्टर तैयार कराने का निर्देश दिया। जिससे उस संपत्ति रजिस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत के अवैध कब्जे खाली कराकर सार्वजनिक जमीनों को ग्राम पंचायत के उपयोग में लाया जा सके।

उन्होंने कहा कि सभी जिलों में रजवाहे और टेलों को अभियान चलाकर अवैध कब्जे से मुक्त कराएं। बरसात के दौरान बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए सभी प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सेतु का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, विद्युत आपूर्ति, पीएम फसल बीमा योजना, खेत तालाब योजना, जल संरक्षण के साथ ही महत्वपूर्ण अन्य योजनाओं की समीक्षा हुई। नदियों के पुनरुद्धार के लिए चल रहे कार्यों पर संतोष जताया। कहा कि नदियों के तटों पर मियावाकी पद्धति से पौधे लगाए जाएं। अंत्योदय कार्ड धारकों की पात्रता के सत्यापन का निर्देश दिया।

### कार्यस्थल पर महिला शौचालयों की हो बेहतर स्थिति

मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वह सुनिश्चत कराएं कि हर कार्यस्थल पर महिला शौचालयों की स्थिति बेहतर हो। जिलाधिकारियों को विशेष रूप से इस पर ध्यान देने के लिए कहा। साथ ही हाईवे के किनारे संचालित पेट्रोल पंपों पर महिला शौचालय और स्वच्छता से जुड़ी सुविधाओं का समय समय पर निरीक्षण कर सुनिश्चित कराने के लिए कहा। संभल में ग्राम पंचायत बिजुआ नगला में सामुदायिक शौचालय की खराब स्थिति के बाद भी जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण न करने पर नाराजगी जताई। दोबारा लापरवाही होने पर शासन को सख्त कार्रवाई के लिए पत्र भेजने की चेतावनी दी।

### गोआश्रय स्थलों पर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

मंडलायुक्त ने सभी जिलों में संचालित गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाओं का सत्यापन करने के लिए नोडल अधिकारी नामित कर इन गोआश्रय स्थलों में सेवा करने वालों के लिए सतर्कता मानक निर्धारित कराने पर जोर दिया। बारिश के दौरान गोवंश में बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए प्रबंध करने और गो आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्देश दिया।

### कीटनाशकों की बिक्री में गुणवत्ता के लिए करें छापेमारी

मंडलायुक्त ने कहा कि जिलों में अधिकारी बीज और कीटनाशक रसायनों की गुणवत्ता में गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए बिक्री केंद्रों पर टीम बनाकर औचक छापेमारी करें।

# अगले महीने होनी थी शादी, जेवरात व नगदी लेकर युवती लापता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में शादी से एक महीने पहले युवती नगदी लेकर लापता हो गई।

कटघर क्षेत्र की बरबारा मझरा सिद्दीकी कॉलोनी निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 22 वर्षीय बहन की मंगनी हो चुकी थी और जुलाई में शादी है। 22 जून की सुबह बहन पड़ोसी आजम के साथ लापता हो गई। परिजन जागे तो युवती के गायब होने की जानकारी मिली। जब आजम के भाई नासिर से संपर्क किया तो उसने आश्वासन दिया, लेकिन बाद में वह भी पत्नी के साथ फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार बहन अपने साथ लगभग 75,000 रुपये नगद, दो सोने के हार, एक हीरे की अंगूठी, एक हीरे की लौंग, एक टीका, एक जोड़ी बालियां और दो चांदी की वस्तुएं ले गई है। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पाकबड़ा स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई बसपा की मंडलीय स्तरीय समीक्षा बैठक

**अमृत विचार:** बसपा के पाकबड़ा स्थित मंडल कार्यालय पर मंगलवार को मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। मुख्य अतिथि नौशाद अली पूर्व सदस्य विधान परिषद /प्रभारी पश्चिमी रहे। उन्होंने मंडल की सभी 27 विधानसभाओं की बैठक में कहा कि जिला पंचायत के अधिक सदस्य जिताने होंगे। तभी 2027 में बसपा की सरकार बनेगी। बहन मायावती को सभी ने पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में पूर्व सांसद व मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल गिरीशचन्द्र, मुख्य सेक्टर प्रभारी जाफर मलिक, सतपाल पीपला, कमल राज, गजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह एडवोकेट, हरिद्वार लाल गौतम, संसार सिंह, धनीराम सिंह, जिला प्रभारी डॉ. सुनील आज़ाद एडवोकेट, शिव शंकर सागर एडवोकेट, जिला संयोजक भाईचारा सतपाल कश्यप, ऋषिपाल सिंह आदि ने बात रखी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह सागर एडवोकेट ने और संचालन चंद्रपाल सिंह सैनी जिला महासचिव ने किया। इस दौरान अमर सिंह, पवन कश्यप, करतार सिंह, विधानसभा सभा प्रभारी मुकेश कुमार, दिनेश पासी, अरुण कुमार रिंटू, राकेश सिंह, राजेश सागर, डॉ. तिलक राज सहित अन्य जिलों के जिलाध्यक्ष/ जिला कमेटी के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।



बसपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि। • अमृत विचार

### पूर्व जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश की पार्टी में हुई वापसी

पूर्व जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश की मंगलवार को बसपा में फिर वापसी हो गई। जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह सागर ने बताया कि नौशाद अली पूर्व सदस्य विधान परिषद /प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्व सांसद व मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल गिरीशचंद्र, मुख्य सेक्टर प्रभारी जाफर मलिक, सतपाल पीपला, जिला प्रभारी आदि की संस्तुति पर पूर्व जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश की पार्टी में वापसी हुई। इसके अलावा विशाल शर्मा लाठे को मुरादाबाद का जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# बिजली निजीकरण के विरोध में किसान

## संयुक्त किसान मोर्चा ने ठाकुरद्वारा तहसील पर किया प्रदर्शन, नारेबाजी




ठाकुरद्वारा में प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● कार्यकर्ताओं ने 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश भर में मंगलवार को किसानों ने बिजली निजीकरण, कृषि संकट और ग्रामीण क्षेत्र की बदहाली के खिलाफ महसील परिसर में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंप मजकर नारेबाजी की। ज्ञापन में बिजली वितरण निगमों का निजीकरण रोकने और पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण को निजी हाथों में सौंपे जाने पर विरोध जताया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली दरों में प्रस्तावित वृद्धि वापस ली जाए और ग्रामीण क्षेत्रों को रियायती दरों पर बिजली देने की मांग की। हर ग्रामीण परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली व ट्यूबवेलों को 18 घंटे मुफ्त बिजली देने, स्मार्ट मीटर योजना रद्द करने, पुराने बकाए माफ, जबरन कनेक्शन काटने पर रोक लगाने और सभी अधिभार हटाने की मांग उठाई। महंगी बिजली की खरीद बंद की जाए और निजी वितरण कंपनियों द्वारा राज्य को हुए घाटे की जांच कर ऑडिट कराई जाए।. सरकारी मंडियों को कारपोरेट के हवाले करने का विरोध किया जाए और पीपीपी मोड की नीति रद्द कर मंडियों में सुविधाएं बढ़ाई जाएं।

साथ ही एमएसपी पर कानून बने और सभी फसलों की सरकारी खरीद की गारंटी की जाए और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू हों। मुक्त कृषि व्यापार संधियों का विरोध किया जाए और अमेरिका, यूरोप आदि से कृषि व दुग्ध उत्पादों का आयात रोकने की मांग की जाने की मांग की है। इस दौरान हरस्वरूप सिंह, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह, जगदीश सिंह, धर्मपाल सिंह, नरेश सिंह, चंद्रपाल सिंह, ओमपाल सिंह, सरोज देवी, चंपा देवी, कमलेश देवी, राजबाला आदि मौजूद रहीं।

### निजी क्षेत्र में जाने से आमजन से दूर हो जाएगी बिजली



**बिलारी, अमृत विचार :** तराई किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने विद्युत दरों को कम करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को दिए ज्ञापन में कहा गया कि लगातार विद्युत दरों में हो रही वृद्धि को भी काम किया जाए। निजी कंपनियां मुनाफा कमाने के लिए रेट बढ़ाती जा रही है। कहा कि जानबूझकर बिजली विभाग को घाटे का तर्क दिया जा रहा है जो बिल्कुल आधार ही है। सरकारी विभागों और बड़े उपभोक्ताओं के बकाए को वसूला जाए। निजी क्षेत्र में जाने से आम आदमी से बिजली दूर हो जाएगी। संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए। जर्जर तार और बदलवा जाएं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष और मोहम्मद खालिद समेत बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सेहत से खिलवाड़: नगर में बिक रहा सिंथेटिक दूध

**ठाकुरदारा, अमृत विचार :** नगर में जगह-जगह सिंथेटिक दूध बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है लेकिन खाद्य सुरक्षा अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं।

इस संबंध में वार्ड 23 के नगर पालिका के सभासद नदीम सिद्दीकी ने एसडीएम प्रीति सिंह को शिकायती पत्र देकर कहा कि नगर में विभिन्न स्थानों पर मारुति वैन से सिंथेटिक दूध खुले आम बेचा जा रहा है। मिलावटी दूध का कारोबार करने वाले लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर धन अर्जित कर रहे हैं। दूध से बीमारियां हो रही है। सभासद का आरोप है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सब कुछ जानकारी है । इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही। सभासद ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सिंथेटिक दूध बेच रहे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

# अंतर्जनपदीय गिरोह के चार शातिर पकड़े लूट की कई वारदातों का किया खुलासा

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के अंतर्गत थाना छजलैट क्षेत्र में हुई चोरी, लूट की वारदातों का खुलासा करते हुए अंतर्जनपदीय गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध तमंचे, कारतूस, नकदी, सोने चांदी के आभूषण, घटनाओं में प्रयुक्त उपकरण बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी कांठ गौरव त्रिपाठी, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल के नेतृत्व में छजलैट थाना पुलिस के उप निरीक्षक वासिफ अहमद, आनंदपाल सिंह, उचित कुमार, गौरव कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम को मंगलवार को सूचना मिली कि स्विमिंग पूल के पास एक मकान में हुई लूट में शामिल लोग किशनपुर की पुलिया के पास है। जो आज फिर ऑटो से कहीं घटना करने की फिराक में कूड़ा मीरपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना पर टीम को एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस ने ऑटो को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश भागने लगे। पुलिस ने बल प्रयोग कर राजेंद्र सिंह पुत्र इंदर सिंह निवासी मौहल्ला सराय फारुख कस्बा अगवानपुर, अमन पुत्र बाबू सिंह उर्फ कुंवर सिंह निवासी ग्राम हिमापर थाना भोजपुर, रईस पुत्र सफीक ग्राम तिगाला थाना डिलारी, नसीम पुत्र सलीम अख्तर निवासी मोहल्ला लंगड़े की पुलिया असलतपुर चारों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में स्विमिंग पूल के पास मकान में घुसकर लूटपाट, फूलपुर मिठनपुर में हुई चोरी, कटघर क्षेत्र में लूट, मूंडा पांडे की चोरी सहित कई वारदाते स्वीकारी। अभियुक्तों के पास से देसी तमंचे, 85000 रुपये, मोबाइल, पैन कार्ड कारतूस, ऑटो, जेवर बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाश के ऊपर जनपद बिजनौर के किरतपुर मुरादाबाद के सिविल लाइन, थाना डिलारी, भोजपुर, कटघर, कोतवाली देहात, हीमपुर सहित कई जगह लगभग दो दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।




चोरी की घटनाओं का खुलासा करती छजलैट पुलिस। ● अमृत विचार

● मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबोचे बदमाश

### तीन दुकानों से जेवर, नगदी व सामान चोरी

**भगतपुर , अमृत विचार :** ग्राम चांदपुर गढ़ी में चोरों ने चार दुकानों को निशाना बनाया। तीन दुकानों से जेवर, नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। चौथी दुकान में चोरी का प्रयास किया हालांकि वहां से कुछ सामान नहीं ले गए। मंगलवार तड़के थाना भगतपुर पुलिस टीम गश्त पर थी। पुलिस की गाड़ी ग्राम चांदपुर गढ़ी के बाजार में पहुंची तो एक दुकान के पास संदिग्ध नजर आए। पुलिस को आता देख वे गांव की तरफ भाग गए। टीम ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया परंतु सफलता नहीं मिली। पुलिसकर्मियों ने दुकानों के पास पहुंचकर ग्रामीणों को जगाया। दुकानदार पहुंचे तो मनोज चौधरी की सर्राफा दुकान से सोने-चांदी के जेवर व नगदी गायब थी। हाजी भूरा की किराना दुकान से नगदी व सामान और योगेश वर्मा की आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकान से भी चोरों ने काफी सामान चोरी कर लिया। हिदायत अली की कॉस्मेटिक की दुकान में चोरों ने चोरी का प्रयास किया परंतु वहां से कोई सामान नहीं ले गए। चोरों ने शटर काटकर घटनाओं को अंजाम दिया। मनोज चौधरी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। सूचना पाकर सीओ ठाकुरद्वारा, विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम एवं डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### साइकिल व डाक के पैकेट चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला फकीर गंज निवासी सुरेश चंद्र पुत्र सुख सिंह कांठ डाकघर में कर्मचारी है। 16 जून को वह डाक वितरण करने के लिए मोहल्ला विशनपुरा गए थे। वहां उनकी साइकिल और डाक के 63 पैकेट अज्ञात चोर ने चुरा लिए थे। थाना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए मो. शोएब पुत्र सफीक अहमद निवासी मोहल्ला चौधरियन कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से डाक के 63 पैकेट बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

### जेब से रुपये व मोबाइल छीनने का आरोप

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम मथाना निवासी हेमंत ने थाना छजलैट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के दो लोग उसे घर से बुलाकर गांव में नहर के पास ले गए। आरोप लगाया कि उक्त दोनों ने जेब से पांच हजार रुपये व मोबाइल निकालकर बाइक की चाबी ले ली। उसने विरोध किया तो मारने पीटने लगे। आरोपी उसका सामान नहीं लौटा रहे है। पीड़ित ने थाना पहुंचकर दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर खोला ढाबा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर निवासी गोविंद पुत्र महेंद्र सिंह मोहल्ला बंजारन ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि पशुपति फैक्ट्री के निकट स्थित नहर के पास ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर उसमें ढाबा संचालित कर दिया है। वहां नशीले पदार्थों व अवैध वसूली का काम संचालित किया जा रहा है। इससे वहां पर दुर्घटनाएं होने की आशंका बढ़ गई है। इसे ध्वस्त कराने की मांग की है।

# नोएडा के निर्यातक समेत 6 पर धोखाधड़ी व छेड़छाड़ की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● फर्म संचालक दंपती से करोड़ों की ठगी, अभद्रता का आरोप

**अमृत विचार:** नोएडा के एक्सपोर्टर समेत छह लोगों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में धोखाधड़ी और छेड़छाड़ में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई डीआईजी के आदेश पर फर्म संचालक की पत्नी की तहरीर पर की है।

थाना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति की हैंडीक्राफ्ट फर्म है। महिला ने बताया कि कुंदरकी के नानपुर निवासी सिराज ने पति की नोएडा स्थित न्यू क्राफ्ट्स मेटल्स के मालिक अमित कौशिक, प्रोडक्शन मैनेजर राघव बंसल से मुलाकात कराई और पति की फर्म को करोड़ों के ऑर्डर देने का झांसा दिया। अमित कौशिक ने सिराज और अभिनय को फर्म से 10-10 पीस सैंपल दिए। इसी बीच आरोपी सिराज, अभिनव, राघव, राजकुमार फर्म से अमित कौशिक के कहने पर सभी एक्सपोर्ट सैंपल के 200-200 पीस ले गए। आरोप है कि 10 नवंबर 2023 को फर्म में चारों आए और एक करोड़ नौ लाख 8 हजार 36 रुपये के ब्रास के आइटम बनवाने का आर्डर देकर चले गए।

पति ने 510285 रुपये 5497203 रुपये के माल की सप्लाई कर दी। जिसके भुगतान को तीन चेक दे दिए। उसी समय एक करोड 74 लाख 90 हजा रुपये का दूसरा आर्डर जल्दी तैयार कर भेजने और बिजनेस में तेजी लाने को कहकर चले गए। पीड़िता के पति ने माल तैयार कर भेज दिया। लेकिन आरोपियों ने चेकों का भुगतान रुकवा दिया। फर्म के मालिक और सिराज से चेकों की पेमेंट रोकने का कारण पूछने पर उन्होंने खाते में धनराशि कम होने का हवाला देकर टाल दिया। सात अप्रैल 2024 ने नोएडा जाकर देखा वहां गेट पर फर्म का नाम बदलकर साइन बोर्ड लगा दिया था। पति को गार्ड ने धक्का मारकर भगा दिया। आरोपी दो करोड़ 83 लाख रुपये की ठगी कर चुके हैं। आरोपी सिराज, अभिनव, राघव बंसल व राजकुमार फर्म में आए और खाना खाने के दौरान उससे छेड़खानी की। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### आईईएमएल पहुंचने पर चेयरमैन ने किया स्वागत



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नीरज खन्ना के ईपीसीएच के चेयरमैन बनने के बाद पहली बार एमएसईए के संरक्षक नजमुल इस्लाम और ईपीसीएच के सीओए व एमएचईए के महासचिव अवधेश अग्रवाल के साथ आईईएमएल पहुंचने पर आईईएमएल के चेयरमैन व ईपीसीएच के मेंटर डॉ. राकेश कुमार ने नीरज खन्ना, नजमुल इस्लाम और अवधेश अग्रवाल का बुके देकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान आईईएमल से सुदीप सरकार व स्टाफ के सभी लोग मौजूद रहे।

### डॉ. काव्य सौरभ के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के निर्वाचन की पुष्टि



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड ने सोमवार को कनाडा में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3100 के नवनिर्वाचित गवर्नर डॉ. काव्य सौरभ रस्तोगी के निर्वाचन की पुष्टि की। इसके बाद मुरादाबाद के भावी एवं निवर्तमान गवर्नरों ने डॉ. काव्य का स्वागत किया। उनके नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के संयुक्त प्रयासों की बात कही। मंगलवार को कांठ रोड स्थित एक होटल में पूर्व गवर्नर सुधीर गुप्ता, पीडीजी नीरज अग्रवाल, राजीव रस्तोगी, सुधीर खन्ना, सीए दीपक बाबू और डीजीई सीए नितिन अग्रवाल ने उन्हें और उनकी पत्नी तृप्ति रस्तोगी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर अनुभा गुप्ता, हेमा रस्तोगी, प्रिती अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

### भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद को दी श्रद्धांजलि



**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को पूर्व मंडल अध्यक्ष कांठ राजपाल सिंह प्रजापति के भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति ने कहा कि जम्मू कश्मीर की समस्या को पहचानने, इसके निस्तारण के लिए डा. मुखर्जी ने आवाज उठाई थी। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुज कुमार विश्नोई जिला महामंत्री किसान मोर्चा, शीशपाल सिंह सैनी मंडल उपाध्यक्ष, हरि सिंह जाटव पूर्व मंडल उपाध्यक्ष, सुनील कुमार चौहान मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, राजेंद्र सिंह सैनी, अर्जुन, विनोद कुमार सैनी, निपेंद्र सिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

### 5500 रुपये लेकर 500 का चालान देने का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा वन विभाग चौकी के निकट ट्रैफिक पुलिस के एक दरोगा ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक पर बैठे पिता-पुत्र को रोक कर बाइक के कागजात चेक किये। बीमा, पॉल्यूशन, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर 10 हजार का चालान करने की बात कही। अनुरोध करने पर कहा कि 5500 रुपये दो नहीं तो ऑनलाइन 10000 का चालान भरना होगा। बाइक सवार ने खुद को पत्रकार बताया तो दरोगा भड़क गया और अभ्रदता की। उत्तराखंड के थाना जसपुर के गांव मेघा वाला निवार मंडी निवासी सूरज सिंह ने इस तरह के आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र में कहा कि उनका पुत्र जयवीर सिंह भयभीत हो गया और दरोगा को 5500 रुपये दिए। 1 घंटे बाद ऑनलाइन 500 रुपये चालान का मेसेज पहुंचा। बताया कि उसने दरोगा को कॉल किया तो धमकी दी कि जिस दिन हाथ लगेगा 25000 का चालान काटेगा। उसने अ जिसकी वीडियो भी वायरल हो रही है।

### सदस्य ने किया वृहद गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण

**छजलैट, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने विकासखंड छजलैट तहसील कांठ स्थित बृहद गैस संरक्षण केंद्र, सादकपुर मलूकपुर उर्फ खिचड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया एवं गोवंश की देखभाल, चारे-पानी की उपलब्धता एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। उनके द्वारा गो संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी छजलैट, पशुधन प्रसार अधिकारी खूंटखेड़ा, ग्राम प्रधान सादकपुर खिचड़ी, पशु मित्र श्री केशव कुमार, एवं गौशाला के केयरटेकर उपस्थित रहे।

### सील बैक्वेट हॉल में चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमडीए द्वारा सीलबंद गेस्ट हाउस के कार्यालय का ताला तोड़कर चोर एलईडी, इन्वर्टर, बैटरी समेत हजारों का माल ले गए। चोर सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गए। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मझोला के मानपुर नारायणपुर निवासी अधिवक्ता भगवत सरन सैनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका लक्ष्मी गेस्ट हाउस नाम से एक बैक्वेट हॉल ढक्का रोड बिजली घर के पास है। जो एमडीए ने 2 मई को सील कर दिया था। वह गेस्ट हाउस पर गए थे। गेस्ट हाउस के गेट से अंदर कार्यालय की ओर देखा तो गेट का ताला टूटा हुआ था। सूचना 112 पर कॉल करके पुलिस को दी। रामतलैया चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। बगल में स्थित मकान की छत से गेस्ट हाउस में पहुंचे तो पता चला कि उसमें लगी एलईडी, सीसीटीवी कैमरा, उसका डीवीआर, इन्वर्टर बैट्री, कुर्सी मेज गायब थे। ऑफिस के दराज में रखे 6-7 सीसीटीवी भी गायब थे। इसक अलावा गेस्ट हाउस के टीनशेड में खड़ी कार से स्टेफनी, बैटरी, सेल्फ भी चोरी हो चुके थे। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, एक गंभीर

**अगवानपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जो जिला अस्पताल में भर्ती हैं। नगर पंचायत के मोहल्ला कलालपुरी निवासी सगीर मजदूरी करता है। दो शादीशुदा बेटियां घर आई हुई थी। पुरानी रंजिश में सलीम पुत्र खुर्शीद, अरबाज पुत्र शराफ़त ने बेटियों की बुरी तरह पिटाई कर दी। जिसमें एक को गंभीर चोटे आई है। जिसे ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने छह लोगों के खिलाफ अगवानपुर पुलिस चौकी में तहरीर दी। पहले भी आरोपियों ने एक महिला के साथ मारपीट की थी। जिसकी मृत्यु हो गई थी।

### विद्युत संविदा कर्मी को मारपीट कर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** बिलारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पालनपुर गांव निवासी शहंशाह अली ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह संविदा पर लाइनमैन है। बताया कि मोहल्ला अंसारियांन साजिद अंसारी एसी और फ्रिज की मरम्मत का कार्य करता है। उसने तहसील में एसी ऐसी लगाया था। बताया कि उसके पास साजिद का फोन आया कि वोल्टेज कम हो रहे हैं इसी दौरान फोन पर उसने गाली-गलौज की। सोमवार को मुरादाबाद रोड पर गैस एजेंसी वाली गली के सामने उसे घेर लिया और गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।


कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स
मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राज कमल गुप्ता द्वारा संस्था पी एस ग्रीन रेजिडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन, पता- खसरा नं0 315 ग्राम हरथला ऐहतमाली, मुरादाबाद का अध्यक्ष दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. राज कमल गुप्ता- प्रेसिडेन्ट, 2. कार्तिकाया गुप्ता- वाईस प्रेसिडेन्ट, 3. अक्षत सिंघल सेक्रेट्री, 4. आनन्द सिंह- ऐडिसनल सेक्रेट्री, 5. अखिल शर्मा - ट्रेजरार, 6. विनायक गुप्ता, 7. स्वाती शामी- सदस्य दर्शाये गये है।
अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।
(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक



# श्रेष्ठ कर्म, मर्यादा और धारणाओं की आदर्श थीं मम्मा

संवाददाता, बिलारी

● प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के कार्यक्रम में जुटे अनुयायी

**अमृत विचार:** नगर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि माउंट आबू सेवा केंद्र बिलारी में बीके राज योगिनी अलका दीदी के नेतृत्व में मम्मा स्मृति दिवस मनाया गया । इस अवसर पर क्षेत्र के बीके भाई बहनों ने मम्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अनीता बहन ने यादों से उतरकर नैनों में, नैनो से दिल में समा जाओ, बच्चे पुकारते हैं मम्मा फिर से धरती पर आ जाओ गीत सुना कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में अनीता बहन ने बताया कि मातेश्वरी जगदंबा को ब्रह्मकुमारी अनुयायी प्यार से मम्मा कहते थे। वह ब्रह्माकुमारी संगठन की पहली प्रशासनिक प्रमुख थी। वह छोटी उम्र में ही संगठन में शामिल हो गई थी। उनका जन्म अमृतसर के एक साधारण परिवार में 1919 में हुआ था। बचपन का नाम ओम राधे था। उन्होंने ईश्वरीय विवि का संचालन कुशलता पूर्वक किया। वह सर्वगुणों की खान और मानवीय मूल्यों की विशेषताओं से संपन्न थी। उन्होंने कभी किसी को मौखिक शिक्षा नहीं दी बल्कि अपने अनुभव जीवन से प्रेरणा दी। 24 जून 1965 को उन्होंने संपूर्णता को प्राप्त किया। इस अवसर पर बहन कविता, उजाला, बबली, प्रीति कुमारी, पुष्पा देवी, संजू देवी, सीनू, अनीता, सरोज, सरल ,शारदा, रेनू, पायल, मीरा,लक्ष्मी, रामकुमार सुखबीर सिंह, विजयपाल सिंह राघव ,राम अवतार, भूकंप, रामेश्वर, नेम सिंह,राजवीर ,ओमवीर सिंह, पान सिंह आदि मौजूद रहे ।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## एक नजर



डीआईएसओ को सम्मानित करते शिक्षक।

### डीआईएसओ को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का शिष्टमंडल मंडल जिलाध्यक्ष राम बाबू शर्मा के नेतृत्व में जिले के उप कृषि निदेशक रामकृष्ण सिंह तथा जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल के कार्यालय पहुंचा। उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुराद अली खान, चौधरी विश्व बंधु, अजय कुमार, अमर सिंह, दिलशाद अली पाशा, बरकत अली, मनोज कांबोज, अक्षय भटनागर मौजूद रहे। संचालन जिला मंत्री जगदीश सिंह पटेल ने किया।

### बसपा के जिला उपाध्यक्ष बने इसरार अली

**रामपुर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता इसरार अली पुत्र अनवार अली निवासी ग्राम सींगनखेड़ा मझरा आलियागंज को बसपा को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार निरंकारी ने बताया कि पार्टी के प्रति मेहनत व लगन से संगठन का कार्य करके पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।



### जमीन के बंटवारे में पिता-पुत्रों को पीटा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव आकिलपुर में भूमि बंटवारे को लेकर पिता-पुत्रों समेत तीन व्यक्तियों को मारपीट कर घायल कर दिया। गांव निवासी रहीम अहमद द्वारा थाना खजुरिया में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि भूमि बंटवारे को लेकर भाई अहमद शाह से विवाद चल आ रहा है। 19 जून को मेरे पुत्र अमन और अयान घर से निकले तो मेरे भाई अहमद शाह तथा नवेद, जावेद, शावेज ने रास्ते में घेर लिया और मारपीट करने लगे। जब वह बीच-बचाव करने के लिए गया, तो भतीजों तथा भाई ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। उसने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर उसके भाई और भतीजों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मानसून की दस्तक फिर भी नहीं बरस रहे मेघा

## 75 प्रतिशत आर्द्रता, बढ़ी उमस, लोग पसीना-पसीना, सुबह से आसमान में मंडरा रहे हैं बादल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो मानसून ने दस्तक दे दी है लेकिन मेघा नहीं बरस रहे हैं। 70 प्रतिशत आर्द्रता होने के कारण लोग पूरे दिन पसीना-पसीना रहे। हालांकि सुबह से आसमान में बादल मंडरा रहे हैं लेकिन, पानी की एक बूंद नहीं बरसी है। जबकि, किसानों को धान की रोपाई करना है इसके अलावा गन्ना, मेंथा और सूरजमुखी की फसलों को पानी जरूरत है। मौसम वैज्ञानिक 25 जून को तेज वर्षा का अनुमान जता रहे हैं।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस है। आसमान में सुबह से सूरज और बादलों के बीचखेल चल रहा है। पूरे दिन लोग उमस से बेहाल रहे। घर और दफ्तरों में कूलर और पंखे काम नहीं कर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 25 जून को तेज वर्षा का अनुमान जताया गया है। किसान मुस्तकीम का कहना है कि उन्हें धान की रोपाई करना है, डीजल महंगा होने के कारण बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

बताते हैं कि कुदरती पानी में धान की रोपाई करने से फसल के उत्पादन में काफी अंतर आता है। कहा कि बारिश के बीच रोपे गए धान की अच्छी फसल होती है। किसान मोहन सिंह बताते हैं कि उन्होंने इंजन से खेत में पानी भरकर धान की रोपाई करा दी है। बताते हैं कि बारिश का इंतजार करने में धान की फसल पिछैती हो जाती। मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह बताती हैं कि मानसून ने पूरे उत्तर प्रदेश को कवर कर लिया है। ऐसे में भारी वर्षा के संकेत मिल रहे हैं।



रामपुर में मंगलवार शाम आसमान में उमड़ते-घुमड़ते बादल। ● अमृत विचार

> 25 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज हवा गरज के साथ मध्यम वर्षा के आसार हैं। किसी भी खड़ी फसल जैसे गन्ना, चारे, उड़द, मूंग सब्जियों आदि में सिंचाई व रसायन का छिड़काव न करें।
> -डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| 32° | डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान |
| 27° | डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान |
| 70 | प्रतिशत आर्द्र |
| 8 | किमी. प्रति घंटा वायु वेग |

### आंधी से अधिवक्ताओं के चैंबरों पर गिरा पेड़

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद में सोमवार शाम को आई आंधी बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, तो वहीं आंधी से शाहबाद तहसील में बने अधिवक्ता छत्रपाल सिंह, अजय पल यादव, रेहान खां, जसवंत सिंह, शहजान खां, सुरेंद्र कुमार प्रजापति के चैंबरों पर गुलहड़ का पेड़ गिर जाने के कारण चैंबर क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे अधिवक्ताओं का काफी नुकसान हो गया।



चैंबरों पर गिरा पेड़।

### उमस भरी गर्मी में रुला रहा पावर कट और लो-वोल्टेज

**मिलक, अमृत विचार :** मौसम में तपिश बढ़ने के साथ ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इन दिनों लो वोल्टेज और पॉवर कट की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सोमवार दोपहर से 33 केवी लाइन में फॉल्ट आने से पिपला बिजली घर से जुड़े दर्जनों गांवों में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। 24 घंटे बीत जाने के बाद बिजली आपूर्ति ठीक की गई, तो बार बार ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। क्षेत्र के ग्राम भैंसोड़ी में ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के चलते लो वोल्टेज उतार चढ़ाव और बार बार न्यूटल फेज जलने से विद्युतापूर्ति पूर्ण रूप से चरमरा गई है। पिछले दिनों से लो वोल्टेज उतार चढ़ाव की समस्या होने के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों का सुख-चैन छीन लिया है। वहीं दूसरी ओर लोगों को लगातार कटौती और घंटे दो घंटे हो रहे फॉल्ट से बिजली भी रुला रही है। घर हो या बाहर हर जगह लोग परेशान दिख रहे हैं। गर्मी और तेज धूप में बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान हैं। कभी 100 तो कभी 50 वोल्टेज हो जाता है। ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं। ऐसे में और ट्रांसफार्मर लगना जरूरी है।

## सार-संक्षेप

### बरेली में हुआ शिक्षिकाओं का सम्मान



**रामपुर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग एवं मिशन शिक्षण संवाद बरेली के संयुक्त तत्वावधान में प्रकृति मित्र शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग प्रकृति मित्र मिशन शिक्षक संवाद के जिला एडमिन रूपेंद्र सिंह और उनकी टीम ने किया। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के लगभग 175 प्रकृति मित्रों ने प्रतिभाग किया। प्रदेश के सभी प्रकृति मित्रों के कार्यों का प्रस्तुतीकरण वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया। जनपद से प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां, सैदनगर की प्रधान अध्यापिका शबनम आरा, कंपोजिट विद्यालय हरदासपुर चमरौआ की भारती सिंह, कंपोजिट विद्यालय मडैया उदयराज की राना तलत, कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर की पूनम आनंद ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। अतिथियों द्वारा प्रकृति मित्रों के प्रयासों एवं उनके सरहनीय कार्यों के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति देकर सम्मानित किया गया।

### बिजली कटौती के विरोध में किसानों का प्रदर्शन



**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े किसानों ने बिजली समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। साथ ही मुख्य अभियंता को ज्ञापन भेजा। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े किसान मंगलवार को हाईवे किनारे स्थित प्रदेश कैंप कार्यालय पर एकत्र हुए। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए एसई कार्यालय पर पहुंचे। किसान प्रदर्शन कर वहीं धरने पर बैठे गए, लेकिन एसई मौजूद नहीं थे। उनकी गैर मौजूदगी में किसानों ने कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मुख्य अभियंता को भेजे ज्ञापन में ग्राम मानकपुर बंजरिया सैदनगर में 10 एमबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। कहा गया है कि वर्तमान में जो विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। उससे मानक के अनुरूप विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है। इतना ही नहीं ट्यूबवेल भी नहीं चल पा रहे हैं। क्षेत्र की विद्युत लाइन जर्जर हालत में हैं। बिजली समस्या का असर धान की खेती पर पड़ रहा है। इसके अलावा बिजली की और भी समस्याओं का हवाला देते हुए उनका निराकरण कराने की मांग की। चेतावनी दी कि शीघ्र समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में राजपाल सिंह, राम बहादुर यादव, छिद्दा नेता, प्रमोद यादव, हारून, इन्द्रजीत सिंह, नबी अहमद, नरोत्तम, कमल सिंह, भूरा, मुस्तकीम, ठाकुर अनिल कुमार, कमल सिंह गंगवार, रामबीर सिंह, राकेश शर्मा शामिल रहे।

# रामपुर की कला, संस्कृति, संगीत साहित्य बेमिसाल : अंशु खन्ना



फेबल्स संस्थापक अंशु खन्ना और वरुण खन्ना के साथ नवाब काजिम अली खां।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **रॉयल फेबल्स की संस्थापक का नूर महल में स्वागत, धरोहरें देखीं**

**अमृत विचार :** रॉयल फेबल्स की संस्थापक अंशु खन्ना ने कहा कि रामपुर की समृद्ध संस्कृति, साहित्य, संगीत, दस्तरख्वान और कला बेमिसाल है। नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां द्वारा विरासत को बरकरार रखना काबिले तारीफ है।

मंगलवार को अंशु खन्ना और वरुण खन्ना का नूर महल पहुंचने पर पूर्व मंत्री नवेद मियां ने स्वागत किया। अंशु खन्ना ने इमामबाड़ा खासबाग समेत कई धरोहरें देखीं। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के रामपुर चैप्टर चेयरमैन श्रीष गुप्ता से मुलाकात की। पूर्व मंत्री नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि रॉयल फेबल्स की संस्थापक को राष्ट्रपति नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित कर चुके हैं। वह भारतीय राजघरानों की विरासत और परम्परा को पुर्नजीवित और संरक्षित करने का कार्य कर रही हैं। अंशु खन्ना निफ्ट दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी भी हैं। रॉयल फेबल्स द्वारा रामपुर रियासत के दास्तरख्वान, जयपुर की राजकुमारी दीया कुमारी द्वारा विकसित पैलेस एटलियर संग्रह आदि को देश और दुनिया के लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है।

# सामाजिक परिवर्तन के प्रतिनिधि हैं भाजपा कार्यकर्ता : आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। वह ऐसे ही नहीं है, बल्कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कर्म से धर्म निभाता है। कार्यकर्ता का एक ही लक्ष्य निर्धारित रहता है वह है भाजपा की मजबूती और बूथ को जिताना है। पार्टी के लिए भी कार्यकर्ता केवल राजनीतिक सदस्य नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के प्रतिनिधि हैं, जिसकी बदौलत तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन सके हैं।

भाजपा की ओर से हाल ही में शहर विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की है। जिसके बाद मंगलवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने नया गंज और सिविल लाइंस मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को रामपुर सेवक कार्यालय पर बुला लिया। उन्होंने सभी को भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की जड़ें समाज में गहराई तक फैली हैं। यह सिर्फ एक दिन में संभव नहीं हो पाया है, बल्कि कार्यकर्ताओं की वर्षों की मेहनत से ही यह संभव हो सका है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल राजनीतिक सदस्य नहीं, बल्कि विचारधारा का वाहक, सेवाभावी सिपाही और सामाजिक परिवर्तन का प्रतिनिधि है। वह बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय मंच तक पार्टी के हर निर्णय और अभियान को जमीन तक पहुंचाने का माध्यम होता है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की नीतियां बताते हैं, मतदाता जागरूकता फैलाते हैं, जनसमस्याएं उठाते हैं, और जरूरत पड़ने पर राहत कार्यों में भी आगे खड़े मिलते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की। इस मौके पर सिविल लाइंस मंडल अध्यक्ष अन्नू सक्सेना, नया गंज मंडल अध्यक्ष राजू सुमन, मनु सक्सेना, देवेश गुप्ता, कमल कुमार तुरैहा, विक्की सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



पदाधिकारियों का स्वागत करते शहर विधायक आकाश सक्सेना।

● **शहर विधायक ने नया गंज और सिविल लाइंस मंडल के पदाधिकारियों का किया स्वागत**

कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद
ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल) सेक्टर 5
मझोला योजना संख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail:emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की बौद्ध (बुद्धि) विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित अल्प आय वर्ग भवन संख्या 2/1204 प्रदेशन पत्र 1837 दिनांक 06/05/1995 एवं संशोधित प्रदेशन पत्र 2657 दिनांक 15.07.1995 द्वारा श्री जगदीश सरन कौशिक पुत्र श्री भोलानाथ शर्मा के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा इस कार्यालय से किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध दिनांक 19/05/1997 को निष्पादित कराकर अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-25, मुरादाबाद के कार्यालय से निर्गत भौतिक कब्जा हस्तांतरण के अनुसार दिनांक 20/05/1997 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी द्वारा उक्त अल्प आय वर्ग भवन का पूर्ण भुगतान करते हुए इस कार्यालय से दिनांक 29/07/2015 को विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 30/07/2015 को उपनिबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत कराया गया है। तत्पश्चात श्री जगदीश सरन कौशिक के द्वारा श्रीमती सर्वेश गुप्ता पत्नी श्री भूकन सरन गुप्ता के पक्ष में दिनांक 23/04/2018 को विक्रय कर दिया गया है। श्रीमती सर्वेश गुप्ता पत्नी श्री भूकन सरन गुप्ता के द्वारा श्री गोपीचन्द पुत्र श्री चोखेलाल के पक्ष में दिनांक 22/02/2023 को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री गोपीचन्द पुत्र श्री चोखेलाल के द्वारा श्री सर्वेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व. श्री रूपकिशोर गुप्ता व श्रीमती उपासना पत्नी श्री सर्वेश कुमार गुप्ता के पक्ष में दिनांक 15/04/2025 को विक्रय कर दिया गया है। अब श्री सर्वेश कुमार गुप्ता व श्रीमती उपासना ने अपने आवेदन पत्र दिनांक 09.06.2025 के द्वारा आवासीय भवन संख्या 2/1204, मझोला योजना संख्या-4, भाग-1, मुरादाबाद को अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई सुसंगत आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त करा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति भान्य न होगी तथा परिषद नियमानुसार नामान्तरण सम्बन्धी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

सम्पत्ति प्रबंधक

# आल इंडिया जलसा हुस्न-ए-किरात आज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौलाना शाह वजीहउद्दीन अहमद खां कादरी मुजद्दी की याद में आल इंडिया जलसा हुस्न-ए-किरात 25 जून की शाम को रजा डिग्री कालेज के निकट मैरिज हाल में होगा।

कारी मोहम्मद रियाज साहब, कारी अब्दुर-रहमान, कारी मोहम्मद तैयब जमाल सहारनपुर, कारी हिदायत उल्लाह जयपुर (राजस्थान), कारी असहाबुल हक कोलकाता (बंगाल), कारी अरशद अमीन श्रीनगर (जम्मू-कशमीर) से आएंगे और तिलावते कुरआन मजीद करेंगे। कारी अब्दुर्रहमान सुदइस, कारी अब्दुल बासित, कारी रमजान अलहंदवी, कारी सिद्दीक अलमानशवी, कारी मुस्तफा इस्माईल, कारी मुस्तफा गलवश, कारी महमूद-अल-शहात, अल-शहात, कारी मोहम्मद वसीम खां किरात पेश करेंगे। कारी साहेबान किरात ए सबआ मदनी, मक्की, बसरी, शामी, कूफी की किरात इसी तरह, मकाम सीका, मकाम हिजाज, मकाम रस्त, मकाम कुर्द जैसे शानदार लहजो में कुरान-ए करीम की तिलावत करेंगे।

# गला घोंटू से बचाने को कराया जा रहा टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **जिले में 20 टीमें 22,700 मवेशियों का कर चुकी हैं टीकाकरण**
● **बरसात में गला घोंटू बीमारी से पशुओं की हो जाती है मौत**

**अमृत विचार :** गला घोंटू से बचाने को मवेशियों का टीकाकरण कराया जा रहा है। फिलहाल 20 टीमें 22,700 मवेशियों का टीकाकरण कर चुकी हैं। मौसम परिवर्तन के दौरान पशु गला घोंटू बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बताते हैं कि गलघोंटू रोग के लक्षण का पता लगने के बाद यदि शीघ्र इलाज शुरू नहीं किया जाए तो पशु की मौत हो जाती है। यह रोग ज्यादातर गाय और भैंस को होता है।

गला घोंटू बीमारी होने पर पशु सुस्त रहने लगता है और पशु की आंखें लाल रहने लगती हैं। पशु द्वारा सांस लेने पर घुर्र-घूर्र की आवाज आती है। इस रोग से ग्रस्त पशु को अचानक 105 से 106 फॉरेनहाइट तक तेज बुखार आ जाता है। पशु खाना-पीना छोड़ देता है और लार गिरने लगती है। पशु पालकों द्वारा लापरवाही बरतने पर पशु रोगग्रस्त होते हैं। जहां पानी एकत्रित हो जाता है, ऐसी जगह पर पशु को रखने से ये रोग फैलने का खतरा अधिक हो जाता है। पशु बांधने वाले स्थान को साफ रखना चाहिए। पशुओं को बारिश के मौसम में गलघोंटू रोग का टीका लगवा दें। रोग होने पर एंटी बायोटिक जैसे क्लोरोम फॉनीकोल और सल्फाडीमीडीन ऑक्सीटेट्रासाइक्लीन पशु को दे सकते हैं। जिस स्थान पर पशु की मृत्यु हुई गई हो, वहां पर कीटाणुनाशक दवा का छिड़काव करें।

> पुश पालकों को यदि पशु मे गला घोंटू बीमारी के लक्षण दिखाई दें तो वह बीमार पशु को नजदीकी पशु चिकित्सालय में चिकित्सक को दिखाएं और जरूरी इलाज करें। लापरवाही बरतने पर पशु की मौत हो सकी है।
> - डॉ. वेद प्रकाश, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

**निर्देश** संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान प्रशिक्षण

# रोग संबंधी निबंध और चार्ट प्रतियोगिता कराएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा ने कहा कि बच्चों को स्वस्थ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करें। रोग संबंधी निबंध और चार्ट प्रतियोगिता कराएं। विद्यालय स्तर पर होने वाली गतिविधियां जैसे शिक्षक अभिभावक बैठक, विद्यालय प्रबंध समिति बैठक, पुस्तक वितरण एवं अन्य अवसरों पर अभिभावकों को इस विषय में जागरूक किया जाना अनिवार्य है।

बीआरसी केंद्र शंकरपुर चमरौआ पर विकास खंड के नोडल शिक्षकों की मंगलवार दोपहर बैठक हुई। जिसमें 1 जुलाई से प्रारंभ हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 10 जुलाई से प्रारंभ हो रहे दस्तक अभियान से संबंधित संवेदीकरण किया। मुख्य वक्ता डॉ. खावर खान ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही वेक्टर जनित, जल जनित रोगों, उनके लक्षणों, बचाव के उपायों और उपचार पर तथा हीट वेव के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा की। मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफलाइटिस, फाइलेरिया, डायरिया, हैजा, टाइफाइड, हैपेटाइटिस, पीलिया, पोलियो आदि रोगों उनके लक्षणों बचाव और उपचार पर वृहद चर्चा की। बताया कि बच्चों को पूरी आस्तीन शर्ट और फुल लेंथ पेंट का प्रयोग, गर्म व ताजा भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही विद्यालय में मुख्य स्थान पर जापानी इंसेफलाइटिस, वेक्टर जनित रोग, जल जनित रोग तथा हीट वेव संबंधी रोगों व लक्षणों एवं बचाव संबंधी प्रचार प्रसार सामग्री का प्रदर्शन अवश्य किया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी ने आह्वान किया कि सभी विद्यालय अपने क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान की सफलता के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियान चलाते हुए अपना पूर्ण योगदान दें। कार्यक्रम में छत्रपाल सिंह, अमितेश झा, अंजुम सक्सेना, नरेंद्र सैनी, प्रसन्न प्रकाश, हरिबाला सुमन, कुसुम रानी, तरुण उपाध्याय, अफरोज मियां, सुशील कुमार, हेमा सक्सेना, इंदल सिंह, शिव कुमार, उमेश पल सिंह, मेजर सिंह, रवि माथुर, विनोद कुमार, आरिफ खान, शोएब अंसारी, स्वाति रस्तोगी, तबस्सुम बी, सौरभ शर्मा, शैलेन्द्र राठौर, भानु प्रताप, मनोज गुर्जर, राकेश विश्वकर्मा, कमर इसहाक, वेद प्रकाश, मनोज कुमार, हिमेंद्र प्रताप उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते डॉ. खावर खान। ● अमृत विचार

### महात्मा गांधी स्टेडियम में कराया योगाभ्यास

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं इंडियन योग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 7 दिवसीय योग शिविर के छठे दिन 24 जून को महात्मा गांधी स्टेडियम में योगाभ्यास कराया।

योग प्रशिक्षिक अनीता शुक्ला और अंतरा यादव ने आसनों का अभ्यास कराया। योग शिविर के नोडल प्रभारी डॉ. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि 21 जून योग करने का पूर्ण विराम नहीं बल्कि संकल्प के साथ पूरे वर्ष भर करने की शुरुआत है। सभी को प्रतिदिन नियमित योगाभ्यास करना चाहिए इसी क्रम में 25 जून तक योग शिविर का आयोजन प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में चलता रहेगा। योग प्रेमी इस शिविर में प्रतिभाग कर सकते हैं, इस अवसर पर जिलेश कुमार, डॉ. रामकृष्ण, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation)
● B.Com (Hons.)
● BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
● MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
● M. Com. ● MCA
● MHA ● MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# मस्जिद व थाने की दीवार ध्वस्त की

## 8 दिन पहले पीडब्ल्यूडी ने की थी चिह्नित, अवैध मजार भी तोड़ी

संवाददाता, पटवाई,

**अमृत विचार :** मंगलवार तड़के पटवाई में पीडब्ल्यूडी की जगह पर बनी मस्जिद, मजार और थाने की दीवार को जेसीबी से गिरवा दिया गया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात रहा। लोग सोते रहे और जेसीबी निर्माण को गिराती रही। सुबह जब लोग सोकर उठे तो मलबा देखकर लोगों के होश उड़ गए। दोपहर तक जेसीबी से मलवे को साफ किया जाता रहा।

शासन से निर्देश मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका द्वारा जिले भर में अवैध रूप से बने मकानों, दुकानों, मजार, मस्जिदों को गिराने का काम तेजी से चल रहा है। उसके बाद सभी स्थानों पर सौंदर्यीकरण भी कराया जा रहा है। पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी ने पटवाई क्षेत्र में अधिकारियों ने निरीक्षण करके मस्जिद, मजार और पटवाई थाने की दीवार को अवैध माना था। उसके बाद उस स्थान को चिह्नित कर दिया था। जिसके बाद



पटवाई में बनी मस्जिद को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

मंगलवार तड़के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उसके बाद 5 जेसीबी की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त करवा दिया। उसके बाद जेसीबी से मलवे को भरवाने का काम तेजी के साथ चलता रहा। लोग जब सोकर उठे,तो मस्जिद और मजार को मलवे में तब्दील देखकर उनके होश उड़ गए। लेकिन किसी से वह लोग कुछ नहीं कह सके।

**अचानक से चली जेसीबी लोग सहमे :** मंगलवार को पटवाई में तड़के से ही बुलडोजर की गड़गड़ाहट गूंज उठी। तड़के चार बजे अधिकांश लोग नींद में थे, उस समय लोक निर्माण विभाग ने लंबित अभियान को अंजाम देते हुए अतिक्रमणों पर कठोर कार्रवाई की। यह सिर्फ इमारतों का गिराना नहीं था बल्कि, उन संरचनाओं को ध्वस्त करना था, जो दशकों से यहां के जनजीवन का हिस्सा बन चुकी थीं। लोक निर्माण विभाग ने एक मस्जिद, एक मजार और पटवाई थाने का आंशिक हिस्सा शामिल था। शायद ही किसी ने सोचा होगा कि इतनी तीव्रता से यह कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### एक घंटे में सब कुछ किया जमींदोज

सिर्फ एक घंटे के भीतर ही वर्षों से खड़ी मस्जिद और मजार को मलबे के ढेर में बदल दिया गया। यह दृश्य उन लोगों के लिए मार्मिक था जो इन धार्मिक स्थलों से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए थे। उनके सामने उनके आस्था के केंद्र पल भर में धराशायी हो गए। इसी के साथ पटवाई थाने का वह कार्यालय जो लोक निर्माण विभाग की जमीन पर बना था। उसे भी ध्वस्त कर दिया गया।

### जेसीबी चलने के दौरान अधिकारी रहे तैनात

जेसीबी चलने के दौरान सुरक्षा के लिहाज से एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार राकेश कुमार, नायब तहसीलदार और भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस लाइन से अतिरिक्त फोर्स को भी बुलाया गया था ताकि, कानून व्यवस्था बनी रहे। सीओ शाहबाद हर्षिता सिंह और थाना प्रभारी पटवाई संदीप मिश्रा भी इस दौरान मुस्तैद दिखे।

## संसद में गूंजेगा पटवाई की मस्जिद की शहादत का मुद्दा : सांसद

**रामपुर, अमृत विचार :** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा कि पटवाई की मस्जिद की शहादत का मुद्दा संसद में गूंजेगा। कहा कि गैर कानूनी तरीके से 50 वर्ष पुरानी मस्जिद को शहीद किया गया है। जबकि यह मस्जिद वक्फ बोर्ड में भी दर्ज है।

पटवाई स्थित मस्जिद और मजार को मंगलवार की अल सुबह अतिक्रमण हटाने के नाम पर 5 जेसीबी लगाकर अधिकारियों ने ध्वस्त करा दिया। जिससे मुस्लिम धर्म के लोगों में रोष है। मंगलवार की शाम को सांसद पटवाई पहुंचे और ध्वस्त की गई मस्जिद और मजार को देखा। उन्होंने कहा कि मस्जिद को गैर कानूनी तरीके से शहीद किया गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने नोटिस नहीं भेजा। यह मस्जिद का वक्फ बोर्ड में दर्ज है इसके अलावा इसका मामला कोर्ट में भी चल रह है। इस तरह बिना किसी पूर्व सूचना के मस्जिद और मजार को तड़के में नहीं तोड़ा जा सकता है। इस तरह मस्जिद का तोड़ा जाना गैर कानूनी है उन्होंने कहा कि इस मामले को संसद में उठाएंगे।

## एक नजर

### अशोक कटारिया और हरीश ठाकुर आएंगे रामपुर

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी ने बताया कि पूर्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अशोक कटारिया और क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर बुधवार को रामपुर आ रहे हैं। जहां जिला सहकारी बैंक में 12 बजे पत्रकार वार्ता करेंगे। उनके साथ मंत्री बलदेव सिंह औलख, सदर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक शाबाद विधायक राजबाला, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार एवं अन्य जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### जनरेटर स्टार्ट करते समय करंट से झुलसा युवक

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी यशपाल लाइट डेकोरेशन का काम करता है। मंगलवार को सुबह लाइट का काम करने महेवा गांव गया था। इस दौरान जनरेटर स्टार्ट करते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह जनरेटर पर गिर गया। हादसे में वह जनरेटर के करंट से झुलस गया। घायल की चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर आ गए। आनन-फानन में उसे सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## सार संक्षेप

### रोजगार मेले में 46 अभ्यर्थी चयनित

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मदीहा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नॉलोजी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को शाहबाद गेट स्थित संस्थान में रोजगार मेला लगा। रोजगार मेले का उद्घाटन डॉ. शादाब खान ने किया। रोजगार मेले में 46 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। रोजगार मेले में राजीव कुमार द्वारा प्री-कॅरियर काउसिलिंग भी की। रोजगार मेले में फैसल खां, मोहम्मद जीशान खां, मोहम्मद मुहासिफ खां, मोहम्मद अजाइन खां उपस्थित रहे। प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनोज कुमार वरिष्ठ ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 3 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में 123 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से साक्षात्कार के बाद 46 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

### रंजिश के चलते युवक पर किया फायर

**रामपुर, अमृत विचार :** नींव खोदने का विरोध करना ग्रामीण को भारी पड़ गया। गुस्साए लोगों ने उसके ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मंसूरपुर निवासी नवाब अली का कहना है कि वह जब 12 जून को जब वह खेत पर गया तो वहां अवैध रूप से कब्जा करके अनवार, एहसान, इशाक अली, मुराद, शाहरुख, सद्दाम और दो अज्ञात लोग नींव खोद रहे थे। पीड़ित ने मना किया तो आरोपियों ने नवाब अली को लाठी-डंडों से पीटते हुए फायरिंग कर दी। जिससे वह बाल-बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। इस पर आरोपी मौका पाकर भाग गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने 8 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कोचिंग जा रही युवती की चुन्नी खींचने का प्रयास

**रामपुर, अमृत विचार :** कोचिंग जा रही युवती की एक युवक ने चुन्नी खींचने का प्रयास किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टांडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक का कहना है कि उसकी बहन की शादी के लिए परिजन जहां पर बात करते हैं। वहीं पर आरोपी युवक रोहित किसी तरह से संपर्क कर रिश्ता तुड़वा देता है। 22 जून को युवती की गोद भराई थी, लेकिन आरोपी युवक ने युवती के इंस्टाग्राम से कुछ फोटो युवक पक्ष के लोगों के संपर्क में आकर उनको दे दिए। जिससे रिश्ता खत्म करा दिया। रोहित से जब इस बारे में जानकारी ली तो उसने कहा कि कहीं पर भी शादी नहीं होने देगा। आरोप है कि उसकी बहन कोचिंग जा रही थी तभी उसकी चुन्नी पकड़कर खींचने का प्रयास किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



### सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : एसडीएम

**भोट, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी ने आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने तथा शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही ताजिए बनाने की अपील की। मंगलवार को भोट थाने में ताजिएदारों की बैठक हुई। बैठक में उप जिलाधिकारी मोनिका सिंह ने सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कहा कि सभी त्योहार प्रेम व भाईचारे के प्रतीक हैं। किसी भी हालत में नई परंपरा शुरू किये जाने की अनुमति नहीं है। सीओ रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कहीं कोई विवाद उठने की संभावना हो तो तत्काल प्रशासन व पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने शरारती तत्वों को सचेत करते हुए कहा कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। किसी भी समस्या पर काल करें पुलिस कुछ ही मिनटों में आपके द्वारा पर होगी। इस दौरान क्षेत्र के अधिकांश गांवों के ताजिएदार व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### 10 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार :** पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर कार से 10 ग्राम स्मैक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार को सीज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। सोमवार रात गश्त कर रही पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि बाजपुर की दिशा से कार में स्मैक रखकर क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए लाई जा रही है। पुलिस को देखकर चालक घबरा गया वह कार को गांव पीपलसाना मार्ग पर भगा कर ले जाने लगा। पुलिस ने पीछा कर कार को रोक लिया तब कार चालक कार छोड़कर भागने लगा। पुलिस ने भागकर आरोपी को दबोच लिया और तलाशी के दौरान कार से 10 ग्राम स्मैक बरामद कर कोतवाली ले आई। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम थाना टांडा के गांव देवीपुरा निवासी मोहम्मद सलमान पुत्र शकील अहमद बताया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को कोर्ट मे पेश किया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेजा है।



### बच्चों ने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन पर लिखा निबंध

**रामपुर, अमृत विचार :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार 25 दिसंबर तक विविध कार्यक्रमों के तहत भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय द्वारा स्थानीय प्रशिक्षार्थियों से निबंध लेखन का आयोजन कराया गया। जिसमें 50 अलग-अलग खेलों के खिलाड़ियों द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रधानमंत्री रहते हुए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं खेलो इंडिया प्रशिक्षक मोहम्मद फहीम, फरहत अली एवं प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से हमारे देश के महापुरुषों के जीवन काल से खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है।

# धीमरी नहर से13 अवैध कब्जे हटाए

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए नहर विभाग ने बायीं धीमरी नहर पर किए दर्जन भर से अधिक कब्जों पर बुलडोजर चलवा दिया। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा।

मोहल्ला टांडा हुरमतनगर में स्थित पालिका वार्ड 23 के बीच से बायां धीमरी नहर होकर गुजरती है। नहर विभाग के अनुसार इसके किलोमीटर 10 पर गाटा 74 में लोगों ने दर्जन भर से अधिक निर्माण कराकर नहर की भूमि पर कब्जे कर लिए थे। इस कारण नहर गंदगी से पट गई थी और पानी आगे बहने की बजाय आबादी में घुस रहा था। कुछ माह पूर्व इसी पानी में डूबने से बच्ची की मौत हो गई थी। वार्ड के सभासद प्रतिनिधि व समाजसेवी मोहम्मद इमरान ने नहर विभाग व उच्चाधिकारियों से



धीमरी नहर पर हुए कब्जे हटाती जेसीबी तथा मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

● **पुलिस बल की मौजूदगी में हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई**

इसकी शिकायत की थी। डीएम के निर्देश पर मंगलवार को नहर विभाग के एसडीओ नंदलाल आर्य पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। मौके पर मिले अवर अभियंता अजमल हुसैन ने बताया कि सभी कब्जेदारों को नोटिस दिए गए थे। उनके द्वारा स्वयं अतिक्रमण न हटाने पर यह कार्रवाई की गई। मौके पर नहर विभाग की जमीन से कुल 13 कब्जों को बुलडोजर से ध्वस्त कराया गया है। नहर विभाग के जिलेदार विवेक सक्सेना, सींचपाल शुऐब खां, डिप्टी रेवेन्यू अधिकारी दिनेश कुमार जौहरी आदि मौजूद रहे।

## बासमती की पौध पर कीटनाशक स्प्रे नहीं करें

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि किसान धान की पौध लगा रहे हैं। इसके बाद पौध पर कीटनाशकों का स्प्रे नहीं करें। उन्होंने बताया कि बासमती चावल में कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग अवशेष के रूप में मानव, जीव-जन्तुओं एवं पयार्वरण पर दुष्प्रभाव डाल रहा है। धान में ट्राईसाइक्लाजोल का प्रयोग धान के झोंका रोग के नियंत्रण के प्रयोग में लिया जाता है और इसका बालियों में दाने बनने के समय प्रयोग करने पर अवशेष सीमा बढ़ जाती है। बासमती में बुकोनाजोल, हेक्साकोनाजोल, डाइफेनोकोनाजोल एवं इमिडाक्लोप्रिड बाईफेनथ्रिन फिप्रोलिन का प्रयोग करें। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि फसल की बोआई से लेकर कटाई तक आईपीएम विधि अपनाएं। किसान फसल पकने के एक माह के अन्तराल में विशेष ध्यान दें और इन कीटनाशकों का उपयोग न करें।

# बीमारी से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** बीमारी से परेशान मसवासी के युवक ने बाजपुर में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



सुल्तान का फाइल फोटो।

मंगलवार को ट्रेन 65302 काशीपुर से बरेली जा रही थी। दोपहर 12 बजे बाजपुर क्षेत्र में घोघा नदी रेलवे पुल के नजदीक एक व्यक्ति ट्रेन के आगे कूद गया। जिसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसे जांच कर मृत घोषित कर दिया। जानकारी के बाद सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। बाजपुर रेलवे पुलिस में एएसआई कृष्ण सिंह राणा भी टीम के साथ अस्पताल पहुंच गए। मृतक की शिनाख्त जेब से मिले आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों से मानपुर उत्तरी स्वार रामपुर (उप्र) निवासी 38 वर्षीय मोहम्मद सुल्तान अहमद पुत्र मकबूल अहमद के रूप में हुई है। मृतक काफी दिनों से बीमार और मानसिक रूप से परेशान था। हादसे की जानकारी मिलने पर कुछ ही देर में परिजन एवं अन्य लोग सरकारी अस्पताल पहुंच गए। मृतक के परिजनों के अनुसार सुल्तान को नजर दोष भी था और वह आंखों की दवा लेने के लिए बाजपुर आया था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

**राजमिस्त्री का काम करता था सुल्तान :** सुल्तान अहमद राजमिस्त्री का काम करता था। मृतक के परिवार में दो बेटे सुहैल (10) व जिहान (2) तथा बेटी हुमेरा (7) है।

# गन्ना भुगतान नहीं मिलने पर किसानों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में किसान आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए और गन्ना भुगतान नहीं मिलने प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों के गन्ने का करोड़ों रुपया राणा शुगर मिल दबाए बैठी है। किसान को धान की रोपाई घर के खर्चा आदि के लिए पैसे की जरूरत है।

किसान संगठन के सदस्य मंगलवार को आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा कर आठ सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गय है कि किसानों को खाद उपलब्ध कराएं। बिलासपुर में डंडिया वन में अवैध कटान हो रहा है। लकड़ी के धंधेबाज खैर, सौगान, शीशम को रात में काट कर बेच रहे हैं। ट्रैक्टर से आरा मशीनों पर सप्लाई की जा रही है। विद्युत निगम की मनमानी को तुरंत रोका जाए। बिजली चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। आरोप लगाया कि बिलासपुर तहसील में तैनात लेखपाल और कानूनगो तालाब व सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे करा रहे हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है। इस मौके पर जसवीर सिंह, मोहम्मद अहमद, शकील अहमद, फरहत अली खान, रेखा, रानी, उर्मिला, ऊषा, अंजलि, सुरेंद्र सिंह, संतोष, सूरजभान, राजपाल, भोर, वीरेंद्र सिंह, अखिल अहमद, मुबारक हसन, आरिफ खान, कबीर आलम, जमाल अहमद, सतनाम सिंह, राजवीर सिंह, हरिचंद्रन, हरिचंद, बलजीत सिंह, जीत सिंह, मेहर सिंह, रूप सिंह, राजवीर सिंह, शफीक अहमद आदि रहे।

# हादसे में बाइक सवार मजदूर की मौत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मिलक थाना क्षेत्र में रात हुए सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



केशवराव का फाइल फोटो।

रहपुरा निवासी 55 वर्षीय केशवराव भैंसोड़ी गांव में अपनी बहन के घर गए थे। सोमवार रात बाइक से वापस घर लौट रहे थे। मिलक से पटवाई जाने वाले मार्ग पर रात 10 बजे ग्राम पटिया के निकट अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद अज्ञात चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने पर केशवराव की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। मृतक की जेब से मिले आधारकार्ड से मृतक की पहचान हुई। उनके परिजनों को हादसे की खबर दी। सूचना मिलने पर परिजन भी घटनास्थल पहुंचे। मृतक के बड़े पुत्र यशपाल ने पुलिस को बताया कि उसके फुफेरे भाई की तबीयत खराब चल रही थी। उसे देखने के लिए उसके पिता बुआ के घर गए थे। वहां से वापस लौट रहे थे और रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। मृतक खेती और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। मृतक की पत्नी गंगा देवी, दो पुत्र एवं तीन पुत्रियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों के द्वारा तहरीर मिलने के बाद संबंधित कार्रवाई की जाएगी।

### किसान के शव का किया अंतिम संस्कार

**रामपुर, अमृत विचार :** डीजल लेने जा रहे भगवत सरन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद का मझरा निवासी 40 वर्षीय भगवत सरन किसान था। वह सोमवार शाम को डीजल लेने के लिए जा रहा था कि घर से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



## युवक को गोली मारने में दो पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** बड़े भाई ने छोटे भाई के घर में घुसकर उसको गोली मारकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 2 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के बुलंद कालोनी निवासी मोहम्मद आमिर का कहना है कि उसका बड़ा भाई अफरोज भी उसके साथ रहता है। सबसे बड़ा भाई फिरोज अख्तर अलग रहता है। वह 19 जून की शाम को 6 बजे मोहम्मद आसिम के साथ आया। उसके बाद घर में घुसकर गाली गलौज कर दी थी। घर में मौजूद फिरोज ने बहन से गाली गलौज की। अफरोज के विरोध करने पर आरोपी फिरोज ने तमंचे से भाई को गोली मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद आरोपी मौका पाकर भाग गए थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस आ गई थी। उसके बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 2 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अब माध्यमिक स्कूलों में जुलाई से लगेगी ऑनलाइन उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अब माध्यमिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होगी। इससे छात्र-छात्राएं अब कक्षा में नहीं आएंगे तो उनका पता चल जाएगा। स्कूल कॉलेज खुलने के बाद यह आदेश पास हो जाएगा।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्कूलों में पारंपारिक उपस्थिति व्यवस्था का डिजिटलीकरण करने का निर्णय लिया है। जुलाई से प्रदेश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अब ऑनलाइन दर्ज होगी। उम्मीद है कि इस व्यवस्था के बाद से छात्र-छात्राओं की स्कूलों में संख्या बढ़ जाएगी। बहुत से छात्र-छात्राएं स्कूल जाने के बजाए अपने दोस्तों से होमवर्क के बारे में जानकारी लेकर निपटा लेते हैं।

ऑनलाइन हाजिरी लगने के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को कॉलेज जाना पड़ेगा। इससे विद्यालयों में पढ़ाई नियमित रूप से हो सकेगी। शिक्षक भी समय से स्कूल में उपस्थिति होंगे। बहुत से शिक्षक कुछ समय गोल करके वहां पर पहुंचते थे।



सरकार द्वारा छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति के बारे में सरकार के आगामी आदेश का यथासंभव पालन कराया जाएगा। इससे विद्यालयों में पठन-पाठन की दशा में भी सुधार होगा। छात्र-छात्राएं भी समय से स्कूल आया करेंगे। **- महावीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ**



शिक्षा प्रणाली में दिनों दिन नए नए प्रयोग हो रहे हैं। सरकार का शिक्षकों और छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति का निर्णय स्वागत योग्य है। इसका सकारात्मक प्रभाव शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों के अनुशासन और माता-पिता के स्तर पर भी देखा जा सकेगा। **- मुनीश चन्द्र शर्मा, प्रवक्ता जैन इंटर कॉलेज**

● **स्कूलों से गायब रहने वाले छात्र-छात्राओं की खैर नहीं**

## क्वालिटी बार मामले में 28 को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** क्वालिटी बार कब्जाने के मामले में अब 28 जून को सुनवाई होगी। आजम खां कोर्ट में वीसी के जरिए पेश हुए।

सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित हाईवे पर स्थित क्वालिटी बार के मामले में 19 नवंबर को गगन अरोरा ने शिकायत की थी। जिसके बाद 21 नवंबर 2019 को तत्कालीन राजस्व निरीक्षक अनंगराज सिंह ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि आजम खां ने जिला सहकारी संघ की जमीन पर बने क्वालिटी बार के 302 वर्ग मीटर के हिस्से को अपनी पत्नी को 1200 रुपये किराये पर दे दिया था। पुलिस ने जाफर अली जाफरी, आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। मामले में 28 जून को सुनवाई होगी। आजम खां वीसी के जरिए पेश हुए। जाफर अली जाफरी सहित दो लोग कोर्ट पहुंचे।

# अभद्रता में बजरंग दल नेता गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** मसवासी नगर पंचायत के संविदा सफाईकर्मी के साथ अभद्रता एवं जान से मारने की धमकी देने के साथ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में पुलिस ने बजरंग दल के नेता समेत तीन को नामजद कर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मंगलवार शाम को पुलिस ने अर्जुन गुप्ता को पकड़ने के बाद शांति भंग में चालान कर दिया है।

नगर पंचायत मसवासी निवासी अर्जुन गुप्ता चार दिन पहले नगर पंचायत कार्यालय आया था। वहां वह नगर पंचायत कर्मी राजीव शर्मा से अनुचित काम कराने का दबाव बनाकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगा। गलत कार्य करने से मना करने पर अर्जुन गुप्ता आग बबूला हो गया और राजीव शर्मा को गालियां देकर मारपीट की और जान से मारने



पुलिस की गिरफ्त में अर्जुन गुप्ता।

की धमकी दी। इसी मामले को लेकर सफाई कर्मियों ने मसवासी की सफाई व्यवस्था ठप कर प्रदर्शन शुरू कर दिया था। बजरंग दल के नेता समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। जिससे उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले सफाईकर्मियों ने कोतवाली का घेराव कर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था। सीओ अतुल कुमार पांडे ने प्रदर्शनकरियों को दो दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया था। पुलिस ने चार राजेश शर्मा की ओर से बजरंग दल के नेता मसवासी निवासी अर्जुन गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता, रवि मौर्य, वीरेन्द्र कुमार वीरू को नामजद कर तीन अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। सीओ अतुल कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार्रवाई की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के जिला प्रभारी अनिल राज के नेतृत्व में मसवासी में सफाई कर्मचारी राजीव शर्मा के साथ हुई अभद्रता पर जिला अधिकारी एवं सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि अगर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ सफाई व्यवस्था ठप कर देगा। इस अवसर पर, राकेश दुली, प्रेम राज, नवीन कुमार सोनू, रोहित राज, सचिन कुमार, सईद खान रहे।

## मिलक में चार घरों से नकदी और जेवर चोरी

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक में चोर तीन घरों को निशाना बनाकर करीब 14 लाख का माल समेट कर ले गए। इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिलक के धर्मपुरा निवासी अनीस अहमद सोमवार रात को परिवार के साथ सो रहा था कि चोर दीवार फांदकर दाखिल हुए। चोरों ने घर में रखे संदूक और अलमारी के ताले तोड़े और सोने के जेवर, चांदी के जेवर और 7 लाख नकद रुपये चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि मकान निर्माण के लिए सात लाख नकद घर में रखा हुआ था। इसके बाद चोर अली हसन के मकान में दीवार कूद कर घुसे और चांदी की पायल सहित 20 हजार रुपये ले गए। छोटे के घर से पांच हजार और जेवर ले गए। जहीर अहमद के घर से जेवर, सोने और दो हजार नकद ले गए। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी और जांच में जुट गई है।

# हयातनगर में दुकानों ,स्लैब, टिनशेड पर चला बुलडोजर

## एसडीएम की अगुवाई में अतिक्रमण पर की गई कार्रवाई, दुकानदारों में मची खलबली, पीडब्ल्यूडी ने दिए थे अतिक्रमणकारियों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हयातनगर में अतिक्रमण पर प्रशासन के बुलडोजर ने कार्रवाई शुरू की है। मंगलवार को एसडीएम की मौजूदगी मेंदुकानों का अतिक्रमण वाला हिस्सा तोड़ा, टिनशेड ध्वस्त करते हुए स्लैब को हटादि या। यह कार्रवाई पूर्व में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नोटिस जारी करने के बाद की गई।

एसडीएम विकास चंद्र, तहसीलदार धीरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल, एई पीडब्ल्यूडी विवेक कुमार बंसल की टीम मंगलवार को दोपहर में बुलडोजर लेकर हयातनगर पहुंची। पीडब्ल्यूडी द्वारा चिह्नित किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू की गई। चामुंडा मंदिर से अभियान शुरू करते हुए फलों के ठेलों को हटवाया गया। सामने की तरफ दुकानों के आगे पड़े टिनशेड को ध्वस्त कर दिया। कई दुकानों के आगे नाले पर स्लैब हटवा दिए। कुछ दुकानदारों ने कागजात भी दिखाए लेकिन टीम का कहना रहा कि पूर्व में नोटिस जारी करके अतिक्रमण हटाने के लिए समय दिया था।

पुरानी चुंगी के पास भी दुकानों के आगे टिनशेड ध्वस्त करने के साथ पक्के निर्माण को तोड़ा गया। एक दुकान का पिलर बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया।इसके बाद वापस लौटते हुए कार्रवाई की गई। इस बीच तमाम दुकानदार खुद ही सामान और अतिक्रमण हटाने में जुट गए। एसडीएम विकास चंद्र ने कहा कि पक्के मकान और दुकानों को अतिक्रमण के रूप में चिह्नित करते हुए 22 लोगों को नोटिस जारी किया गया था। निशानदेही भी की गई थी। समय देने के बाद भी लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जो रिकार्ड में सड़क दर्ज उसे लेकर ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है।


लोगों से जानकारी लेते लोक निर्माण विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

### परेशान रहे दुकानदार

अभी तक संभल शहर में ही अतिक्रमण पर कार्रवाई हुई है लेकिन हयातनगर में प्रशासन का बुलडोजर नहीं पहुंचा था। मंगलवार को दोपहर में अचानक अधिकारियों की टीम बुलडोजर लेकर हयातनगर पहुंची और अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू की । भीड़ कार्रवाई को देखने के लिए पहुंच गई। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों की सांसें थमी रहीं। पीडब्ल्यूडीके अधिकारियों ने कुछ दुकानदारों से जानकारी लेते हुए नोट भी किया।

### मस्जिद रजा-ए-मुस्तफा की मीनार हाइड्रा से हटाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की भूमि पर अवैध रूप से बनी मस्जिद की मीनार को मंगलवार को हाइड्रा से नीचे उतारा गया। मस्जिद के पास बनीं 4 दुकानों को खालीकर ध्वस्त करने के लिए प्रशासन ने कुछ दिन का समय दिया है। अन्यथा की स्थिति में जेसीबी से ध्वस्त करने की बात कही गई। पालिका की भूमि पर बने 34 मकानों को हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की साढ़े छह बीघा भूमि पर कई वर्ष पहले लोग मकान बनाकर रहने लगे तथा रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद का निर्माण कर लिया। प्रशासन ने लोगों से मकान खाली करने के निर्देश दिए थे ।मस्जिद कमेटी ने स्वयं ही मस्जिद ध्वस्त करने की बात कही। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई धीमी होने पर प्रशासन ने 4 दिन पहले जेसीबी लगा दी। मस्जिद की मीनार हटाने के लिए संभल से एक्सपर्ट की टीम सोमवार को पहुंची। मंगलवार की सुबह एसडीएम विनय मिश्रा, सीओ अनुज चौधरी ने शहर इमाम से बात की। इसके बाद हाइड्रा की मदद से मीनार को हटा दिया गया।


हाइड्रा से हटाई जा रही मीनार। ● अमृत विचार


हयातनगर में अतिक्रमण की जद में आई दुकान पर चलता बुलडोजर। ● अमृत विचार

## इनर व्हील की डॉ.मोहसिना अध्यक्ष सोनिया बनीं सचिव


डा. मोहसिना।


सोनिया नागपाल।

**संभल,अमृत विचार :** इनर व्हील संभल सिटी की वार्षिक कार्यकारिणी 2025-26 का डॉ. मोहसिना शहजाद को अध्यक्ष, डॉ. नेहा मलय को उपाध्यक्ष, सोनिया नागपाल को सचिव और गुंजा गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कार्यकारिणी में डॉ. निधि सक्सैना, डॉ. ललिता अग्रवाल, अंकिता गर्ग, गरिमा गोयल, अदिति गर्ग, नेहा तन्मय, स्वाति रस्तोगी, शुभांगी रस्तोगी, रूबी गुप्ता, साक्षी भंडूला, पारुल सिंघल आदि को शामिल किया। कार्यकारिणी ने पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर, डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन, बच्चों और महिलाओं का नि:शुल्क चेकअप, बच्चों को स्टेशनरी वितरण, एक गांव और स्कूल को गोद लेना, महापुरुषों की जयंती मनाना, वृद्धाश्रम एवं अनाथ आश्रम में आवश्यक सामान पहुंचाना और त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मऊभूड़ निवासी आयुष पुत्र संजीव और दो अन्य लोग मंगलवार को मुरादाबाद मार्ग से बाइक से लौट रहे थे। हड्डी मिल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में आयुष घायल हो गया। लोगों की सूचना पर परिजन पहुंचे। जिसके बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने उपचार शुरू किया।

### ई रिक्शा से टकराया बाइक सवार, हुआ घायल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में सूर्यकुंड मंदिर के पास मंगलवार शाम बाइक सवार ई-रिक्शा से टकराकर घायल हो गया। पुलिस ने घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चूंकि व्यक्ति बेहोश था, ऐसे में पुलिस को उसके बारे में जानकारी नहीं मिल सकी।

### दहेज के लिए महिला को मारपीट कर निकाला

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली गांव निवासी विजेंद्र सिंह ने बेटी अंजलि की शादी 27 नवंबर 2024 को सन्नी पुत्र रतनपाल निवासी वसंत बिहार नई दिल्ली के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति ,सास , ससुर व अन्य दो लाख व बोलेरो की मांग कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके वालों ने विवाद के निपटारे को ससुरालियों को बुलाया। पंचायत में मामला निपटाने का प्रयास किया लेकिन मारपीट हो गई। जिसमें अंजलि का पिता विजेंद्र सिंह जख्मी हो गया। विजेंद्र ने असमोली थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छत से गिरे मजदूर की अस्पताल में मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गांव मोहम्मदुपर काशी निवासी नरेश 40 वर्ष पुत्र रामेश्वर मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। सोमवार की रात करीब रात 11 बजे लघुशंका के लिए उठा और छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन निजी हास्पिटल ले गए जहां मंगलार की सुबह घायल ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी कविता व चार पुत्री व एक पुत्र को छोड़ गया है।

## समरसेबल से नहाते वक्त करंट से ग्रामीण की मौत

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र में भीषण गर्मी में समरसेबल चलाकर नहाते वक्त करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के अतरासी गांव निवासी ओमप्रकाश (51 वर्ष) पुत्र तालेवर सोमवार को रात भीषण गर्मी होने पर घर में लगा समरसेबल चलाकर नहाने लगा। उसी समय करंट दौड़ गया और ग्रामीण करंट की चपेट में आकर झुलस गया। परिजनों ने बिजली बाधित की और आनन फानन में ओमप्रकाश को संभल के निजी अस्पताल लाए। उपचार के दौरान ओमप्रकाश की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे राजकुमार ने करंट से पिता ओमप्रकाश की मौत होने पर आर्थिक स्थिति कमजोर होना बताया और मदद की गुहार लगाई।

# एसडीएम के तबादले का विरोध, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बहजोई/चंदौसी

- विभिन्न संगठनों के लोगों ने कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिए
- अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर सुर्खियों में रहे हैं एसडीएम विनय मिश्रा

**अमृत विचार:** जब किसी शहर में सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाता है तो अतिक्रमण हटवाने वाले अफसर के खिलाफ लामबंद होकर लोग सड़क पर उतरते हैं, लेकिन चंदौसी में सैंकड़ों दुकानों और मकानों पर बुलडोजर चला चुके एसडीएम का तबादला रुकवाने के लिए लोग सड़क पर उतरे हैं। बहजोई कलेक्ट्रेट जाकर आवाज बुलंद की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया।

एसडीएम चंदौसी विनय कुमार मिश्रा का तबादला शासन ने चंदौली जनपद को किया है। वह पिछले कई माह से चंदौसी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहे थे। उन्होंने अतिक्रमण की जद में आये और सरकारी जमीन पर बने सैंकड़ों निर्माणों को ध्वस्त कराया। बड़े कारोबारी और राजनैतिक रसूखदारों के अतिक्रमण भी ध्वस्त किये गये। बहजोई में हाईवे पर बना मंदिर और चंदौसी में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद हटाने व सड़क की जमीन पर बने कब्रिस्तान को हटाने के अभियान को भी विनय मिश्रा ने ही लीड किया। माना जा रहा था कि एसडीएम विनय मिश्रा के तबादले से लोग खुश होंगे लेकिन हुआ उलटा। अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरा होने तक एसडीएम विनय मिश्रा का तबादला रोकने की मांग को लेकर लोग सड़क पर आ गये। राष्ट्रीय सनातन महासंघ, भारतीय जनता पार्टी, अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल व जाट महासभा सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मंगलवार को चंदौसी से बाइकों से बहजोई कलेक्ट्रेट पहुंचे। एसडीएम विनय मिश्रा को वापस करो, तबादला रोको जैसे नारे लगाये।


डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

### कहा, बिना भेदभाव हटाया अतिक्रमण

बहजोई। डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि चांद सी चंदौसी को अतिक्रमण से मुक्त करने में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बिना भेदभाव के अतिक्रमण हटाने का काम किया हो है। मस्जिद हो या मंदिर, कब्रिस्तान चाहे शमशान सभी जगह निष्पक्ष कार्य शैली से अतिक्रमण हटाने का काम किया है। जब तक अतिक्रमण नहीं हट जाए तब तक उनका स्थानांतरण को रद्द किया जाए। इस दौरान कौशल किशोर वंदे मातरम, राजकुमार ठाकरे, अशोक गोस्वामी, पवन राघव, अशोक राणा, सोनू शर्मा, विवेक शर्मा, प्रदीप शर्मा, शुभम अग्रवाल, अनुज वार्ष्णेय सहित आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### उर्स में सूफियाना कलाम सुन झूमे अकीदतमंद



**संभल,अमृत विचार :** नगर के मंडी किशनदास सराय में स्थित शाह अली मुत्तकी मियां इसराईली चिश्ती कादरी के सालाना उर्स में सोमवार की रात कव्वाल गुलाम फहीम वारिस ने सूफियाना कलाम प्रस्तुत किए। मौला अली का कलाम पढ़ा गया तो नजरानों की बौछार हो गई। नाजिम ए दरगाह मुनाजिर हुसैन इसराईली वारसी, आयोजक उमर तुर्की, सलमान संभली, महफूज तुर्की, फहीम वारसी, सैफ अली वारसी, साकिब वारसी, मरगूब अशरफी, बबलू मेंबर, अनस तुर्की, सादिक वारसी, अकील वारसी, फराहीन वारसी, एहतेशाम अशरफी, शफीक वारसी, आसिफ असकरी, अजीम सैफी, बाबू मंसूरी, फिरोज अशरफी, कासिम तुर्की, सुलतान, शम्सउद्दीन, रईस वारसी, अनीस वारसी, नफीस वारसी आदि रहे। संचालन सलमान संभली ने किया।

### स्कूल मर्ज करने के विरोध में बीएसए को सौंपा ज्ञापन



**बहजोई, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर परिषदीय विद्यालयों को मर्ज न करने की मांग उठाई। प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दफ्तर पहुंचे ।उन्होंने महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ को संबोधित ज्ञापन बीएसए अलका शर्मा को देते हुए कहा कि कम संख्या वाले विद्यालयों की सूची तैयार कर विद्यालयों को समाहित करने की तैयारी की जा रही है। इन विद्यालयों को मर्ज न किया जाए। इससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रुकमेश चाहल, जिला मंत्री मोहम्मद उमर, मुकेश यादव, उदयवीर सिंह, डॉ सुरेंद्र सिंह, अमर सिंह राजपूत, अंकित ठाकुर, हाजी अजीम सिद्दीकी, वीरेंद्र सिंह, बलवीर सिंह यादव, मनीष कुमार, अनुज कुमार, कमल सिंह, हरेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस



**बहजोई, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रानी दुर्गावती का 461 वां बलिदान दिवस मनाया। कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी व कार्यकर्ताओं ने महारानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि भारत के इतिहास में रानी दुर्गावती ने अपने साम्राज्य की रक्षा व अपनी मातृभूमि को बचाने के लिए जान की बाजी लगा दी। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा रानी दुर्गावती गोंडवाना साम्राज्य की वीर शासिका ने 51 युद्ध में विजय प्राप्त की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव, अशोक राणा , शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरेशी, चेतन गुप्ता, कमल शर्मा, लवकुमार यादव, जितेंद्र जाटव, अशोक कुमार गुड्डू, रामनिवास दिवाकर, पप्पू शर्मा, मनोज शर्मा, बब्बन मोर्या, शारदा यादव, रेशम वती आदि मौजूद रहे।

### छुट्टा गोवंश से निजात दिलाने की मांग, दिया ज्ञापन



**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ असमोली को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत चंदवार में छुट्टा गोवंश पशुओं को संरक्षित किए जाने की मांग उठाई। मंगलवार को भाकियू शंकर के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ रिजवान हुसैन को ज्ञापन सौंपा। कहा कि चंदवार ग्राम पंचायत में छुट्टा गोवंश पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। राहगीरों पर भी छुट्टा गोवंश पशु हमला कर देते हैं। ऐसे छुट्टा गोवंश पशुओं को गोशाला में संरक्षित कराकर राहत दी जाए। इस दौरान अहमद अली, यासीन अहमद, मोहम्मद फैज आदि रहे।

## विवाद में चाचा पर उड़ेल दी गर्म तेल की कढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

- बचाव में चाचा ने पौनिया मारकर भतीजे को किया घायल

**अमृत विचार :** विवाद के चलते भतीजे ने चाचा पर गर्म तेल की कढ़ाई उड़ेल दी। चाचा गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं चाचा ने पौनिया मारकर भतीजे को भी घायल कर दिया।

मोहल्ला हल्लू सराय निवासी अशोक का बिजली कनेक्शन है। उसके केबल से भाई भीकम सिंह के घर में आपूर्ति की जा रही थी। अशोक ने बिजली चेकिंग को लेकर अलग से मीटर लगवाने के लिए कहा तो विवाद हो गया। मंगलवार को सुबह अशोक बड़े भाई परमानंद की मिठाई की दुकान पर खड़ा था। वहां पहुंचे भीकम सिंह के बेटे आकाश ने जलेबी की कढ़ाई अशोक के ऊपर उड़ेल दी। गर्म तेल से अशोक बुरी तरह झुलस गया। अशोक ने भी बचाव करते हुए पौनिया मारी तो आकाश घायल हो गया। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर ने अशोक का उपचार शुरू किया जबकि घायल आकाश का मेडिकल परीक्षण किया गया। आकाश ने बताया कि पिता की दुकान का सामान अशोक फेंकने लगा जिसके बाद हाथापाई शुरू कर दी। शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए तो झगड़ा कर लिया।


घायल आकाश।


झुलसा अशोक।

## सुबह छाए काले बादल, दिन में उमस से लोग बेहाल

**संभल,अमृत विचार :** संभल में मंगलवार को सुबह के वक्त आसमान में काले बादल छाए रहे लेकिन दोपहर में भीषण गर्मी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आया।

मंगलवार को सुबह जब लोग उठे तो काले बादल छाए हुए थे। लोगों ने सोचा कि बारिश होने से राहत मिल जाएगी। समय बढ़ा तो आसमान भी साफ होने लगा। तेज धूप से गर्मी भी तेवर दिखाने लगी। पंखे और कूलर भी खास राहत नहीं दे सके। हालांकि दोपहर के वक्त लोग घरों में कैद रहे तो बाजारों और मोहल्लों में सन्नाटे का माहौल दिखा। आलम यह रहा कि शाम को 5 बजे भी तेज धूप के कारण जनजीवन बेहाल था। संभल के अलावा सिरसी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी भीषण गर्मी के कारण लोग दिक्कतों से जूझे।

# 12 फीट शिफ्ट की गई दरगाह


हयातनगर में दरगाह को शिफ्ट करते मजदूर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- हयातनगर थाने से आगे अतिक्रमण की जद में आई दरगाह हटाई जा रही

**अमृत विचार :** हयातनगर थाने से आगे अतिक्रमण की जद में आई दरगाह को सवा बारह फीट साइड में शिफ्ट कर दिया गया है। अब 30 फीट पीछे फाउंडेशन तैयार किया जाएगा।

प्राचीन धर्म कूप मंदिर और उसके सामने स्थित मस्जिद का हिस्सा अतिक्रमण की जद में आया था। उस हिस्से को तोड़ने के बाद दरगाह को शिफ्ट किए जाने का काम शुरू हुआ है। रुड़की के ठेकेदार दिलशाद की निगरानी में मजदूरों ने दरगाह को साइड में सवा बारह फीट शिफ्ट किए जाने का काम मंगलवार को पूरा कर लिया। ठेकेदार दिलशाद ने बताया कि अब दरगाह को पीछे शिफ्ट किए जाने के लिए फाउंडेशन बनाया जाएगा। फाउंडेशन का काम बुधवार से शुरू किया जाएगा। यह कार्य तीन से चार दिन में पूरा करा लेंगे। दरगाह को शिफ्ट करने का काम 10 दिन में पूरा होने की उम्मीद है। बताते चलें कि दरगाह को शिफ्ट करने के लिए 20 लाख रुपये का खर्च आ रहा है। मस्जिद कमेटी धन जुटाने के लिए चंदा कर रही है। दरगाह की शिफ्टिंग कार्य को देखने के लिए रोजाना तमाम लोग पहुंच रहे हैं।

तबादला का विरोध | एसडीएम विनय मिश्रा के तबादले से खुश नहीं हैं शहर के आमजन

# सोशल मीडिया पर भी समर्थन में आए नगर के लोग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- नगर में पहली बार अतिक्रमण पर हुई हैं बड़ी कार्रवाई, मार्ग दिखने लगे चौड़े

**अमृत विचार:** दो बार अभियान चलाकर शहर के अनेक स्थानों से अतिक्रमण हटवाया गया जिसमें पालिका की कब्जाई गई भूमि भी शामिल थी। शहर में इससे पहले कभी इतनी सख्ती से अभियान चलता हुआ किसी ने नहीं देखा। कहा जा सकता है कि एसडीएम विनय कुमार मिश्रा शहर का कायाकल्प करने में जुटे थे। अखिरकार यह कायाकल्प की कवायद किसे पसंद नहीं आई यह सवाल लोगों के मन में हैं। इसीलिए उनका तबादला रोकने को जनमानस एकजुट होने लगा है। सोशल मीडिया पर भी उनके पक्ष में कैंपेन चल रहा है।

एसडीएम विनय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दो बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। 2024 के नवंबर माह में बहजोई के डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा को नगर पालिका चन्दौसी का कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी का चार्ज मिला था। उस समय बदायूं रोड, माल गोदाम रोड, सुभाष रोड, शक्ति नगर, स्टेशन रोड, फव्वारा चौक, रेलवे स्टेशन, सीता रोड, संभल गेट, मुंसिफ रोड, जारई गेट के स्टेशन रोड के बाहर मुखर्जी चौक स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया।

नगर पालिका की भूमि पर कब्जों को मुक्त कराने की कवायद की गई। बदायूं चुंगी से नगर पालिका की दुकानें तुडवाकर महाराणा प्रताप पार्क का जीर्णोद्धार किया गया। इसके बाद उनकी ड्यूटी प्रयागराज कुंभ मेले में लग गई। वह 2025 में दो माह पहले वापस आए ।


विनय कुमार मिश्रा।

### नगर पालिका की जमीन पर बनी मस्जिद कराई ध्वस्त

कुछ दिन पहले उन्हें चन्दौसी एसडीएम बनाया गया। इसके बाद फिर अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू हो गई। लक्ष्मण गंज में नगर पालिका की साढ़े छह बीघा भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कवायद शुरू कर दी। उक्त भूमि पर एक मस्जिद व 34 मकान बने हैं। मस्जिद ध्वस्त कराई जा रही है। कबीर गली व सीकरी गेट पर अतिक्रमण अभियान चलाया। शक्तिनगर में नाले को सीधा करने के लिए अतिक्रमण हटाया। जारई व बहजोई रोड पर अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की। एसडीएम का तबादला होने से शहर का आम जन खुश नहीं है। लोग नहीं चाहते की उनका तबादला हो। मंगलवार को कई संगठनों के लोगों ने बहजोई कलेक्ट्रेट में उनका तबादला रुकवाने के लिए ज्ञापन दिया। सोशल मीडिया पर भी उनके कार्यों की सराहना कर तबादला रोकने की मांग की जा रही है। इसके लिए कैंपेन चलाया जा रहा है।

# विरोध के बीच मेले की भूमि पर शुरू हुआ निर्माण

संवाददाता,बहजोई

- डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद निर्माण को मिली हरी झंडी
- श्री भगवंतपुर देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी बोले- करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार:** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर में मेले की जमीन पर सत्संग भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने इसका विरोध करने का ऐलान किया।

श्री भगवंतपुर देवी मंदिर के सामने मेले की भूमि पर मुख्यमंत्री वंदन योजना के तहत सत्संग भवन का कार्य कराया जा रहा था। मंदिर ट्रस्ट की शिकायत पर डीएम ने काम रोकने के निर्देश दिए थे। सोमवार को डीएम की अध्यक्षता में दोनों पक्षों में बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि बिना बाधा के पूरा काम किया जाए। मंगलवार को ठेकेदार पुलिस बल के साथ पहुंचे और जेसीबी से खुदाई शुरू कराई। देर शाम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बैठक कर मेले की भूमि पर निर्माण का विरोध किया। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि डीएम की अध्यक्षता में ट्रस्ट तथा नगर पालिका परिषद दोनों पक्षों को बुलाकर कागजात देखते हुए स्थिति स्पष्ट हुई।


जेसीबी लेकर पहुंचे मजदूर।

दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे ॥

दुष्ट और सांप, इन दोनों में सांप अच्छा है, न कि दुष्ट । सांप तो एक ही बार डसता है, किन्तु दुष्ट तो पग-पग पर डसता रहता है ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण उपलब्धि

स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य और आवास में प्रगति के आधार पर भारत 2025 के वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक में शीर्ष 100 देशों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में देश की प्रगति को दर्शाती है। अभिमान की बात है कि देश की प्रगति का श्रेय बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार, गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच और स्वास्थ्य सेवा को दिया जा रहा है। यह पहली बार है कि एसडीजी की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष देशों की सूची में प्रवेश किया है। गौरतलब है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करना, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, पर्यावरण की रक्षा करना और 2030 तक वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करना है। इनमें गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य शामिल हैं। यह रैंकिंग भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका को भी ध्यान में रखना होगा। भारत को अपने पड़ोसी देशों और अन्य विकासशील देशों के साथ सहयोग करना होगा ताकि वे भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है।

भारत को अपनी नीतियों और योजनाओं को एसडीजी के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अभी केवल शुरुआत है, भारत को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत को गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# जब लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था


राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

**अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया।**

बांग्लादेश युद्ध की कामयाबी ने इंदिरा गांधी को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 352 सीटें हासिल हुई थीं। विपक्ष हताश था। उसी बीच 1973 में गुजरात में छात्रों का आंदोलन शुरु हुआ। फौरी कारण हॉस्टल में भोजन की दरों में बढोतरी था। फिर यह आंदोलन फैलता गया। मांगे जुड़ती गईं। मोरारजी देसाई गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल की बर्खास्तगी और विधानसभा भंग करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। जबरदस्त जनदबाव के बीच केंद्र को विधानसभा भंग करनी पड़ी। उधर बिहार का छात्र आंदोलन वहां की गफूर सरकार के खिलाफ़ था। आजादी के बाद से राजनीति से दूर रहने वाले जयप्रकाश नारायण की शख्सियत बहुत बड़ी थी। आंदोलन से उनके जुड़ाव का देशव्यापी प्रभाव पड़ा। जिधर वह निकले छात्र-युवा, "अंधकार में एक प्रकाश-जयप्रकाश-जयप्रकाश" के नारों के साथ उमड़ पड़े। पटना में बेकाबू पुलिस ने उन पर भी लाठियां चला दीं। नानाजी देशमुख और अंगरक्षक ने खुद पर प्रहार झेलकर जेपी की रक्षा की। इस हमले ने आंदोलन का अनेक राज्यों में विस्तार किया।

उधर 12 जून 1975 की तारीख ने देश की दिशा ही बदल दी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिराजी का रायबरेली से लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोप में रद कर दिया। 1971 में वह इस क्षेत्र से सोशलिस्ट नेता राज नारायण से चुनाव जीती थीं। 12 जून को ही गुजरात विधानसभा के चुनाव नतीजे आए। जनता मोर्चे की बढ़त ने कांग्रेस पर दोहरा दबाव बनाया। निर्वाचन रद होने के बाद इंदिराजी पर इस्तीफ़े का भारी दबाव था। उनके छोटे पुत्र संजय गांधी उस समय तक मदद में सक्रिय हो चुके थे। समर्थकों और दिल्ली तथा पास-पड़ोस से जुटाई जा रही भीड़ इंदिराजी समर्थन में नारे लगा रही थी। हाईकोर्ट ने उन्हें अपील के लिए 15 दिन का समय दिया था। बीच के 12 दिन भारी संशय और तनाव भरे थे। पर 24 जून को सुप्रीमकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ के जस्टिस कृष्णा अय्यर ने उन्हें राहत दी। जस्टिस अय्यर ने लोकसभा में मतदान के उनके अधिकार पर पाबंदी लगाई लेकिन प्रधानमंत्रीके पद पर बने रहने की इजाजत दे दी। विपक्ष फिर भी आक्रामक था। 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान की सभा ऐतिहासिक थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं ने जनता से संघर्ष तेज करने की अपील की। कहा कि सरकार कानूनी और नैतिक दोनों ही नज़रियों से सत्ता में रहने का हक़ खो चुकी है। उसके आदेश न माने जाएं।

**सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए।**

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए। योजना पर मंत्रिमंडल की सहमति की औपचारिकता अगली सुबह निभाई गई। 25 जून की रात को ही राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने बिना नानुकुर के इस पर दस्तख़त कर दिए। वह रात विरोधियों पर कहर बन कर टूटी। जयप्रकाश नारायण सहित तमाम विरोधी नेता बीच रात सोते से थानों पर ले जाए गए। लोगों को ख़बर होने के पहले भोर में ही उन्हें अलग-अलग जेलों के लिए रवाना कर दिया गया। गिरफ्तारियों का यह सिलसिला देशव्यापी था। अखबारों की बिजली काटी गई। सेंसरशिप लागू की गई। नागरिक अधिकार छीन लिए गए। लाखों विपक्षी जेल में थे। बाकी देश खुली जेल था। लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था। अगले उन्नीस महीने सत्तादल की मनमानी और पुलिस-प्रशासन की जुल्म ज्यादती की तकलीफ़देह दास्तानों से भरपूर थे।

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नही किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया। 28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42वें संशोधन का दायरा व्यापक था। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। किसी केंद्रीय कानून के सर्वोच्च न्यायालय और राज्य के कानून के परीक्षण का अधिकार हाई कोर्ट को दिया गया। पर इसका उपबंध अदालतों के लिए किसी कानून को रद करना मुश्किल करता था। वह था "किसी भी संविधानिक वैधता के प्रश्न पर पांच से अधिक न्यायधीशों की बेंच द्वारा दो तिहाई बहुमत से निर्णय लिया जाएगा। यदि बेंच के न्यायाधीशों की संख्या पांच ही हो तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।" 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नही बना पायीं थीं। इस संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छः वर्ष कर दिया गया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को माखौल में बदल दिया। विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था। अनेक जजों और अखबारों ने सत्ता से तालमेल बिठाना सीख लिया था। जो ढर्रे पर नही आए, उन्हें पुलिस तथा अन्य सरकारी एजेंसियों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता पर गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गयी। 18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीख़ें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा। पर इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी-उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम दिया। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदख़ल नहीं किया। रायबरेली जहां से पिछली बार इंदिराजी जीतकर अदालत से हारी थीं, को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं। 24 मार्च 1977 को मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की सरकार बनी। इमरजेंसी की ज्यादतियों के खिलाफ़ एकजुट हुए इस पार्टी के घटक जल्दी ही आपस में उलझने लगे। 15 जुलाई 1979 को मोरारजी सरकार का इस्तीफ़ा हो गया। इस सरकार की नाकामियों और उस वक्त या बाद में उसके किरदारों की भूमिका एक अलग विषय है। पर लोकतंत्र और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले इस सरकार के एक बड़े योगदान को जरुर याद रखना चाहेंगे। साथ में मशहूर वकील शांति भूषण को याद कर सकते हैं। यह शांति भूषण थे, जिन्होंने राजनारायण के वकील के तौर पर हाईकोर्ट में जबरदस्त पैरवी करके इंदिराजी का चुनाव रद कराया था। उन्ही शांति भूषण ने जनता पार्टी की सरकार के कानून मंत्री के तौर पर, इमरजेंसी में नखविहीन कर दी गईं अदालतों की गरिमा वापस कराई।

## प्रसंगवश

# आपदा की चेतावनी देती एक मछली

**ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है।**

विगत दिनों तमिलनाडु के तट पर एक महाकाय मछली दिखने से लोग भयग्रस्त हो गए। क्योंकि देखी गई मछली को प्रलय का अग्रदूत माना जाता है। लोकश्रुतियां हैं कि जहां भी यह मछली दिखती है भयानक भूकंप या सुनामी आ जाती है। अब चूंकि मेरा मछलियों के विभाग से लंबा वास्ता रहा है, लोग मुझसे इसके बारे में विस्तार से जानना चाह रहे हैं।

यदि मेरी याददाश्त सही है तो मुझे इस मछली को देखने का मौका मुंबई में 1992-1993 में मिला था जब मैं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ फिशरीज एजुकेशन (अब विश्वविद्यालय) में 'इन सर्विस' ट्रेनिंग के दौरान विशाल समुद्री पोत सरस्वती पर सुदूर समुद्र में था जहां बड़े यांत्रिक जालों से मछलियां पकड़ी जा रही थीं ताकि प्रशिक्षुओं को समुद्री मत्स्य संपदा से परिचित कराया जा सके।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक दिन यह विशालकाय फीताकार मछली जाल में आई दिखी तो सब हैरान रह गए थे। हमारे प्रशिक्षक ने बताया था कि वह दुर्लभ 'ओरफिश' है। यह नाम पहली बार वहीं सुना था। समुद्री पोत के क्रू मेंबर्स ने तब इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई थी क्योंकि इसके मांस का टेक्स्चर अच्छा न होने के कारण इसकी कोई खास वैल्यू नहीं थी।

दरअसल ओरफ़िश गहरे समुद्र की मछलियों के एक छोटे से परिवार रेगलेसिडे से संबंधित है। यह विशालकाय और बहुत लंबी पेलाजिक लैम्प्रिफॉर्म मछली हैं। ये समशीतोष्ण महासागर क्षेत्रों से लेकर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों तक फैले क्षेत्रों में पाई जाती हैं। मगर बहुत कम ही देखी जाती हैं। ओरफ़िश परिवार में तीन प्रजातियां शामिल हैं। इनमें से ही एक, विशालकाय ओरफ़िश (रेगलेकस ग्लीसन) है और एक सबसे लंबी बोनी मछली है जो लंबाई में लगभग 8 मीटर (26 फीट) तक बढ़ जाती है।

ओरफिश को आम तौर पर "प्रलय को लाने वाली मछली" कहा जाता है। जापानी संस्कृति में, जब कोई ओरफिश सतह के पास दिखाई देती है, तो इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा की चेतावनी के रूप में लिया जाता है।

मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि गहरे समुद्र में रहने वाली यह मछली तब सतह पर दिखाई देती हैं जब वे बीमार होती हैं, या मर रही होते हैं। जबकि आम लोगों में ओरफिश को देखना बेहद दुर्लभ माना जाता है और एक बार से अधिक दिखाई देने के बाद, इसे चेतावनी माना जाता है।

तमिलनाडु में देखे जाने से पहले, एक ओरफिश ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में स्ट्रैहान के पास के तट पर बहकर आई थी। ऐतिहासिक रूप से, मछली की उपस्थिति को बाद की प्राकृतिक आपदाओं, जैसे भूकंप या सुनामी आदि से जोड़ा गया है। केतोहोकू भूकंप और सुनामी के बाद जिसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए, जापान में कई लोगों ने 2009 और 2010 में देश के समुद्र तटों पर बहकर आई 20 ओरफ़िश को जिम्मेदार बताया था ।

हालांकि 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि ओरफ़िश की उपस्थिति और उसके बाद के भूकंपों के बीच का संबंध एक "भ्रामक सहसंबंध" है। मगर अब तमिलनाडु के तटीय वासी डरे सहमे किसी भारी आपदा का इंतजार कर रहे हैं।

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है। लेकिन आमतौर पर अगर कोई सतह पर तैरती है, तो वह दबाव कम होने के कारण मर जाती है। ओरफिश जिस गहराई पर रहती है, वहां बहुत कम या कोई धारा नहीं होती है। नतीजतन, वे बहुत कम मांसपेशियों का निर्माण करती हैं और वे उथले अशांत पानी में जीवित नहीं रह सकती हैं।

# मुद्रा, बैंकिंग और आर्थिक विषमता


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं।**

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं, बल्कि सत्ता, नीति और सामाजिक विभाजन का उपकरण बन चुकी है। मुद्रा और बैंकिंग प्रणाली के विकास ने समाज में जहां आर्थिक क्रियाओं को तीव्रता और विस्तार दिया, वहीं एक गहरे और स्थायी आर्थिक विषमता के बीज भी बो दिए। सोने की ठोस मुद्रा से लेकर आज की अमूर्त डिजिटल मनी तक की यात्रा, केवल तकनीकी विकास की कथा नहीं है, बल्कि यह सत्ता-संबंधों और सामाजिक न्याय की गाथा भी है।

प्रारंभिक समाजों में वस्तु-विनिमय से शुरू होकर मुद्रा का विकास हुआ। जब मुद्रा धातु-आधारित थी- विशेषकर सोना या चांदी- तब उसका कुछ अंतर्निहित मूल्य था। किंतु जैसे-जैसे राज्य ने कागज़ी मुद्रा जारी करना शुरू किया, मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसकी स्वीकृतिऔर राज्य की गारंटी पर निर्भर हो गया।

डिजिटल युग में यह और भी अमूर्त हो गई-अब यह केवल बहीखाते में दर्ज अंक हैं। इस अमूर्तता ने मुद्रा को एक राजनीतिक उपकरण बना दिया- जिसकी सृजन व नियंत्रण की शक्ति सीमित संस्थाओं के हाथ में केंद्रित हो गई।

जब राज्य अधिक मुद्रा छापता है, तो उससे उत्पन्न होती है मुद्रास्फीति-जिससे मुद्रा की क्रयशक्ति घटती है। परंतु यह गिरावट सभी पर समान प्रभाव नहीं डालतीः मजदूर की आय स्थिर रहती है, पर उसकी जीवन-शैली महंगी हो जाती है, पूंजीपति की संपत्ति का मूल्य बढ़ जाता है- जैसे ज़मीन, शेयर, सोना। इस प्रकार मुद्रा की अमूर्तता और सृजन की असमान प्रणाली, श्रम के शोषण और संपत्ति आधारित आय के वर्चस्व को स्थापित करती है। डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई जैसी प्रणालियां सुविधाजनक अवश्य हैं, पर इनके पीछे एक सर्वव्यापक निगरानी तंत्र भी सक्रिय है। इससे निम्न और मध्यम वर्ग के आर्थिक व्यवहार पर निगरानी, अंकन और मूल्यांकन संभव हो जाता है- जिससे सामाजिक सहायता योजनाओं, क्रेडिट स्कोर या सामाजिक हैसियत में भेदभाव संभव हो जाता है।

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं। इससे श्रमिक और उत्पादक वर्ग की भूमिका गौण हो गई है, और वित्तीय वर्ग सामाजिक शक्ति के केन्द्र में आ गए हैं। यह वही संरचना है जो आर्थिक विषमता को न केवल जन्म देती है, बल्कि उसे संस्थागत रूप भी देती है। जॉन मेनार्ड कीन्स ने इन बातों पर ध्यान दिया था।

यह तर्क दिया जा सकता है कि मुद्रा और बैंकिंग के ये रूप केवल आधुनिकता के स्वाभाविक परिणाम हैं। किंतु यह सत्य नहीं है। यह पूरी व्यवस्था राजनीतिक और नीतिगत विकल्पों द्वारा निर्मित की गई है।

मुद्रा की सृजन प्रक्रिया पर लोकतांत्रिक नियंत्रण नहीं है। इस बात पर सोचा जाना चाहिए कि बैंक अपने जमाकर्ता को फिक्स्ड डिपोजिट पर जो सूद देता है उसकी दर मुद्रास्फीति की दर की तुलना में क्या है।

मुद्रा और बैंकिंग के अमूर्त रूपों ने जहां आर्थिक गतिविधियों को व्यापक और तीव्र बनाया, वहीं उन्होंने समाज में गहराती आर्थिक विषमता को वैधता और स्थायित्व भी दिया। यदि इस प्रवृत्ति को रोका न गया, तो हम एक ऐसे समाज की ओर अग्रसर हैं जहां मुद्रा की सुविधा केवल एक वर्ग के लिए है और शोषण की अनिवार्यता शेष समाज के लिए। क्या मुद्रा, चाहे वह भौतिक हो, डिजिटल हो या क्रिप्टो हो, संस्थानशून्यता, में काम करती है या किसी खास तरह के संस्थान से सामंजस्य स्थापित करके चलती है? मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं है, यह एक सामाजिक अनुबंध, राजनीतिक शक्ति और न्याय की प्रक्रिया का हिस्सा है। जब राज्य या बैंक मुद्रा का निर्माण करते हैं, तो वे केवल आर्थिक प्रवाह नहीं, सामाजिक संबंधों की संरचना भी तय कर रहे होते हैं।

जिस समाज में मुद्रा तक पहुंच आर्थिक हैसियत, क्रेडिट स्कोर, या संपत्ति पर निर्भर हो, वहां मुद्रा सामाजिक विभाजन का औजार बन जाती है और इस प्रकार, सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। मुद्रा के अर्थशास्त्र को केवल तकनीकी या मूल्य-सिद्धांत की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक नजरिए से देखना ज़रूरी है। हमने इसी व्यापक दृष्टिकोण की ओर कदम बढ़ाया है-और वह न केवल उपयोगी है, बल्कि समय की मांग भी है।

## सोशल फोरम

# कल्पित बंधुत्व

**इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!**

पिछले 100 सालों में हमारे देश में किसिम-किसिम के अंतर्राष्ट्रीयतावादी हुए। उनमें कुछ अपने को 'विश्वमानव' तो कुछ 'विश्व क्रांतिकारी' समझने लगे थे। उनके लिए देश हमेशा एक छोटी जगह रही है। उन सभी ने अपने-अपने नशे में देशप्रेम को फिजूल की चीज मान लिया। अंतर्राष्ट्रीयता एक कल्पित बंधुत्व है, वह मनुष्य के चित्त को व्यापक करती है। पर जब एक नशा बन जाती है भारतीयता, स्थानीय राष्ट्रीयता, मातृभाषा, लोक संस्कृति जैसी चीजें फिजूल लगने लगती हैं। इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कुछ बुद्धिजीवी लंबे समय से भारतीय राष्ट्र को एक 'कल्पित समुदाय' के रूप में देखते रह गए और खुद अंतर्राष्ट्रीयतावाद एक कल्पित भावना में बदल गया- एक कल्पित बंधुत्व, एक कल्पित स्वतंत्रता और एक कल्पित समानता! ऐसी कई भ्रांतिपूर्ण जगहें बन गईं जिनमें सारे बड़े स्वप्न खो गए, यथार्थ खो गए और हर तरफ 'भ्रांतिपूर्ण' छा गया! यह भी देखा जा सकता है कि बड़े व्यापारियों का कोई देश नहीं होता। अरबों में खेलने वाले ऐसे कई व्यापारी 'डबल सिटिजनशिप' रखते हैं। वे अपनी कल्पना 'विश्व नागरिक' के रूप में करते हैं। उनके लिए मुनाफा ही उनका देश है! दूसरी तरफ, बहुत से लोग पेड़ की एक डाल लेकर, उसे ही नचा-नचा कर पूरा पेड़ बताते हैं। वे पूरे भारत की चिंता नहीं करते। देश में जब से लोकप्रियतावादी लोकल प्रचारों का बोलबाला बढ़ा है इतिहास, संस्कृति के साथ देश को भी खंड-खंड देखा जा रहा है। इसे विभिन्न संकुचित स्वार्थों की जमीन से देखा जा रहा है, जहां प्रेम नहीं घृणा है। घृणा के रंग कई हैं, पर नतीजा एक है विनाश।

-फेसबुक वॉल से

# विकास से महाविनाश की ओर


निरंकार सिंह
वरिष्ठ लेखक

**बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।**

दुनिया भर के वैज्ञानिक अब अनुभव कर रहे हैं कि आधुनिक औद्योगिक विकास के जिस रास्ते पर हम जा रहे हैं वह विकास नहीं बल्कि महाविनाश की ओर ले जा रहा है। आज हमारे देश के तमाम शहर और कस्बे मोटर और मोटर सायकिलों के कारण जाम, धूल-धुंआ और गहरे प्रदूषण के शिकार हो गए हैं। जहां सांस लेने के लिए न शुद्ध हवा है और न तो पीने के लिए साफ पानी ही है। हमारी फसलें और सब्जियां भी खतरनाक कीटनाशकों से ग्रस्त हैं। उधर कई देशों के बीच चल रही जंग से भी हमारा पर्यावरण गहरे प्रदूषण की चपेट में है। जंग सिर्फ इंसानों की जान ही नहीं लेता बल्कि यह हमारी धरती को भी गंभीर रूप से बीमार कर रहा है। बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दरअसल बहुत से लोग यह सोचते हैं कि पर्यावरण या जलवायु परिवर्तन भविष्य की घटना है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। वे यह नहीं जानते इस बड़े संकट से हम जूझ रहे हैं। दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्र और लोग आज जलवायु परिवर्तन की चल रही प्रक्रिया से प्रभावित हैं। जलवायु परिवर्तन पर्यावरण को कई अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें तापमान में वृद्धि, समुद्र का जलस्तर बढ़ना, सूखा, बाढ़ और बहुत कुछ शामिल है। ये घटनाएं उन चीजों को प्रभावित करती हैं जिन पर हम निर्भर हैं और जिन्हें हम महत्व देते हैं, जैसे पानी, ऊर्जा, परिवहन, वन्यजीव, कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य।

इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 4.9 डिग्री तक फारेनहाइट बढ़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो ये धरती पर भीषण तबाही मच जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के गर्म होने से महासागरों का जलस्तर इतना बढ़ जाएगा कि कई द्वीप देश हमेशा के लिए डूब जाएंगे। हैम्बर्ग विश्वविद्यालय में ध्रुवीय अनुसंधान के प्रोफेसर और इस शोध में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिक डर्क नॉट्ज के अनुसार धरती के बढ़ते तापमान से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली जगहों में आर्कटिक सबसे ऊपर है। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के आसपास का क्षेत्र लगातार गर्म होता जा रहा है। प्रोफेसर डर्क नॉट्ज के अनुसार, आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। अध्ययन से पता चला है कि आर्कटिक में दैनिक तापमान आने वाले समय में सभी पुराने रिकॉर्ड से पार चला जाएगा। आर्कटिक महासागर लगातार कई गर्मियों तक अपने बर्फ के आवरण को खो देगा। ग्रीनलैंड का पिघलने वाला क्षेत्र चौगुना हो जाएगा और पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र आधे से भी कम हो जाएगा। ये परिवर्तन केवल बर्फ और पानी तक सीमित नहीं होंगे। वन, वन्यजीव और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के जोखिम का सामना कर रहा है। महासागरों में पानी का स्तर बढ़ा तो मानव बस्तियों और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान होगा।

डरहम विश्वविद्यालय का अध्ययन विज्ञान पत्रिका कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरमेंट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। प्रमुख शोधार्थी प्रोफेसर क्रिस स्टोक्स ने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के बावजूद समुद्र के स्तर में वृद्धि की गति तेज होती रहेगी। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण से अंटार्कटिका के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंटार्कटिका शायद एक तरह के टाइम बम के ऊपर तैर रहा है। अंटार्कटिका में कम से कम 100 ऐसे ज्वालामुखी हैं जिनके बारे में बहुत अधिक जानकारी मौजूद नहीं है। इनमें से कुछ पश्चिमी तट पर स्थित है तो वहीं कुछ ज्वालामुखी सतह के ऊपर हैं। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो बर्फ की चादर से कई किलोमीटर नीचे स्थित है। जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलती बर्फ से नीचे की चट्टानों का वजन भी कम हो रहा है। कंप्यूटर सिमुलेशन के आधार पर यह दावा किया गया है कि अगर अंटार्टिक बर्फ की चादर को ज्यादा नुकसान होता है तो नीचे दबे हुए ज्वालामुखी के फटने का खतरा काफी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर सिमुलेशन की मदद से ये जानने का प्रयास किया कि, बर्फ की चादर पिघलने से अंटार्कटिका के ज्लावामुखियों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। इन सिमुलेशनों से यह निष्कर्ष निकला कि धीरे-धीरे पिघलती हुई बर्फ के कारण ज्लावामुखी विस्फोट की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना हैं कि दुःख की बात ये है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। अगर और बुरी हालत बनती है तो इसके नतीजे भुगतने के लिए सभी जीवों को तैयार रहना पड़ेगा क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर रोकथाम हो ही नहीं रही है। उससे पूरा वायुमण्डल खराब होता जा रहा है। लेकिन अभी भी यदि हम नहीं संभले तो शायद जल्दी ही वापस लौटने के लिए बहुत ही देर हो चुकी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## रुहेलखंड विवि में प्रवेश तिथि बढ़ने के आसार

**बरेली, अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि फिर बढ़ाई जा सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन के सूत्रों के अनुसार बढ़ाकर 10 जुलाई तक किया जा सकता है। अभी बड़ी संख्या में छात्र आवेदन नहीं कर पाए हैं।

साथ ही कई कॉलेजों से यह अनुरोध भी आया है कि उन्हें छात्रों को मार्गदर्शन देने और दस्तावेजों की तैयारी के लिए और समय दिया जाए। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर भी पिछले कुछ दिनों में सर्वर स्लो होने की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके कारण कुछ विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश आवेदन लिए जा रहे हैं।

# दीपक का था खेत में मिला शव गोली मारकर की गई थी हत्या

## सोमवार को शहबाजपुर में खेत में मिले शव की हो गई शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- परिजनों की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कर रही है मामले की जांच

**अमृत विचार :** रजबपुर क्षेत्र के गांव शहबाजपुर में गन्ने के खेत में मिले शव की शिनाख्त हो गई। मृतक की शिनाख्त 27 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। वह थाना नौगांवा क्षेत्र के गांव गालिब बड़ा का निवासी था। उसके सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


मृतक दीपक।

थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव शहबाजपुर में सोमवार को जितेंद्र सिंह के गन्ने के खेत में एक युवक का शव पड़ा मिला था। शव की शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन नहीं हो सकी। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले थे। मृतक केवल अंडरवियर पहने हुए था। सीओ शक्ति सिंह, रजबपुर थाना प्रभारी कोमल तोमर ने जांच पड़ताल की थी। एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल का मुआयना किया था। शव को पोस्टमार्टम हाउस पर रखवाकर पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही थी।

मंगलवार को शव की शिनाख्त नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव गालिब पाड़ा निवासी 27 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। दीपक अपने पिता सतेंद्र के साथ खेती करता था। सतेंद्र ने बताया कि दीपक सोमवार सुबह करीब 4 बजे देहरादून जाने की बात कहकर घर से निकला था। वह पहले भी देहरादून में नौकरी करता था, लेकिन यह कभी नहीं बताया कि वहां क्या काम करता है। उसके सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी। हालांकि अभी तक उसकी बाइक का पता नहीं चल सका है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। सिर में गोली मारकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। शरीर पर भी चोट के निशान मिले हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## स्कूल मर्ज करने का किया जाएगा विरोध, ज्ञापन दिया


ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के लोग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ ने दिया ज्ञापन

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा महानिदेशक स्कूल बेसिक शिक्षा को भाकियू के डा.चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रेषित किया। शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा विद्यालय मर्ज प्रक्रिया को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। क्योंकि ऐसा करने से जिले में हजारों बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित हो जाएंगे।

भारतीय किसान यूनियन युवा जिला अध्यक्ष मोहन बेनीवाल, भारतीय किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष जोया मुकेश चौधरी, ध्रुव चौधरी, भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राकेश चहल, जिला संरक्षक पुरजीत सिंह, तेजपाल सिंह, ज्योति सिंह,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप गौतम, यतेंद्र देओल, विकास चौहान, सुशील नागर, जमशेद शरीफ, सत्यपाल सिंह, अजय बामल, विजय सिंह, मर्सल हुसैन, हेमराज कोहली, जितेंद्र कुमार,अनीस अहमद, शमीम अहमद, हरीराज सिंह, संजीव कुमार, नौबहर सिंह, आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## आधार कार्ड संशोधन और बिजली सप्लाई का मुद्दा उठा


एसडीएम कार्यालय के बाबू को ज्ञापन सौंपते भाकियू भानू कार्यकर्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को ब्लॉक परिसर में स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने भारतीय किसान यूनियन भानू के एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आधार कार्ड संशोधन एवं शेड्यूल के मुताबिक बिजली सप्लाई की मांग की गई।

भाकियू भानू के युवा जिला अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि जो घरेलू विद्युत कनेक्शन है उनका बिल अत्यधिक निकाला जा रहा है। उनको तत्काल सही कराया जाए। किसान आयोग का गठन किया जाए। किसानों का शीघ्र कर्जा माफ किया जाए।

हसनपुर में आधार कार्ड संशोधन नहीं हो पा रहे हैं जिससे लोगों के सामने समस्या उत्पन्न हो गई है। तहसील उपाध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान ने कहा कि अगर किसानों की समस्याओं का समय से समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में राजीव कुमार, सतपाल सिंह, इरशाद मलिक,लव कुश कुमार, जमशेद चौधरी, हरपाल सिंह, राहुल चौहान,कोमल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## घर के अंदर से भैंस को उठाकर ले गया तेंदुआ

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव रामनगर में तेंदुआ घर से एक भैंस को उठाकर जंगल में ले गया और निवाला बना लिया। घटना से ग्रामीणों दहशत का माहौल है।

घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव रामनगर की है। यहां पर चंद्रपाल सिंह का परिवार रहता है। सोमवार की रात को परिवार के लोग घर में सो रहे थे। इस दौरान रात में करीब 3 बजे तेंदुआ घर में घुसा और एक भैंस को उठा ले गया। चंद्रपाल सिंह ने बताया कि शाम को उन्होंने अपने पशुओं को चांदनी घर में बांधा था। सुबह जब वे देखने गए तो एक भैंस गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जंगल में भैंस का अवशेष मिला। तेंदुए ने भैंस को अपना शिकार बना लिया था। तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग खेत जाने से डर रहे हैं। यह घटना गांव में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी।

# अतिक्रमण पर चली जेसीबी नालों के ऊपर से हटाए कब्जे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर पालिका अमरोहा में जेसीबी से नालों पर किए गए अक्रिमण को तुड़वाया गया। निर्देश दिए कि जो भी अतिक्रमण करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को मोहल्ला किशनगढ़ में अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। टीम ने जेसीबी से मदद से अतिक्रमण को ध्वस्त कराया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। सड़क पर अवैध ठेले व दुकानों के आगे सामान को हटाया गया। चेतावनी दी कि दोबारा से अतिक्रमण किया तो अतिक्रमण हटाने में आने वाले व्यय को स्वयं भवन स्वामी से वसूला जाएगा। ईओ ने बताया कि मानसून से पूर्व नगर के समस्त छोटे बड़े नालों की सफाई करवा दी गयी है। पालिका को


नाले के ऊपर से अतिक्रमण हटाती जेसीबी। • अमृत विचार

- सड़क पर अवैध ठेले व दुकानों के आगे सामान को भी हटाया गया

शिकायत प्राप्त हो रही थी की नौगावां रोड से किशन गढ़ वार्ड को होते हुए श्री वासुदेव तीर्थ की ओर जाने वाले मार्ग पर भवन स्वामियों, दुकानदारों द्वारा नालो पर स्थायी व अस्थाई अतिक्रमण कर लिया है। जिससे वर्षा के समय नालो मे जल का प्रवाह अवरुद्ध होने के कारण जलभराव हो रहा है। इसी अतिक्रमण को पालिका संसाधनों से हटवाया गया।

ईओ ने नगर की जनता से अपील की गयी हैं किघरों का कूड़ा मोहल्ले मे आने वाले पालिका के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन मे ही डालें,नाली अथवा नाले में अपने घरों का कूड़ा न डालें। नाली, मार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें।

# स्वच्छता की मुहिम को लग रहा झटका

संवाददाता, गजरौला

- एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पर लटका ताला
- कूड़े से जैविक खाद बनाने की योजना विफल साबित

**अमृत विचार :** गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा देने व कूड़े से जैविक खाद बनाने की महत्वाकांक्षी योजना क्षेत्र में धरातल पर विफल साबित हो रही है। पंचायतों में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) पर ताला लटका है। गजरौला व मंडी धनौरा ब्लाक क्षेत्र में कई आरआरसी केंद्र तो अभी शुरू भी नहीं हो सके हैं।


आरआरसी केंद्र पर लगा ताला। • अमृत विचार

गांवों में घर-घर से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग जमा कर इन आरआरसी केंद्रों में लाया जाना था। यहां कचरे को संरक्षित कर जैविक खाद में बदलने की योजना थी। इसके लिए गांवों में जगह-जगह कूड़ेदान भी लगाए गए। मकसद था कि कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा हो, दूसरी तरफ गांव स्वच्छ रहें और तीसरा किसानों को जैविक खाद मिले। इन आरआरसी केंद्रों का निर्माण होने के बाद किसी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं गया। गजरौला ब्लाक क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसांई में बने आरआरसी केंद्र पर ताला लगा रहता है। केंद्र परिसर में घास जम गई है। इसके अलावा 74 गांवों में बने आरसीसी केंद्रों में से भी ज्यादातर पर ताले लटके हैं। मंडी धनौरा ब्लाक क्षेत्र में भी कई आरआरसी केंद्रों पर ताले लगे हैं। खास बात यह है कि गांवों के बाहर कूड़ा जमा किया जा रहा है, जिससे संक्रामक रोगों के पनपने का खतरा भी बना हुआ है। एडीओ पंचायत राजीव कुमार ने जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पशु क्रूरता करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार:** पशु कल्याण समिति के सदस्य डॉ रूमाल सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर पशु क्रूरता करने वाले लोगों पर कार्रवाई करवाने की मांग की।

कहा कि एक सप्ताह पूर्व तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम डगरोली कालका वाली के जंगल में शिकारियों ने नील गाय को धारदार हथियारों से मार दिया जिसकी रिपोर्ट कोतवाली हसनपुर में दर्ज की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है। गांव शाहपुर में बीच सड़क पर कई दुकानों पर खुल्लमखुल्ला मुर्गा काटे जाते हैं। इससे शाकाहारी लोगों को परेशानी होती है। शिकायत के बाद भी दुकान दारों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है। 26 जून कोसंभ्रांत लोगों के साथ मिलकर पुलिस क्षेत्राधिकारी हसनपुर कार्यालय पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन की बात कही।

## स्कूल मर्ज करने का प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया विरोध

संवाददाता, हसनपुर

- कहा- इससे बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा असर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्ष राजपूत कॉलोनी में ब्लॉक अध्यक्ष हसनपुर होमपाल सिंह चौहान के आवास पर हुई। बैठक में परिषदीय स्कूलों के मर्ज करने का विरोध किया।

जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को निकटवर्ती स्कूलों में मर्ज करने का निर्णय ठीक नहीं है। सैकड़ो स्कूलों में ताला लग जाएगा और उस गांव के गरीब बच्चों को 2 से 3 किलोमीटर दूर दूसरे गांव में पढ़ने के लिए जाना पड़ेगा। इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस आदेश को रद्द करने की मांग की है। जिला मंत्री मुकेश चौधरी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा एवं स्वास्थ्य होने चाहिए लेकिन सरकार स्कूल बंद कर गरीब बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करना चाहती है जो उनके साथ अन्याय है। कहा अगर धरने प्रदर्शन की आवश्यकता हुई तो उससे भी पीछे नहीं हटेगा।

ब्लॉक अध्यक्ष हसनपुर होमपाल सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, ब्लॉक मंत्री इरशाद अली, ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी, सोम सिंह, विनोद कुमार गौतम,देवेंद्र शर्मा, महताबुद्दीन, गौरव नागर, सचिन गुप्ता, गौतम सिंह, योगराज सिंह,सर्वेश चौहान, गजेन्द्र ढाका,दलीप तोड़ीवाल,करणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## मामूली विवाद में दंपती को पीटकर किया घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें दंपती घायल हो गए।

शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी यश व रोहित के बीच मंगलवार सुबह घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई।

आरोप है कि रोहित ने अपने घर वालों के साथ मिलकर यश व उसकी पत्नी रश्मि को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बढ़ेगी परेशानी** | तिगरी में गंगा में उफान, बाढ़ के डर से सहमे हैं किनारे बसे गांवों के लोग

# बिजनौर बैराज से छोड़ा 23357 क्यूसेक पानी, जलस्तर बढ़ा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** जलस्तर बढ़ने पर तिगरी गंगा उफान पर है। आसपास बसी आबादी सहमी है। गंगा तेजी से खेतों की तरफ कटान कर रही है। वहीं बिजनौर बैराज से और पानी छोड़े जाने की संभावना भी जताई जा रही है। ऐसे में जलस्तर और बढ़ेगा। खादर क्षेत्र के निवासियों को बाढ़ का डर सता रहा है।


गंगा का जलस्तर बढ़ने से डूबी झोपड़ी।


तिगरी गंगा घाट पर बनीं झोपड़ी तक पहुंचा जलस्तर। • अमृत विचार

पहाड़ों पर हो रही बारिश की वजह से कालागढ़ व बिजनौर बैराज में पानी ओवरफ्लो हो गया है। सोमवार को बिजनौर बैराज से तिगरी गंगा में पानी छोड़ा गया था। इसके बाद से तिगरी गंगा का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है। फिलहाल जलस्तर 199.70 सेमी दर्ज किया गया है, गंगा उफान पर है। ऐसे में गंगा किनारे बसे गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को बाढ़ की चिंता सताने लगी है।

हालांकि अभी स्थिति सामान्य है। वहीं गंगा घाटों के किनारे रखी झोपड़ियों में भी पानी भर गया है। कुछ पुरोहितों ने अपनी झोपड़ी पीछे भी हटा ली है। इसके अलावा गंगा के बढ़े जलस्तर का असर रामगंगा पोषक नहर में भी दिख रहा है। नहर में पानी ज्यादा होने के कारण ही बहाव भी तेज हो गया है। इस बाबत जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार का कहना है कि सोमवार को बिजनौर बैराज से 23357 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। जिसके चलते मंगलवार को तिगरी गंगा का दस सेमी जलस्तर बढ़ गया है। पहाड़ों पर बारिश जारी रहने पर पानी छोड़े जाने व तिगरी गंगा का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है।

### स्थानीय लोगों में दहशत

तिगरी गंगा किनारे 40 गांवों में डर का माहौल है, क्योंकि गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। तिगरी घाट पर पुरोहितों की झोपड़ियां डूब गई हैं व 40 से ज्यादा गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। खासकर उन गांवों में जो हर साल बाढ़ से प्रभावित होते हैं।

## सार-संक्षेप

### श्री वेंकटेश्वरा विवि का जर्मनी की संस्था से अनुबंध



**गजरौला, अमृत विचार :** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय का इंजीनियरिंग एवं एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों के लिए विश्व की सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी कम्पनी जर्मन एकेडमी ऑफ डिजीटल ऐजुकेशन के साथ लेटेस्ट टेक्नोलॉजी फाईव–जी कनेक्टिविटी, हाइड्रोजन तकनीक एवं सोलर एनर्जी तकनीक पर स्टूडेन्ट एक्सचेंज प्रोग्राम एवं फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए शैक्षणिक अनुबन्ध हो गया है। इस आशय की जानकारी मंगलवार को एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने दी। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, कुलपति प्रो कृष्ण कान्त दवे, जर्मन एकेडमी के इण्डिया हेड प्रो. अमित दास, रीजनल मैनेजर एनबी रॉय, कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, प्रो. आरएस शर्मा, डॉ. राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जिला सूचना अधिकारी सुभाष चंद्र को दी विदाई




**अमरोहा,अमृत विचार :** जिला सूचना अधिकारी सुभाष चंद्र का जनपद उन्नाव में स्थानांतरण हो जाने पर पत्रकारों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया। सुभाष चंद्र अमरोहा में लगभग 9 साल तक रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें पत्रकार साथियों से भरपूर प्यार स्नेह और सहयोग मिला। संचालन डॉ. नरेंद्र सिंह ने किया। जिला सूचना अधिकारी सुभाष चंद्र को फूलमालाओं के साथ विदाई दी।

### मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 60वीं पुण्यतिथि मनाई



**अमरोहा,अमृत विचार :** मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों द्वारा शहर के मोहल्ला कोट प्रभु संदेश भवन ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की 60वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सुबह से सामूहिक योग के बाद संस्था की निमित्त बहनों द्वारा तैयार किया गया भोग दादी को स्वीकार कराया गया। धनौरा से आईं संस्था की जिला प्रभारी मनीषा बहन, बी.के.अर्चना, योगिता, विनीता, प्रवेश, सुनीता, उमा, संतोष आदि के अतिरिक्त उमेश, होरीलाल, दिनेश, लवली, करन सिंह, सतीश, पुरुषोत्तम, राजवीर, मुकुल, तेजपाल, भरत आदि भाई तथा प्रेरणा, नीता, नीलम, मंजू, भारती, सरोज, वीरवती, सीमा, माया आदि बहनें कार्यक्रम में उपस्थित रहे। दिवंगत आत्मा को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

### बेटियों को अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी: दमन प्रीत



**बिजनौर, अमृत विचार :** विवेकानन्द दिव्य भारती के सेल्फ डिफेंस कैंप का समापन आरजेपी इन्टर कालेज के सभागार में हुआ मुख्य अतिथि डीपीआरओ दमन प्रीत अरोड़ा रही। उन्होंने कहा कि दिव्य भारती का बेटियों के लिए आत्म रक्षा के लिए गुर सिखाना एक प्रशंसनीय कदम है। बेटियों को अपनी सुरक्षा खुद करनी होगी। दिव्य भारती के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने 15 दिन के कैम्प के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण देने में विनय चौधरी, राशि कुमारी रश्मि कुमारी, अंकुर चौधरी व अरविन्द अहलावत का योगदान रहा। जे पी के प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल, रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर,डी ए वी के पूर्व प्रधानाचार्य डा सुबोध चन्द्र शर्मा, सभासद कुंवर राजवीर सिंह व डा. वीरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### जेएस इंटर कॉलेज के शिक्षक मनोज गौड़ का निधन



**अमरोहा, अमृत विचार :** जेएस हिंदू इंटर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक मनोज गौड़ का हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह सुबह एक्सरसाइज करने के लिए ग्राउंड फ्लोर पर आए थे। इस दौरान हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई। वासुदेव तीर्थ कॉलोनी निवासी जेएस हिंदू इंटर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक व उत्तर प्रदेश के माध्यमिक शिक्षक संघ अमरोहा के जिला उपाध्यक्ष मनोज गौड़ रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे एक्सरसाइज करने के लिए ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे। वह एक्सरसाइज करते ही गिर गए। उनकी पत्नी नीचे पहुंची तो उनको देख कर चीख निकल गई। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हुई है। मनोज गौड़ की निधन की खबर सुनते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई।

### पैथोलॉजी लैब संचालक की बाइक चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां निवासी कुंवरपाल सिंह का बेटा अनुज कुमार पैथोलॉजी लैब चलाता है। बीती रात घर लौटते समय रास्ते में बाइक खड़ी कर लघु शंका करने चला गया। वापस आया तो बाइक गायब थी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।

### मोहर्रम के चांद से होगा इस्लामी नए साल का आगाज

**बरेली, अमृत विचार :** इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना मोहर्रम है। 26 जून यानी गुरुवार की शाम चांद देखा जाएगा। चांद के दीदार के साथ 27 या 28 जून को इस्लामी 1447 हिजरी का आगाज होगा। दरगाह आला हजरत से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि इस तरह यौमे आशूरा (10 वां मोहर्रम ) 6 या 7 जुलाई को पड़ेगा। दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि पहले मोहर्रम को इस्लाम के दूसरे खलीफा उमर फारूक की शहादत हुई। उन्होंने कहा कि पैगंबर ए इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन को उनके 72 साथियों को कर्बला की तपती धरती पर भूखा–प्यासा शहीद कर दिया गया। इमाम हुसैन और उनके साथियों ने अपना सिर हुकूमत के सामने झुकने नहीं दिया। बल्कि सिर कटा कर इस्लाम का परचम बुलंद कर दिया। बुराई के खिलाफ आवाज बुलंद करने का पैगाम भी कर्बला का मैदान देता है। उन्होंने कहा कि मुसलमान इस माह शहीद–ए–कर्बला को खिराज पेश करने के लिए ज्यादा से ज्यादा भलाई के काम करें। गैर शरई कामों से बचते हुए नमाज की पाबंदी, कुरान की तिलावत, रोजा रखने के साथ इमाम हुसैन की याद में महफिल सजाएं। लंगर का आयोजन करते समय यह ध्यान रखें कि लंगर को लुटाने की जगह बैठ कर खिलाएं। बेसहारा लोगों का खास ख्याल रखें। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ का हिस्सा लें। ज्यादा से ज्यादा पौधे रोप कर हरियाली बढ़ाएं। पौधारोपण हमारे नबी की सुन्नत है। पेड़ लगा कर अपने शहर को हरा भरा कर पर्यावरण बचाने के लिए काम करें।

# अपराधियों और गैंगस्टरों पर करें सख्त कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी ने मंगलवार को रेंज के चारों एसएसपी और एसपी के साथ आगामी त्योहारों को लेकर कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने रेंज के टॉप-10 अपराधियों और गैंगस्टरों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री स्तर पर हुई समीक्षा बैठक के बिंदुओं पर जिलों की स्थिति जानी। उन्होंने माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई, लंबित विवेचनाओं, इनामी और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की प्रगति देखी और एससी-एसटी एक्ट, महिला उत्पीड़न, दहेज हत्या, बलात्कार, पॉक्सो जैसे गंभीर मामलों पर सख्त रवैया अपनाने को कहा।

# बिजली के खंभों ने रोक दिया गुलडेहरा मार्ग का निर्माण

## सड़क पर खड़े विद्युत पोल के कारण नहीं आ पा रही हाट मिक्स मशीन, बरसात में लोगों को होगी मुसीबत

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** गुलडेहरा के लिए 500 मीटर से अधिक सड़क निर्माण अधर में लटक गया है। हाट मिक्स मशीन नहीं आ पाने से विद्युत पोलों को हटाने के बाद सड़क निर्माण कराया जाएगा।

गुलडेहरा मार्ग पिछले कई वर्षों से जर्जर है। हाट मिक्स सड़क व नालियां बनाने का कार्य किया जाना था। जिसके चलते सड़क के दोनों ओर नालियां का तो निर्माण करा दिया गया। बताया गया कि सड़क पर बिजली के खंभों के कारण हाटमिक्स मशीन नहीं आ पा रही है। विद्युत पोल हटाकर सड़क किनारे लगाए जाएंगे उसके बाद निर्माण होगा।



गुलडेहरा मार्ग पर जलभराव से गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार

लोगों ने पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय से शिकायत की। लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण नहीं होने से जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में समस्या विकराल हो जाएगी।

> गुलडेहरा रोड पर हाटमिक्स सड़क पास है। हाटमिक्स मशीन नहीं पहुंच पा रही है जिसका कारण सड़क पर लगे खंभों को बताया जा रहा है। विद्युत विभाग से कहकर खंभों को किनारे कराने के बाद सड़क निर्माण आरंभ कराया जाएगा।
> –**लता वार्ष्णेय**, पालिकाध्यक्ष



सड़क निर्माण रुकने से जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाए। –**प्रीति**, गुलडेहरा रोड



सड़क कई वर्षों से जर्जर थी। सड़क निर्माण आरंभ हुआ, तो समस्या से निजात की आस बंधी। सड़क निर्माण कार्य रुकने से परेशानी ज्यों–त्यों की बनी हुई है। –**मुन्नी देवी**, गुलडेहरा रोड



गुलडेहरा रोड पर सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण करा दिया गया है। मगर सड़क निर्माण रोक दिया गया। बताया गया कि हाटमिक्स मशीन नहीं पहुंचने से कार्य बाधित हो रहा है। –**गीतेश शर्मा**, गुलडेहरा रोड



सड़क निर्माण रुकने से लोगों को जर्जर सड़क से गुजरना पड़ रहा है। बारिश होने से जलभराव की समस्या बन रही है। आने वाले दिनों में तेज बारिश होने से समस्या विकराल हो सकती है। –**वीरपाल**, गुलडेहरा रोड

# बीज की दुकान से बैग चोरी,55 हजार रुपये थे

**संवाददाता चन्दौसी**

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के संभल मार्ग पर खेड़ाखास बस स्टैंड के पास एग्री जंक्शन केंद्र से बाइक सवार दो युवक रुपये से भरा बैग ले गए। थाने में दी गई है।

विकास नगर निवासी प्रवेश राघव की संभल मार्ग पर खेड़ाखास बस स्टेंड के पास एग्री जंक्शन केंद्र के नाम से खाद-बीज की दुकान है। मंगलवार की सुबह दुकान स्वामी व उसका भाई गोदाम पर गए थे। कुछ देर बाद दोनों दुकान पर पहुंचे तो दुकान में रखा रुपये से भरा बैग गायब था। यह देख दोनों भाइयों के होश उड़ गए। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। कुछ देर प्रभारी निरीक्षक मेघपाल सिंह मौके पर पहुंचे। दुकान स्वामी ने बताया कि दुकान पर एक बैग में 55 हजार रुपये रखे थे। मंगलवार की सुबह 10.30 बजे बाइक से दो युवक आए थे। शायद वहीं रुपये से भरा बैग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात बाइक सवारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# विचारों में परिवर्तन से बदल जाता है इंसान का जीवन

**संवाददाता,बबराला/ रजपुरा**

- **सात दिवसीय प्रांतीय आर्यवीर चरित्र निर्माण शिविर में युवाओं को बताया चरित्र का महत्व**

**अमृत विचार:** गांव भीकमपुर जैनी स्थित टीकम सिंह आर्य आदर्श विद्यालय में सात दिवसीय प्रांतीय आर्यवीर चरित्र निर्माण शिविर में प्रदेश के कई जिलों के आर्य वीरों को चरित्र निर्माण के गुर सिखाए गए।

दूसरे दिन प्रातः काल योग, व्यायाम, आसन, लाठी, दंड बैठक और आत्म सुरक्षा के लिए जूडो कराटे आदि का अभ्यास कराया गया। द्वितीय सत्र में यज्ञादि वैदिक अनुष्ठानों के माध्यम से आर्य युवाओं को सनातन वैदिक संस्कृति से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने युवाओं से राष्ट्र



आर्य समाज के प्रशिक्षण शिविर में अतिथि व बड़ी संख्या में युवा। ● अमृत विचार

निर्माण में भागीदारी का आह्वान किया। गुरुकुल सर्वदानंद संस्कृत महाविद्यालय साधु आश्रम के प्राचार्य जीवन सिंह आर्य ने कहा कि मनुष्य जैसा चिंतन करता है, वैसा वाणी से बोलता है और जैसा वाणी बोलता है वैसा ही आचरण करता है। वह जैसा करता है वैसा ही बन जाता है।

रामवीर सिंह शास्त्री ने कहा कि विचारशीलता की गति यौवन अवस्था के प्रारंभ में अत्यधिक होती है। इस समय बालक किसी को भी अपना आदर्श मानकर उसकी ओर आकर्षित होने लगता है। उसे सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। सांध्यकालीन सत्र में शक्ति सुधारण करने के लिए योगाभ्यास किया। शिविर में व्यायाम शिक्षक राजकुमार आर्य, सुभाष चंद्र आर्य, नारायण आर्य, प्रशांत आर्य आदि युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविराध्यक्ष दयाशंकर आर्य ने बताया कि 29 जून को शिविर का समापन होगा। ओमपाल आर्य, नरेंद्र पाल आर्य, ज्योतिवसु, यशपाल शास्त्री, अष्ट वसु, राजवसु, इंद्रवसु, राष्ट्र वसु आर्य, हेमन्त आर्य, गोविंद आर्य आदि मौजूद रहे।

# आढ़तों पर भीड़, सरकारी केंद्रों पर सन्नाटा

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- **मंडी समिति में अब तक नहीं शुरू हो सकी मक्का की खरीद**

**अमृत विचार :** संभल जिले में मक्का खरीद के लिए 6 क्रय केंद्र खोले गए जिन पर सन्नाटा छाया रहता है। क्रय केंद्रों पर 14 प्रतिशत नमी वाली मक्का की तौल होनी है जबकि अभी किसान गीली मक्का लेकर आ रहे हैं। ऐसी मक्का की आढ़तों पर खूब तौल हो रही है।

संभल में मक्का खरीद के लिए संभल मंडी समिति में 2, असमोली, बहजोई, बबराला, चंदौसी में 1-1 क्रय केंद्र खोला गया है। प्रति क्विंटल मक्का का भाव 2225 रुपये घोषित किया गया है। सोमवार को संभल मंडी समिति में स्थित खाद्य विभाग के 2 क्रय केंद्रों पर सन्नाटा नजर आया। क्रय केंद्र प्रभारी अजय कुमार शर्मा और प्रशांत मिश्रा ने बताया कि अभी मक्का की खरीद नहीं हुई है। डिप्टी आरएमओ संजीव कुमार राय ने बताया कि क्रय केंद्रों पर 14 प्रतिशत नमी और डेढ़ प्रतिशत डैमेज वाली मक्का खरीदेंगे। ऑनलाइन मक्का खरीद का लक्ष्य 500 टन दिख रहा है। मक्का की खरीदारी 31 जुलाई तक होगी। वहीं आढ़तियों पर गीली मक्का खरीदी जा रही है और नकद भुगतान भी हो रहा है।



मंडी समिति में सरकारी मक्का खरीद केंद्र पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

# पार्ट टाइम जॉब का झांसा दे 90 हजार ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवक से टेलीग्राम एप पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ठगों ने 90 हजार दो सौ रुपये ठग लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पंजाबपुरा निवासी गोपाल मिश्रा ने बताया कि उन्हें टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब के नाम से एक मेसेज प्राप्त हुआ। संपर्क करने पर अज्ञात व्यक्ति ने एक स्कीम के तहत कार्य करने का प्रस्ताव दिया। शुरुआत में आसान टास्क भेजकर विश्वास में लिया। इसके बाद बहाने बनाकर किस्तों में रुपये जमा करने को कहा। उन्होंने 90,200 रुपये भेज दिए। भुगतान के बाद लाभ और मूल धन मांगा तो सभी नंबर बंद मिले और टेलीग्राम आईडी भी गायब हो गई। उन्होंने तत्काल मामले की जानकारी थाना किला पुलिस और साइबर क्राइम शाखा को दी।

# भारत का संविधान हर नागरिक की आवाज

- **कांग्रेस के संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन**

**संभल, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चल रहे संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन असमोली विधानसभा क्षेत्र के गांव रायाबुजुर्ग में हाजी महबूब आलम के आवास पर हुआ।

मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर परवेज आरिफ टीटू ने कहा कि भारत का संविधान भारत के हर नागरिक की आवाज है। अगर इस आवाज को दबा दिया गया तो हिंदुस्तान गूंगा हो जाएगा। बीजेपी इसी के लिए प्रयासरत है लेकिन हम उसके मंसूबों में उसे कामयाब नहीं होने देंगे। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि अगर संविधान बचेगा तो देश बचेगा। इसलिए देश की आत्मा को बचाने के लिए संविधान को बचाना समय की आवश्यकता है। शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम ने कहा कि देश में वर्तमान सरकार संविधान के मूल ढांचे को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। तौकीर अहमद ने कहा कि कांग्रेस संविधान और आजादी को बचाने की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। इस दौरान आरिफ तनवीर, मनोज कुमार, पवन कुमार शर्मा, रोहित त्यागी, कदीर, राहुल चौधरी, आशु पाल, गुरदीप सिंह, मोहम्मद हसन, अकील, मुशर्रफ, इसरार मलिक, गय्यूर आदि रहे। अध्यक्षता हाजी मरगूब आलम ने और संचालन फाजिल अंसारी ने किया।

## सार संक्षेप

### कुत्तों ने बकरी व उसके बच्चों को नोचकर मारा

**बिजनौर, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह थाना बढ़ापुर के ग्राम कुंजेटा में मोहल्ला बाज़ार निवासी मोहम्मद लड्डन के खेत में आवारा कुत्तों ने बकरी और उसके दो बच्चों को मार डाला। एक बकरा गंभीर रूप से घायल मिला जिसे सात से अधिक स्थानों पर काटा गया है। यामीन की एक बकरी पर भी कुत्तों ने हमला कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ये कुत्ते पहले भी खेतों और आबादी वाले इलाकों में मंडराते देखे गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन इन खूंखार कुत्तों को पकड़ने की व्यवस्था करे और मोहम्मद लड्डन तथा यामीन को मुआवजा दिलाया जाए।

### अधिवक्ता परिषद कार्यकारिणी का विस्तार



**चन्दौसी, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद ईकाई की बैठक जनपद न्यायालय परिसर में संपन्न हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों के लिए विचार विमर्श कर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिलाध्यक्ष राजीव शंर्मा की संस्तुति से राहुल चौधरी को न्याय प्रवाह प्रमुख, विक्रम सिंह चौहान को स्वाध्याय मंडल प्रभारी, विशेष शर्मा को मंत्री संगठन आयाम, विकास मिश्रा को मीडिया प्रमुख, दिनेश चंद्र गुप्ता को मंत्री आउटरीज आयाम बनाया गया। सभी पदाधिकारियों से संगठन हित में कार्य करने की बात कही गई। इस दौरान राजीव शर्मा, विष्णु शर्मा, प्रवीण गुप्ता, विभोर बंसल, रजनी शर्मा, सुनील सिंह, आयुष वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने अभियुक्त के घर कराई मुनादी



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** वारंट जारी होने के बाद भी अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। पुलिस ने थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव भीकमपुर में अभियुक्त के घर पहुंची और मुनादी कराई और वारंट चस्पा किया। गांव भीकनपुर में 30 अप्रैल की सुबह चकरोड विवाद में फायरिंग में किसान साहिब सिंह ( 55 ) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई राजवीर सिंह की ओर से गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। जिसमें दो आरोपियों अमित व सुभाष ने थाने में सरेंडर कर दिया था और दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिय। फरार चल रहे वांछित अभियुक्त शिव सिंह पुत्र राजाराम के खिलाफ सीजेएम न्यायालय ने धारा 84 बीएनएस अंतर्गत ढोल नगाड़े से मुनादी कर नोटिस चस्पा किय। जिससे अभियुक्त के न्यायालय में उपस्थित न होने पर कुर्की की कार्यवाही की जा सके।

### हरियाणा के युवक का शव तलाश करने आई पुलिस

**चंदौसी, अमृत विचार :** हरियाणा के थाना सांवला की पुलिस मंगलवार की शाम दो गाड़ियों में हिरासत में लिए गए पांच–छह आरोपियों को लेकर थाना बिलारी के बाद थाना बनियाठेर पहुंची। बिना आमद कराए ही थाना बनियाठेर से खेड़ा खास के जंगल की जानकारी की। हरियाणा के युवक के शव की तलाश में खोदाई के लिए मजिस्ट्रेट के परमीशन के लिए डीएम कार्यालय भी गई। रात होने पर बुधवार की सुबह आने की बात कह कर आरोपियों को साथ लेकर चंदौसी चली गई। थाना प्रभारी मेघपाल सिंह ने बताया कि हरियाणा पुलिस हत्या के मामले में शव की तलाश में कुछ लोगों को लेकर आयी थी लेकिन रात अधिक होने पर बुधवार की सुबह आने की बात कह कर चली गई। हरियाणा पुलिस ने थाने में आमद भी नहीं कराई है। जानकारी के मुताबिक हरियाणाके थाना सांवला क्षेत्र का अजय नामक युवक ने ढाई माह पहले डेढ़ करोड़ रुपये में अपनी पैतृक संपत्ति बेची थी। इसके बादथाना बिलारी के गांव पहाड़पुर में अपने एक दोस्त के पास आया था। उसके पास रुपये भी थे। रकम देख दोस्त की नीयत खराब हो गई और साथियों के साथ मिल कर अजय की गोली मार कर हत्या कर शव बनियाठेर क्षेत्र के गांव खेड़ा खास के जंगल में दफना दिया था।

### बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा ,गर्मी से राहत

चन्दौसी, अमृत विचार : बूंदाबादी व बारिश से जनमानस को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। आसमान में बादल छाए रहन से अभी और बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार की सुबह 8 बजे बूंदाबादी शुरू हुई। जो 15 मिनट के बाद रुक गई। इसके बाद सुबह 11.30 बजे बारिश शुरू हो गई। करीब आधा घंटे हुई बारिश से जनमानस ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की है।

-आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ-

# संभल में भी गूंजे थे नारे, दम है कितना दमन में तेरे देख लिया और देखेंगे...



चौधरी महीपाल सिंह, विजय प्रकाश त्यागी व कृष्ण अवतार गुप्ता ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**अमृत विचार:** 50 साल पहले देश में आपातकाल लागू हुआ तब संभल में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर आपातकाल का विरोध कर सरकार विरोधी नारे लगाए थे और गिरफ्तारी देकर जेल गए थे।

आपातकाल के दौरान आंदोलन के अगवा रहे चौधरी महिपाल सिंह बताते हैं कि आपातकाल के विरोध में उन्होंने और दूसरे आंदोलनकारियों ने छंगामल की कोठी से कोतवाली संभल तक जोरदार प्रदर्शन व सत्याग्रह किया था। गले में केसरिया रंग की पट्टिकाएं डालकर हाथों में आपातकाल विरोधी साहित्य लेकर जनता में बांटा गया था। उनके साथ ही चौधरी संतवीर सिंह, विजय प्रकाश त्यागी, कृष्ण अवतार गुप्ता आदि लोग उस दिन आंदोलन में अग्रणी थे। बताया कि बिना डरे सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी बाजार में की गई थी। दम है कितना दमन में तेरे देख लिया और देखेंगे, सच कहना यदि बगावत है तो समझो हम भी बागी हैं। गूंजे धरती और आकाश देश का नेता जयप्रकाश जैसे नारे लगाए गए थे।

चौधरी महिपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने संतवीर सिंह, कृष्ण अवतार गुप्ता और विजय प्रकाश त्यागी के साथ कोतवाली में गिरफ्तारी दी थी तो पुलिस ने रात को अलग-अलग जगह पर रखकर चारों को प्रताड़ित किया था। आपातकाल में जेल गये परीक्षित कुमार बताते हैं कि आपातकाल का उन्होंने और उनके पिता ने जमकर विरोध किया था और दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।






## एक नजर

### वर्षा जल संचयन प्रणाली से लैस होंगे 2.35 लाख सरकारी भवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार वर्षा जल संचयन को लेकर व्यापक अभियान चला रही है। प्रदेश के करीब 34,000 सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग (आरटीआरडब्ल्यूएच) सिस्टम स्थापित कर दिया गया है। लक्ष्य है कि प्रदेश के कुल 2 लाख 35 हजार सरकारी एवं अर्ध सरकारी भवनों को वर्षा जल संचयन प्रणाली से युक्त किया जाए। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के तहत 16 जिलों ने 100 प्रतिशत वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापना का कार्य पूरा कर लिया है। इनमें अयोध्या, अम्बेडकर नगर, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और पीलीभीत आदि शामिल हैं।

### मंत्री से मिला लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति, उप्र. के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को विधान भवन में राजनीतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात कर कई मांगें रखीं। इस दौरान राजनीतिक पेंशन विभाग की प्रमुख सचिव, संयुक्ता समद्दार, विशेष सचिव, मनोज कुमार राय व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। लोकतंत्र सेनानियों की मांगों में राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित वोल्वो एवं प्लेटिनम बसों में एक सहयात्री के साथ नि:शुल्क यात्रा की सुविधा, सभी प्रमुख सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा और राज्य अतिथि गृहों, विश्राम गृहों में कक्ष आवंटित किया जाना शामिल है। इसके अलावा राज्य संपत्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग से लोकतंत्र सेनानियों को भी वर्गीकृत किये जाने के लिए अनुरोध किया गया।

# किसानों को पारंपरिक सिंचाई से मुक्ति दिलाएगी एमसीडी योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योजना को धरातल पर उतारने के लिए केंद्र सरकार ने मंजूर किए 1600 करोड़
- जल प्रबंधन व ग्रामीण समृद्धि की ओर बड़ा कदम, हर खेत तक पहुंचेगा पानी

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। मॉडरेशन ऑफ कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट प्रोग्राम (एमसीएडी योजना) का खाका तैयार कर लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें आईआईटी कानपुर का भी अहम रोल रहेगा। इससे एक ओर जहां खेतों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की जगह अब प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क (पीपीआईएन) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे 90 प्रतिशत तक जल उपयोग दक्षता प्राप्त की जा सकेगी। इससे पानी की भारी बचत, उच्च उत्पादन और ऊर्जा की खपत में कमी सुनिश्चित होगी। योजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत लागू किया जा रहा है। इसमें जल शक्ति मंत्रालय की दो इकाइयों सीएडब्ल्यूएम (कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट) और एआईबीपी (एक्सीलरेटेड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम) को एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। योजना के पहले चरण को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 1 अप्रैल 2026 से दूसरा चरण लागू किया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया 2031 तक जारी रहेगी।

### 50 से 5000 हेक्टेयर तक के बनाए जाएंगे क्लस्टर

सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव जीएस नवीन ने बताया कि एमसीएडी योजना के तहत 50 से 5000 हेक्टेयर तक के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर क्लस्टर में वॉटर यूजर सोसाइटी (डब्ल्यूयूएस) का गठन किया जाएगा। इससे जुड़कर किसान सिंचाई प्रबंधन करेंगे। इससे किसानों को न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी। योजना के पहले चरण में ही 150 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा सकेगा।

### मिलेगा रोजगार बढ़ेगा कृषि बाजार

जीएस नवीन ने बताया कि योजना के कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों को सिंचाई तकनीकों की ट्रेनिंग दी जाएगी। एमसीएडी योजना के तहत 'एक क्लस्टर, एक फसल' मॉडल को अपनाया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

योजना की निगरानी तीन स्तरों क्रमश: राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर होगी। वहीं जल शक्ति मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में केंद्रीय समिति बनेगी। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव और जिला स्तर पर जिलाधिकारी योजना के कार्यों की निगरानी करेंगे। साथ ही आईओटी, एससीएडीए (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्विजिशन), जीआईएस (ग्राफिक इंफ्रॉर्मेशन सिस्टम और सैटेलाइट) डेटा जैसे तकनीकी उपकरणों के जरिए भी निगरानी की जाएगी। इस योगी के इस कदम से न केवल जल की बर्बादी रुकेगी, बल्कि किसानों की उत्पादकता, आमदनी और आत्मनिर्भरता में भी वृद्धि होगी।

### आपातकाल की कांग्रेस नीति पर प्रहार करेगी भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा आपातकाल के 50वें वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपातकाल की भयावहता, क्रूरता एवं दमन की कांग्रेसी नीति को लोक दरबार में लेकर पहुंचेगी। 25 जून को जिला स्तर पर संगोष्ठियों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने वाले आपातकाल के काले अध्यायों पर संवाद करेगी। मुख्यमंत्री योगी लखनऊ व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद में संगोष्ठी में जनसंवाद करेंगे।

# माफिया मुक्त गाजीपुर बढ़ रहा आगे : योगी

## मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की, कई प्रस्तावों को दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


गाजीपुर में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गाजीपुर को माफिया मुक्त बताते हुए कहा कि अब विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विकास की कई सौगात दी। जनप्रतिनिधियों की मांग पर गाजीपुर में अंधऊ चौकिया बाईपास के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।

गाजीपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी ने निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण और विकास कार्य व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चितनाथ घाट व कलेक्टर घाट से गाजीपुर से जुड़े कॉरिडोर निर्माण से संबंधित प्रस्ताव का डीपीआर मंगाया गया है। इस पर भी आगे कार्रवाई होगी। विकास का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। जनपद अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरिट के आधार पर तेजी से राजस्व वादों का निस्तारण भी हुआ है।

योगी ने कहा कि अभी यूपी की पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। देश के सबसे बड़े पुलिस बल में 60,244 युवाओं की भर्ती हुई है। इनमें से 1534 अभ्यर्थी गाजीपुर जनपद के हैं। योगी ने चयनित अभ्यर्थियों व उनके परिवारों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर अत्यंत महत्वपूर्ण जनपद है। जनपद का इतिहास रामायण काल और उससे भी प्राचीन है। बीच के कालखंड में इस जनपद को पहचान के संकट से गुजरना पड़ा था, लेकिन आज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज यहां की पहचान बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर माफिया मुक्त जनपद बना है। विकास की प्रक्रिया के साथ गाजीपुर अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ प्राप्त कर रहा है, जिसमें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को शक्तिनगर तथा गंगा एक्सप्रेसवे को मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली होते हुए गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक मिलाने की कार्रवाई आगे बढ़ने जा रही है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जनपद गाजीपुर को नई पहचान दिलाएगा।

# खाद प्रकरण में सीतापुर के डीएओ निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद की कोई कमी नहीं कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : शाही


कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**अमृत विचार :** खाद की कालाबाजारी मामले में सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) मनजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कृषि मंत्री मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 75 जिलों में 25 लाख 74 हजार मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। फिर भी यदि कोई किसान को ऊंचे दामों पर खाद बेच रहा है, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि 22 और 23 जून को लखनऊ, सीतापुर समेत कई जिलों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ओवररेटिंग, टैगिंग और रजिस्टर में गड़बड़ी के मामलों में संबंधित प्रतिष्ठानों को सील कर उनके लाइसेंस निलंबित या निरस्त कर दिए गए हैं। कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी से जब पूछा गया कि पिछली बार निरीक्षण कब किया गया तो उन्होंने बताया कि मार्च के बाद से वे निरीक्षण पर नहीं गए। यह बात सुनते ही मंत्री ने उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री ने बताया कि अब सिर्फ सक्रिय रिटेलर ही खाद का व्यवसाय कर सकेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को उर्वरक का संतुलित उपयोग सिखाया जाए। अत्यधिक रासायनिक खादों से भूमि की उर्वरता पर असर पड़ता है।

# सरकारी अस्पतालों को मिले 355 विशेषज्ञ चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएचएम के तहत तैनात किए गए चिकित्सक
- 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों से सर्जरी को मिलेगी गति

**अमृत विचार :** मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सरकारी अस्पतालों में 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डॉक्टरों की तैनाती को स्वीकृति दी है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि सरकार अभियान चलाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती कर रही है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था। रिवर्स बिडिंग के तहत 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों का चयन किया गया है।

उप मुख्यमंत्री के अनुसार, 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे अस्पतालों में सर्जरी के लिए एनस्थीसिया विशेषज्ञों का इंतजार नहीं करना होगा। सर्जरी की संख्या में भी वृद्धि होगी। बच्चों को अच्छा व आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के लिए 78 बाल रोग विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे बच्चों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

### महिला रोग विशेषज्ञों का भी चयन

सुरक्षित प्रसव कराने के लिए 63 महिला रोग विशेषज्ञों की अस्पताल में तैनाती की जा रही है। इससे गर्भवती महिलाएं व विभिन्न बीमारी से पीड़ित महिलाओं को आसानी से उपचार मिल सकेगा। साथ ही 32 आर्थोपैडिक्स, 27 जनरल सर्जन, 20 पैथोलॉजिस्ट, 11 रेडियोलॉजिस्ट, 11 कंसल्टेंट मेडिसिन, आठ जनरल मेडिसिन, आठ ईएनटी विशेषज्ञों का चयन किया गया है। एक चेस्ट फीजिशियन, पांच मानसिक रोग विशेषज्ञ, तीन माइक्रोबायोलॉजिस्ट, सात नेत्र रोग विशेषज्ञ व एक फिजिशियन का चयन किया गया है।

### हिंसक जानवरों के लिए बनेंगे रेस्क्यू सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने 57 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च कर मेरठ, पीलीभीत, महराजगंज और चित्रकूट में रेस्क्यू सेंटर तैयार किया है। इसके जरिए बाघ, तेंदुआ, सियार जैसे बड़े मांसाहारी जीवों के वन क्षेत्र के समीप के गांवों और शहरों में आए दिन होने वाले संघर्ष से बचाव होगा। इसका खर्च एसडीआरएफ उठाएगी, जल्द ही जरूरी मैन पावर और उपकरणों की व्यवस्था कर इनका संचालन शुरू हो जाएगा। प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इन रेस्क्यू सेंटर का उद्देश्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के साथ वन क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामवासियों की इन हिंसक पशुओं से सुरक्षा प्रदान करना है।

# देवीपाटन मंदिर के पास 2 लेन व कानपुर में 4 लेन बनेगी आरओबी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन मंदिर के समीप 2 लेन तथा कानपुर में 4 लेन युक्त रेल ओवरहेड ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, कानपुर से उन्नाव (शुक्लागंज) की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गंगा नदी पर संपर्क मार्गों से युक्त नए फोरलेन ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है।

इन तीनों ही परियोजनाओं को पूरा करने का खाका उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने तैयार कर लिया है। कार्यों को पूरा करने के लिए 2 वर्ष की समयावधि तय की गई है। इन्हें इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में पूरा किए जाने की तैयारी है। कार्ययोजना के अनुसार देवीपाटन मंदिर के समीप तुलसीपुर-गोंडा रेल सेक्शन पर 57 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर लगभग 629 मीटर लंबे रेल ओवरहेड ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। वहीं, 151 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कानपुर में फोरलेन आरओबी का निर्माण होगा। इसके साथ ही जीटी रोड पर फोरलेन फ्लाइओवर तथा घंटाघर के समीप 2 लेन का फ्लाइओवर बनेगा। जबकि, गंगा नदी पर 163 करोड़ से अधिक की लागत से नया फोरलेन ब्रिज बनेगा। यह दोनों तरफ से ही संपर्क मार्ग से युक्त होगा और पुराने क्षतिग्रस्त पुल से 50 मीटर दूरी पर (अपस्ट्रीम दिशा में) स्थित होगा।

### इस सप्ताह जमकर बारिश होने का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में इस सप्ताह जमकर बारिश होगी। आगरा, लखीमपुर खीरी और कुशीनगर समेत 16 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच बारिश की वजह से कई जगहों पर बिजली गिरने का भी अलर्ट है। दरअसल, राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मॉनसून अपना असर दिखाना शुरू कर रहा है। इस दौरान कई जगहों पर भारी बारिश और आंधी-तूफान का असर देखने को मिलेगा। विभिन्न हिस्सों में मौसम विज्ञान विभाग ने अगले हफ्ते भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के मध्य भागों में ऊपरी हवा में चक्रवाती हलचल है। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में निचले क्षोभमंडल स्तर पर निम्न दबाव के क्षेत्र बना हुआ है। इसके कारण मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। खासकर उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण भारत में भी भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। 30 जून तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है, जिसमें उत्तराखंड में 27 जून तक बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

# भागवत कथा क्यों नहीं कह सकते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि वर्चस्वादी और प्रभुत्ववादी लोग कथा वाचन में अपना एकाधिकार बनाये रखना चाहते हैं। कथा वाचन को जिन्होंने भावना की जगह व्यवसाय बना लिया, उन्हीं प्रभुत्ववादियों और वर्चस्ववादी लोगों के कारण इटावा में कथा वाचक का अपमान कांड हुआ है।

सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित एक प्रेसवार्ता में मंगलवार को अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि इस सरकार में बैठे लोग लगातार अन्याय करा रहे हैं। प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोग लगातार पीडीए परिवार के लोगों को डरा-धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोचने का सवाल यह है कि श्रीमद्भागवत कथा सबके लिए है। जब सब सुन सकते है तो सब बोल क्यों नहीं सकते हैं।

# हिंदू धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ कर रही सरकार : राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


पत्रकारों को जानकारी देते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हिन्दुत्व के नाम पर बनी भाजपा सरकार हिन्दू धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश में सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों के स्वरूपों को बदला जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी प्राचीन शहर हैं। सबने अपना स्वरूप बचाकर रखा है। किसी ने उसको नहीं बदला है, पर भाजपा सरकार पुराने सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों को नष्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि बनारस के मूल स्वरूप को बर्बाद किया गया। सैकड़ों शिवलिंग और मंदिरों को तोड़ा गया, वट वृक्ष काट दिया गया।

उन्होंने कहा कि अब सरकार की निगाह मां विंध्यवासिनी के मंदिर पर है। इसके बाद वृंदावन की कुंज गलियों को भी खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी ईश्वर से जुड़े आस्था के स्थान हैं, जिनको भाजपा सरकार पर्यटन स्थल या पिकनिक स्पॉट में बदल रही है। उन्होंने बताया कि सोहनलाल मिश्र चारों वेदों के ज्ञाता हैं और वृंदावन के तीर्थ पुरोहित भी हैं। इनका परिवार और इनका समाज 500 वर्षों से मंदिर में सेवा कर रहा है। सरकार इन लोगों पर दबाव डाल रही है।


## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1.1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4.1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6.1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8.1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10.1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3.1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5.1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7.1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8.1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।




### वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | | 3 कृ | | 4 ले | न |
| म | | | प | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू-19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | | | | |
| 3 | | | | 7 | | | | 8 |
| | 5 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 1 | 3 | | | 7 |
| | 1 | | 4 | | 5 | | 8 | |
| 5 | | | 6 | 9 | | 2 | 4 | |
| | | 7 | | | 2 | 1 | 5 | |
| 9 | | | | 4 | | | | 3 |
| | | | | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 18 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या-16.00 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.40 तक तत्पश्चात अर्द्रा।

**मेष** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आय के नए संसाधन विकसित हो सकते हैं। शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। भाग्य आपका साथ देगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे। किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — आज संतान के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। मार्केटिंग संबंधी कार्य लाभकारी सिद्ध होंगे। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या थोड़ी सुस्त हो सकती है। लेकिन आपको बड़ी जिम्मेदारियों का पालन करना पड़ेगा। दिन की शुरुआत नकारात्मक रहने वाली है। दोपहर के बाद धीरे-धीरे आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। विचारशैली में नयापन आयेगा।

**कर्क** — आज पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा से परेशानी हो सकती है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। अपने अहंकारी व्यवहार पर नियंत्रण रखें। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह** — आज अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। जॉब में आपकी आय बढ़ सकती है। आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आत्मचिंतन के माध्यम से अपनी कमियों को दूर करेंगे।

**कन्या** — आज निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। नया कार्य आज शुरू कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**तुला** — आज आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। संपत्ति की डील से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। आज आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। दूसरों की गलतियां ढूंढने में समय व्यर्थ न करें।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुये थे शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के सुझाव से काम करना हितकर होगा।

**मकर** — आज जॉब में परिवर्तन का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। दिन का प्रारम्भिक भाग तनाव युक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है। कुछ लोग आपके अच्छे कार्यों व योगदान की उपेक्षा कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी दूसरे के हित प्रभावित हों। प्रेमी जन से मतभिन्नता के कारण झगड़ा हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। अपच के कारण आपको परेशानी होगी। सरकारी कार्यों में आपको लाभ होगा।

# अमेरिका, यूरोप से व्यापार समझौते जल्द

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए निर्यात को बढ़ाने के प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में जारी है और जल्द निष्कर्ष पर पहुंच जाएगी। इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने निर्यात संवर्धन मिशन और 'भारत ट्रेड नेट' की बजट में की गई घोषणाओं का भी उल्लेख किया, जो एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना है जो व्यापार दस्तावेजीकरण एवं वित्तपोषण समाधान के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। बजट में उभरते मझोले शहरों और व्यापार सुविधा उपायों में सेवा-आधारित विकास को और अधिक समर्थन देने के लिए वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए एक राष्ट्रीय ढांचे का भी प्रस्ताव किया गया है।

देश के निर्यात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2024-25 में वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 की तुलना में 6% की वृद्धि है। जहां वैश्विक निर्यात में केवल 4% की वृद्धि हुई, वहीं भारत के निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3% की वृद्धि को पार करने में सफल रहे हैं। उन्होंने निर्यातकों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे आग्रह किया कि वे नवोन्मेषण पर ध्यान केंद्रित करें तथा अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशें। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की विश्व निवेश रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति में सुधार हुआ है, वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है।



इंडिया एक्ज़िम बैंक ट्रेड कॉन्क्लेव को संबोधित करतीं निर्मला सीतारमण।

- कहा- चार देशों के ईएफटीए ब्लॉक के साथ कर चुके हैं समझौता

### भारत 'टैरिफ किंग' नहीं, प्रभावी दर बहुत कम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारत 'टैरिफ किंग' (अत्यधिक शुल्क लगाने वाला देश) है। उन्होंने कहा कि उनके ताजा बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई है और प्रभावी दर बहुत कम है। उन्होंने कहा, जो लोग अब भी अमेरिका में की गई टिप्पणी पर भरोसा करते हैं कि भारत 'टैरिफ किंग' हो सकता है... मैं चाहती हूं कि वे दो बातें याद रखें। हमारी शासन व्यवस्था को देखते हुए हमें शुल्क दर पर निर्णय लेने के लिए संसद की मंजूरी चाहिए... एक निश्चित स्तर तक जाने की अनुमति, लेकिन प्रभावी रूप से हमारी दरें बहुत निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताया है। ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग और शुल्क व्यवस्था का बड़ा दुरुपयोग करने वाला कहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए 2025-26 के बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई। सीतारमण ने फरवरी के बजट में सात शुल्क दरें हटा दी थीं। यह 2023-24 के बजट में हटाई गई सात शुल्क दरों के अलावा थीं। जो अब भी सोचते हैं कि भारत में शुल्क बहुत अधिक हैं, तो मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शून्य दर सहित केवल आठ (शुल्क दरें) हैं।

## कमोडिटी में निवेश : रिटर्न-रिस्क का संतुलन





कमोडिटी का अर्थ है- ऐसी भौतिक वस्तुएं जिनका व्यापार अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इनमें प्रमुख रूप से धातुएं (जैसे सोना, चांदी, तांबा), ऊर्जा (जैसे कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस), और कृषि उत्पाद (जैसे गेहूं, चावल, कॉफी) शामिल हैं। कमोडिटी में निवेश एक विविध पोर्टफोलियो बनाने का माध्यम है, खासकर जब शेयर बाजार में अस्थिरता हो। यह निवेश फ्यूचर्स या कमोडिटी एक्सचेंज के जरिए होता है। हालांकि इसमें अच्छा रिटर्न मिल सकता है, परंतु इसमें जोखिम भी अधिक होता है।

### कमोडिटी क्या है?

कमोडिटी वे वस्तुएं हैं जो किसी उद्योग या रोजमर्रा की जरूरत में उपयोग होती हैं और जिनकी मांग-सप्लाई से कीमत तय होती है। इनमें धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, जस्ता ऊर्जा। उत्पाद- कच्चा तेल, डीज़ल, प्राकृतिक गैस। कृषि उत्पाद- गेहूं, चावल, सोयाबीन, कॉफी। भारत में एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) व एनसीडीईएक्स (नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे एक्सचेंज इनका व्यापार करते हैं।

### कैसे करें निवेश

- एमसीएक्स या एनसीडीईएक्स में ट्रेडिंग अकाउंट खोलें, ब्रोकर के माध्यम से फ्यूचर्स और ऑप्शंस में ट्रेड करें, कमोडिटी म्यूचुअल फंड/ईटीएफ : जैसे गोल्ड ईटीएफ या एग्री-कमोडिटी फंड्स, सरल तरीका, जिसमें ट्रेडिंग की जरूरत नहीं। फिजिकल इन्वेस्टमेंट : सोने-चांदी को खरीदकर भी निवेश संभव है, हालांकि भंडारण की समस्या होती है।

### निवेश के लाभ

- **डायवर्सिफिकेशन का विकल्प :** शेयर बाजार में गिरावट के समय कमोडिटी में स्थिरता मिल सकती है। **मुद्रास्फीति से बचाव :** कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं। **उच्च लाभ की संभावना :** फ्यूचर्स ट्रेडिंग में कम समय में अधिक रिटर्न मिल सकता है।

### निवेश के जोखिम

- **उच्च अस्थिरता :** अंतर्राष्ट्रीय घटनाएं, मौसम, जियो-पॉलिटिक्स का असर सीधा पड़ता है। **लीवरेज रिस्क :** छोटे मार्जिन में अधिक निवेश किया जाता है, जिससे घाटा बड़ा हो सकता है। **जानकारी :** कीमतें वैश्विक और स्थानीय कारकों पर निर्भर करती हैं।

# भारत की जीडीपी 6.5% रहने का अनुमान

- मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ने जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया।

एसएंडपी ने प. एशिया में अशांति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बढ़ते जोखिम की भी चिंता जाहिर की और कहा कि तेल की कीमतों में दीर्घकालिक वृद्धि से धीमी वैश्विक वृद्धि और शुद्ध ऊर्जा आयातकों के चालू खातों, कीमतों व लागतों पर दबाव के जरिये एशिया-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, वैश्विक ऊर्जा बाजारों की वर्तमान स्थिति देखते हुए जहां पर्याप्त आपूर्ति है उससे तेल की कीमतों पर ऐसा दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क झटकों का हवाला देते हुए भारत के वित्त वर्ष 2025-26 के वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

### भू-राजनीतिक तनाव से मुद्रास्फीति पर खास दबाव नहीं

मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये या मुद्रास्फीति पर काफी दबाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा कीमतें पिछले साल की तुलना में कम हैं, जिससे चालू खाता निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव सीमित हो जाएगा। एसएंडपी की अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत के लिए एक बड़ी राहत वाला कारक यह है कि ऊर्जा की कीमतें अब भी पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। एक वर्ष पहले ब्रेंट कच्चे तेल का भाव करीब 85 डॉलर प्रति बैरल था और वर्तमान कीमतें अब भी कम हैं। राणा ने कहा, इससे चालू खाते से धन निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव दोनों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

## चीन से आयातित चार रसायन पर लगा डंपिंग-रोधी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित चार रसायन पर इस महीने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू कंपनियों को चीन से सस्ते दाम पर आयातित उत्पादों से संरक्षण देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये शुल्क पेडा (खरपतवार नाशक), एसीटोनिट्राइल (दवा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाला रसायन), विटामिन-ए पामिटेट और अघुलनशील सल्फर पर लगाया गया है।

राजस्व विभाग के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने इस बारे में अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। विभाग ने कहा कि इन रसायनों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क पांच वर्ष के लिए लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों के बाद यह शुल्क लगाया गया है। चीन, रूस और ताइवान से आयातित पेडा पर शुल्क 1,305.6 से 2017.9 डॉलर प्रति टन होगा जबकि एसीटोनिट्राइल पर 481 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है।

# हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने कहा- किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और सरकार 15 अगस्त से पहले 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने के नियम जारी करेगी। इसका इस्तेमाल वाई-फाई और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए किया जाएगा।

सिंधिया ने कहा कि हमारा काम यथासंभव अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है और प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा संभव कराना है। एक या दो कंपनियों का वर्चस्व ठीक नहीं है। इससे पहले, कार्यक्रम में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व चेयरमैन आरएस शर्मा ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भी द्वैधाधिकार है और केवल दो सक्रिय सेवा प्रदाता हैं तथा उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराने के लिए और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरत है।

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर वर्तमान में भारती एयरटेल और रिलायंस जियो का प्रभुत्व है जो सक्रिय रूप से 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जाहिर की है। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर 4जी और 5जी सेवाएं शुरू नहीं की हैं। सिंधिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड, वाईफाई के लिए फाइबर प्रौद्योगिकी है और जल्द ही उपग्रह सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करनी होगी। उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए जल्द ही प्रशासनिक आधार पर उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### आय से अधिक संपत्ति में 8 अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार को आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने आरोपी अधिकारियों के घरों, कार्यालयों और अन्य स्थानों पर छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि वसानद के पास धारवाड़ में एक आलीशान बंगला है। छापे के दौरान उनके घर से सोने और चांदी के आभूषण बरामद हुए।

#### जम्मू कश्मीर के पुंछ में तलाश अभियान जारी

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को 12 स्थानों पर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस के विशेष अभियान समूह, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह छह बजे से सुरनकोट और मेंढर में संयुक्त रूप से तलाश अभियान शुरू किया। यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है।

#### असम में 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि कछार जिले से तीन करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर बताया कि खुफिया सूचना पर कछार जिला पुलिस ने आईएसबीटी सिलचर के पास दो वाहनों को रोका और उनमें से 576 .58 किलोग्राम गांजा बरामद किया। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों में सवार तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना, छूट का आधार नहीं

## पत्नी की हत्या के दोषी ब्लैक कैट कमांडो को आत्मसमर्पण की छूट देने से सुप्रीम इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इन्कार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने व्यक्ति की अपील को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने शुरू में व्यक्ति को छूट देने में अनिच्छा व्यक्त की। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि व्यक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष से मैं राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैक कैट कमांडो हूं। पीठ ने कहा कि इससे आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। आप शारीरिक रूप से फिट हैं और आप अकेले अपनी पत्नी को मार सकते थे, गला घोंट सकते थे। याचिकाकर्ता को गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था, इसलिए उसे छूट देने के लिए यह उपयुक्त मामला नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों से छह सप्ताह में जवाब मांगा। जुलाई 2004 में अमृतसर की निचली अदालत ने याचिकाकर्ता बलजिंदर सिंह को उसकी शादी के दो साल के भीतर पत्नी की मौत के लिए दहेज हत्या के तहत दोषी ठहराया था।



- शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी कर प्रतिवादियों से छह सप्ताह में मांगा जवाब

### न्याय का उपहासः जमानत के बावजूद व्यक्ति को रिहा नहीं करने पर जेलर तलब

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण प्रतिषेध कानून के तहत एक मामले में उसने अप्रैल में जिस व्यक्ति को जमानत दी थी उसे अब तक जेल से रिहा नहीं किया जाना 'न्याय का उपहास' है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने व्यक्ति द्वारा किए इस दावे का संज्ञान लिया जिसमें कहा गया कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधान की एक उपधारा का उल्लेख नहीं था। इसलिए पीठ ने गाजियाबाद जिला कारागार के अधीक्षक जेलर को 25 जून को अदालत के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यह मामला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण परिदृश्य प्रस्तुत करता है। पीठ ने उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया।

# न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर 44 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की की पद से हटाने के नोटिस पर कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया

राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को उनके घृणास्पद भाषण के लिए पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 44 के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। सिब्बल नोटिस पर शीघ्र कार्रवाई के लिए मुखर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है। सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस 13 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। न्यायमूर्ति यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार दिखाई दे रहे हैं।

राज्यसभा सचिवालय जांच कर रहा है कि नोटिस पर उनके हस्ताक्षर दो बार कैसे दिखाई दे रहे हैं और क्या वे जाली हैं। सूत्रों ने बताया कि झारखंड से झामुमो सांसद अहमद इस मुद्दे पर पहले ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिल चुके हैं और इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने दो बार नहीं बल्कि केवल एक बार हस्ताक्षर किए हैं।

# महाराष्ट्र में वोट की चोरी, मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज हो जारी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विस चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए।

राहुल गांधी ने एक्स पर कहा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 5 महीनों में 5% बढ़ गई। कुछ बूथों पर 20-50% की बढ़ोतरी हुई। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले मतदाताओं को उजागर किया। और ईसी? चुप - या मिलीभगत!

### भाजपा ने राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र विस चुनावों को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों पर मंगलवार को कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बिना किसी सबूत के सवाल उठा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों ही लोकतंत्र विरोधी और आपातकाल समर्थक हैं।

## आतंकवाद रोधी तंत्र की मजबूती को रक्षा मंत्रालय ने किए 13 अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने को सेना की अभियानगत तैयारियों को बढ़ाने के लिए आपात खरीद तंत्र के तहत 1,980 करोड़ रुपये के 13 अनुबंध किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खरीद के माध्यम से सेना की एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणालियों को उन्नत किया जा रहा है। भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सेना की आतंकवाद रोधी रणनीति को मजबूत कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह हल्के रडार, बहुत कम दूरी वाली हवाई रक्षा मिसाइलें और लांचर, रिमोट संचालित हवाई वाहन तथा अन्य सैन्य साजो सामान खरीद रहा है। खरीद तंत्र के तहत कई श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट व बैलिस्टिक हेलमेट भी खरीदे जा रहे हैं। आतंकवाद के खिलाफ सेना की तैयारियों के लिए रक्षा मंत्रालय ने 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

### बलिदान की विरासत



जबलपुर के बरहा समाधि स्थल पर रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक आदिवासी नृत्य में हिस्सा लिया। एजेंसी

## पीएमएमएल की बैठक में नेहरू के निजी कागजातों का मुद्दा भी आया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े निजी कागजात से संबंधित मुद्दे पर भी चर्चा हुई। सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही। सोमवार को पीएमएमएल सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की और इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। सोसाइटी की यह अहम बैठक तीन मूर्ति भवन में हुई।

सूत्रों ने बताया कि अन्य मामलों के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू से जुड़े निजी कागजात का मुद्दा भी चर्चा में आया। हालांकि, उन्होंने इस विषय पर विस्तार से नहीं बताया। एक अन्य सूत्र ने बताया कि सोसाइटी के सदस्य ने सोमवार को बैठक के दौरान इस मुद्दे को केवल उठाया ही था। भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू मध्य दिल्ली स्थित तीन मूर्ति भवन में रहते थे जो उनके निधन के बाद नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) बन गया।

# तिरुवनंतपुरम से प. एशिया के लिए उड़ान शुरू, कई कंपनियों की उड़ानें रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

प. एशिया में तनाव के मद्देनजर वहां के हवाई क्षेत्र बंद रहने के बाद अब क्षेत्र में विमान परिचालन सेवा बहाल होने पर तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार सुबह पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें फिर से शुरू हो गईं। अमीरात, एतिहाद एयरवेज और एअर अरब ने सबसे पहले विमान परिचालन सेवा फिर से शुरू की।

हवाई अड्डा से जुड़े सूत्रों ने कहा कि शुरुआती घंटों में बिना किसी व्यवधान के तीन विमान वाहक कंपनियों की उड़ानें दुबई, अबू धाबी और शारजाह के लिए संचालित की गईं और वहां से भारत आईं। हालांकि, कई भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं। विभिन्न भारतीय एयरलाइन के क्षेत्र में अपने विमानों का परिचालन रद्द करने के कारण हजारों यात्री प्रभावित होंगे और विमानन कंपनियों को भारी वित्तीय नुकसान होगा। परिचालन संबंधी व्यवधानों से पहले ही जूझ रही एअर इंडिया ने पश्चिम एशिया, यूरोप के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा के पांच गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी हैं।



## लालू प्रसाद यादव फिर राजद अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके संस्थापक लालू प्रसाद को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के संगठन चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने बताया कि प्रसाद ने एक दिन पहले नामांकन पत्र दाखिल किया था और जांच के दौरान वह सही पाया गया।

बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने मुख्य विपक्षी दल पर कटाक्ष किया कि प्रसाद के निर्वाचित होने से साबित हो गया है कि राजद पर एक परिवार का नियंत्रण है। जद-यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आरोप लगाया कि राजद प्रमुख के बेटे तेजस्वी राजनीति में नैतिकता के मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश को उपदेश देना पसंद करते हैं, लेकिन उनमें और उनके परिवार में नैतिकता का अभाव है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, लालू के 13वीं बार अध्यक्ष बनने के साथ राजद ने राजतंत्र स्थापित कर दिया है।

# एससीओ में आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की वकालत करेंगे राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीन के किंगदाओ में होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे रक्षामंत्री

पाकिस्तान के समर्थन से जारी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कूटनीतिक प्रयासों की तर्ज पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन के किंगदाओ में शुरू होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के दो दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रयास बढ़ाने पर जोर देंगे।

सिंह सम्मेलन के लिए चीन के पूर्वी शांदोंग प्रांत के बंदरगाह शहर किंगदाओ की यात्रा कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री की आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक क्षेत्रीय सहयोग का आह्वान करने की योजना, पहलगाम हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तानी क्षेत्र में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए जाने के डेढ़ महीने बाद सामने आई है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद संबंधों में गंभीर तनाव पैदा होने के बाद से यह किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की चीन की पहली यात्रा है।

## एक नजर

### पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको मैड्रिड बाहर

**सिएटल :** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2–0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1–0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा।

### इंटर मियामी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका) :** पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2–2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार–चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज़ के गोल की मदद से 2–0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा।

### गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने करार का नवीनीकरण किया

**नई दिल्ली :** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस), अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (एबीएसएफ), गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीआरबीएसएफ) के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है। फाउंडेशन ने अब तक 140 से अधिक खिलाड़ियों को मदद पहुंचाई है जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न खेलों में 190 से अधिक पदक जीते।


प्रयागराज : राजस्थान की कनिष्का टोंगर 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर–20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जूनियर महिला भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में भाग लेती हुई। ● एजेंसी

### मुराद सिमरन और अनुष्का यादव ने मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**प्रयागराज :** गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर–20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है जो उन्होंने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

### अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश के सेमीफाइनल में

**जोहोर (मलेशिया) :** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां एरिना एमास में खेले गये मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2–0 (11–6, 11–3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2–0 (11–8, 11–9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना अमानी और यी शिन यिंग से 2–0 (11–7,11–8) से हार गई।

# हार-जीत के रोमांचक मोड़ पर पहला टेस्ट मुकाबला

## बेन डकेट ने शतक लगाकर इंग्लैंड को जीत के करीब पहुंचाया, शार्दुल ने दो विकेट लेकर उम्मीद को जीवित रखा



बेन डकेट।

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में चार विकेट भले ही गंवाये लेकिन सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारत की औसत गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाकर शानदार शतक के साथ पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जीत के लिये 371 रन के लक्ष्य के जवाब में डकेट ने 170 गेंद में 149 रन बनाए। इंग्लैंड ने खबर लिखे जाने तक पांच विकेट पर 320 रन बना लिए थे। उसे आखिरी सत्र में सिर्फ 47 रन की जरूरत है।

जो रूट 37 और जेमी स्मिथ 08 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों को टीम को जीत तक ले जाने में कोई परेशानी नहीं होती दिख रही है। बायें हाथ के बल्लेबाज डकेट ने सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह को संभलकर खेला। बुमराह ने 16 ओवर में 55 रन दिये लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। डकेट और जैक क्रॉली (65) ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी की। लंच के बाद कुछ देर बारिश होने से भारत को फायदा मिला और सुबह नाकाम रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 11 ओवर में 69 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने क्रॉली को स्लिप में केएल राहुल के हाथों लपकवाया।

इसके बाद पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पोप (आठ) को पवेलियन भेजा। दोहरे झटकों के बावजूद डकेट ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। सुबह के सत्र में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला । मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दबाव बनाये रखा। डकेट को सिराज की गेंद पर यशस्वी जायसवाल से जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा को पिच से कोई मदद नहीं मिली और डकेट ने उन्हें कई अच्छे रिवर्स स्वीप लगाये। कुलदीप यादव जैसे फॉर्म में चल रहे स्पिनर को नहीं उतारने का भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा। शार्दुल ठाकुर ने एक ओवर में डकेट और हैरी ब्रूक (0) को आउट करके भारत को मैच में लौटाने की कोशिश की।


कप्तान शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम के अन्य सदस्य तीसरे अंपायर के फैसले का इंतजार करते हुए। ● एजेंसी

## अंपायर के फैसले पर पंत ने जताई असहमति, मिली फटकार

**लीड्स :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का



उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है। इसके अलावा, पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुई, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत को तब गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस करते हुए देखा गया। जब अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच करने के बाद उसे बदलने से इनकार कर दिया, तो पंत ने अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंक कर अपनी असहमति व्यक्त की थी। इस मामले में किसी तरह की अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई क्योंकि पंत ने अपना अपराध और आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। पंत पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल के साथ–साथ तीसरे अंपायर शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने लगाया था। आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार तथा अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना है।

## टेनिस संघ के अध्यक्ष पर फिजूलखर्ची का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एआईटीए की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने कहा एक करोड़ खर्च किए गए
- यात्राओं के नाम पर किया पैसे का दुरुपयोग, पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जाना भी शामिल

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर 'गलत तरीके से' एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं।

चटर्जी ने यह भी कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली। चटर्जी ने पीटीआई से कहा हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई जबकि कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह राशि 175 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन तथा अधिकतम सात दिन के लिए होटल का वास्तविक खर्च तय की गई। उन्होंने कहा अध्यक्ष भत्ते के हकदार हैं लेकिन अध्यक्ष की पत्नी नहीं। जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान अपनी पत्नी के साथ कई बार बिजनेस क्लास में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए यात्रा की और एआईटीए ने गलत तरीके से भुगतान किया।

### जीत की कवायद


जर्मनी में डब्ल्यूटीए बैड होम्बर्ग टेनिस टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच के दौरान टैलीस जैस्मीन पाओलिनी कनाडा की लेयला फर्नांडीज को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

## हीली की नजरें लगातार दो विश्व कप जीतने पर

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है।



उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है। पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है। इसने (चोटों ने) मुझे एहसास दिलाया है कि मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं।

## शाह को जिद्दी समझा था पर निकले अच्छे इंसान : गांगुली

**नई दिल्ली, एजेंसी**


जय शाह। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे।

गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में कहा उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था, पर उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे।



# दिलीप दोशी बल्लेबाजों पर आतंक का पर्याय रहे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



- पूर्व स्पिनर दिलीप का लंदन में सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया निधन
- सचिन समेत अनेक भारतीय क्रिकेटरों ने शोक जताया

भारतीय क्रिकेटर व बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। भारतीय क्रिकेट समुदाय ने उन्हें यादकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिलीप दोशी 1960 के दशक के आखिर में भारतीय विश्वविद्यालय सर्किट में बल्लेबाजों के लिए आतंक का पर्याय हुआ करते थे जब उनके कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में बंगाल रणजी टीम के उनके साथी स्वर्गीय गोपाल बोस ने उनसे पूछा था कि क्या वह गैरी सोबर्स को आउट कर सकते हैं। दोशी हमेशा की तरह बेपरवाह थे और उन्होंने जवाब दिया, ''हां, मैं कर सकता हूं।''

दोशी ने इसके कुछ साल बाद विश्व एकादश मैच में सोबर्स को आउट किया लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशर की ओर से कई सत्र वेस्टइंडीज के इस दिग्गज के साथ खेले। वर्ष 1991 में जब दोशी की आत्मकथा 'स्पिन पंच' प्रकाशित हुई तो सर गैरी सोबर्स ने ही इसकी प्रस्तावना लिखी थी, ''दिलीप दोशी के पास उन लोगों को देने के लिए अपार ज्ञान है जो पेशेवर क्रिकेट में उनके रास्ते पर चलना चाहते हैं। उन्होंने दुनिया भर में सभी स्तर पर खेला है और स्पिन गेंदबाजी की कला के बारे में बात करने के लिए उनसे अधिक योग्य कोई नहीं हो सकता।'' महानतम खिलाड़ियों में शामिल सोबर्स ने दोशी की जमकर सराहना की पर भारतीय क्रिकेट के कई रहस्यों की तरह कोई भी यह नहीं समझ सका कि बीसीसीआई ने उनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल क्यों नहीं किया।

### सचिन तेंदुलकर बोले- मुझे उनकी बहुत याद आएगी

**नई दिल्ली :** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर ने भी अपने प्यारे दोस्त के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने दोशी के सम्मान में काली पट्टी बांधी



**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी। भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं।

दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा। दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया।

## रथयात्रा की तैयारी



इस्कॉन के साधु मंगलवार को कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को रंगते हुए। कोलकाता में इस्कॉन 1972 से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालता है जहां यह एक प्राचीन वैष्णव उत्सव है। हजारों लोग रथ खींचने में भाग लेते हैं। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ शहर की सड़कों से गुजरते हैं। एजेंसी

# युद्धों का एक मकसद ये भी...
# दूसरे देशों में सत्ता परिवर्तन



द्वितीय विश्व युद्ध के बाद करीब 50 से अधिक देशों में युद्ध, गृह युद्ध, विदेशी हस्तक्षेप या विद्रोहों के चलते सत्ता परिवर्तन हुए हैं। इनमें सर्वाधिक सत्ता परिवर्तन शक्तिशाली देशों की वजह से ही हुए हैं। भू राजनीतिक स्थिति अपने पक्ष में रखने के लिए शक्तिशाली देश दूसरे देशों में कई तरह से अस्थिरता पैदा करते रहे हैं। खासतौर से अमेरिका ने 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कई देशों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध किए हैं जिनका मुख्य कारण शीतयुद्ध के दौरान साम्यवाद रोकना या राजनीतिक प्रभाव बढ़ाना रहा है। सन् 2001 के बाद आतंकवाद से लड़ना भी एक कारण रहा है। ताजा उदाहरण ईरान है जहां जारी संघर्ष के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलकर ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को हटाकर सत्ता परिवर्तन की मंशा जताई है। ईरान के निर्वासित शहजादे ने सत्ता पर दावेदारी भी कर दी है।

### किन देशों में युद्ध के बाद बदली सत्ता

#### जर्मनी में नाजी शासन

सन् 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में नाजी शासन का खात्मा हो गया, साथ ही ये देश दो हिस्सों में बंट गया। पूर्वी जर्मनी सोवियत और पश्चिमी जर्मनी पर अमेरिका, यूके, फ्रांस के प्रभाव वाली नई लोकतांत्रिक सरकारें बनीं।

#### जापान में सैन्य शासन

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ही जापान पर अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर कब्जा कर लिया। सैन्य शासन रहने के बाद वहां लोकतंत्र स्थापित किया गया।

#### कोरिया का विभाजन

सन् 1950 से 1953 तक कोरियाई युद्ध के बाद इस देश का उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में स्थाई विभाजन हो गया। कुछ समय बाद दक्षिण कोरिया में लोकतंत्र स्थापित हो गया लेकिन उत्तर कोरिया में तानाशाह शासन बरकरार है।

#### वियतनाम का एकीकरण

सन् 1955से 1975 के बीच संघर्ष के बाद अमेरिका समर्थित दक्षिण वियतनाम की पराजय हुई, कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम ने देश को एकीकृत किया। ईरान में भी 1979 में अमेरिका समर्थित शाह को उखाड़ फेंका गया।

#### अफगानिस्तान-इराक

सन 1979 से 2021 के बीच दूसरे देशों के हस्तक्षेप से आंतरिक संघर्ष के कारण कई उतारचढ़ाव हुए। 2001 में तालिबान शासन हटा और 2021 में फिर बहाल हो गया। इराक में अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को हटाया, इसके बाद लोकतांत्रिक सरकार बनी।

#### जब खुद सीधे युद्ध में उतरा अमेरिका

- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका और सहयोगियों ने जर्मनी में हिटलर को हराकर नाजी शासन का खात्मा किया।
- परमाणु बम गिराने के बाद अमेरिका के आगे जापान ने आत्मसमर्पण किया। अमेरिका ने 1952 तक कब्जा रखा।
- अमेरिका 1950 में दक्षिण कोरिया के समर्थन में युद्ध में उतरा। युद्ध के बाद देश का स्थाई रूप से विभाजन हुआ।
- वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिका ने कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम के खिलाफ दक्षिण का साथ दिया। अमेरिका को हार झेलनी पड़ी।
- अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिका ने 9/11 के हमले के बाद तालिबान शासन को हटाया। यहां नई लोकतांत्रिक सरकार बनी। मगर चल नहीं पाई।
- इराक में 2003 में अमेरिका ने हमला कर सद्दाम हुसैन की सत्ता गिराई। लोकतांत्रिक चुनाव हुए मगर अब तक अस्थिरता बनी हुई है।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसिया हाई अलर्ट पर

## ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद गृह सुरक्षा विभाग ने दी खतरे बढ़ने की चेतावनी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले के बाद खतरे बढ़ने की चेतावनी दी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) उप निदेशक ने कहा है कि जवाबी हिंसा रोकने के लिए ब्यूरो पूरी तरह तैयार है। न्यूयॉर्क जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि वे हाई अलर्ट पर हैं।

अमेरिकी हमले के बाद से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कोई विश्वसनीय खतरा सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा इजराइल और ईरान के बीच घोषित संभावित संघर्षविराम का संभावित खतरों पर क्या असर होगा या ऐसी व्यवस्था कितनी स्थायी होगी। हालांकि हाल के वर्षों में अमेरिकी धरती पर राजनीतिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए ईरान की ओर से उठाए गए कदमों को देखते हुए प्रतिशोध की आशंका बेबुनियाद नहीं है।

हाल के वर्षों में ईरान समर्थित हैकर्स ने अमेरिकी ठिकानों पर भी साइबर हमले किये हैं। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पिछले दशक में ईरान की सबसे आम रणनीति, सामूहिक हिंसा की योजना बनाने के बजाय, सुपारी देकर हत्या की साजिश रचने की रही है। उसका आरोप है कि इसके तहत सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक अधिकारियों और असंतुष्टों की हत्या कराने के लिए रूसी और अन्य गैर-ईरानी लोगों का इस्तेमाल भी शामिल है। तेहरान ने इन साजिशों से बार-बार इनकार किया है, लेकिन एफबीआई और न्याय विभाग द्वारा लगातार इन्हें विफल किया गया है और उजागर किया गया है। सप्ताहांत में जारी डीएचएस बुलेटिन में चेतावनी दी गई कि कई विदेशी आतंकी संगठनों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी संपत्तियों और कर्मियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया है।



इजराइल के बीरशेबा में मंगलवार कोईरानी मिसाइल हमले में कई लोग मारे गए।

### ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की आशंका

**दुबई।** इजराइल से युद्ध ने इस बात की चिंता बढ़ा दी है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर कर सकता है, जो सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति क्षेत्र है और हर दिन बड़ी मात्रा में कच्चा तेल इस रास्ते गुजरता है। ईरान में परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले ने इस बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच है, जिसके पास तेज हमला करने वाली नौकाओं का बेड़ा और मिसाइलें हैं, जिनका इस्तेमाल कर वह जलडमरूमध्य को कुछ समय के लिए बंद कर सकता है।

### भारत संघर्ष का समाधान करने में मदद के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान तथा इजराइल के बीच युद्धविराम के दावे करने के कुछ घंटों बाद भारत ने मंगलवार को कहा कि वह स्थिति हल करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। भारत ने आगे बढ़ने के लिहाज से बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। भारत ने कहा कि वह समग्र स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम की रिपोर्ट का स्वागत करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर रातभर नजर रख रहे हैं, जिसमें ईरान के परमाणु केंद्रों के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई शामिल है।

### संरा ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर जताई गंभीर चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की ओर से कतर के अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर दागे गये मिसाइल हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने गहरी चिंता जतायी है। महासचिव के प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजारिक ने बयान में कहा कि श्री गुटेरेस मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और इस हमले से काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि संकट की शुरुआत से ही महासचिव सैन्य तनाव को खतरनाक बताते आये हैं और सोमवार को ईरान द्वारा कतर की जमीन पर किया गया हमला निंदा योग्य है। श्री गुटेरेस ने सभी पक्षों से लड़ाई तुरंत रोकने की अपील की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आग्रह भी किया है।

### क्रेमलिन ने युद्ध विराम टिकाऊ होने की जताई उम्मीद

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत किया और आशा व्यक्त की है कि यह (युद्ध विराम) टिकाऊ होगा। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय सह आवास 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मीडिया को बताया, अगर वाकई युद्ध विराम संभव है, तो इसका स्वागत ही किया जा सकता है। रूसी संघ इस संघर्ष की शुरुआत से ही यही मांग कर रहा है। इसलिए, इसका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह एक स्थायी युद्धविराम होगा। पेस्कोव ने कहा कि उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय के बयान देखे, (ईरानी विदेश मंत्री) अब्बास अरागची के बयान सुने, तथा राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप के कई बयान देखे। उन्होंने कहा, अभी तक हमने तेहरान की ओर से कोई अन्य बयान नहीं देखा या सुना है।

# गाजा में मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सेना की गोलीबारी, 25 मरे

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

इजराइली सेना और ड्रोनों ने मंगलवार तड़के मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पतालों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों का एक समूह पूर्व-पश्चिम नेत्जारिम से सटे एक इलाके में सैनिकों की ओर बढ़ा, जिसके बाद गोलीबारी की गई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में स्थित अवदा अस्पताल ने कहा कि फलस्तीनी लोग वादी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन रोड पर ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। हमले में घायल हुए लोगों को इसी अस्पताल में लाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग पूर्व दिशा की ओर ट्रकों के करीब बढ़ रहे थे तो इजराइली सेना ने गोलियां चलायीं। अहमद हलावा ने कहा, यह नरसंहार था। टैंक और ड्रोनों से लोगों पर गोलियां चलायी गईं। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी हुसैम अबु शहादा ने बताया कि इलाके में ड्रोन उड़ रहे थे। पहले उन्होंने भीड़ पर नजर रखी फिर लोगों के आगे बढ़ने पर टैंक और ड्रोनों से गोलीबारी की। अवदा अस्पताल ने बताया कि 146 फलस्तीनी घायल हुए हैं। उनमें से 62 की हालत गंभीर है, जिन्हें मध्य गाजा में एक अन्य अस्पताल ले जाया गया है।



टेंटों में रह रहे हैं गाजा में लोग।

### युद्ध में अब तक 56,000 हजार लोग मारे गए

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में करीब 56,000 फलस्तीनियों की मौत हो गयी है। हमास के सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद इजराइल ने गाजा में अपना अभियान शुरू किया। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे तथा 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। ज्यादातर बंधकों को संघर्षविराम समझौतों के जरिए रिहा कर दिया गया है।

## एक नजर

### दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके

**मनीला।** दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस के तट पर मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गई। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान ने कहा कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 09:58 बजे (0158 जीएमटी) महसूस हुए जो दावाओ ओरिएंटल प्रांत के बगंगा शहर से लगभग 359 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीनी सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप से नुकसान नहीं होगा।

### उग्रवादी हमले में खैबर पख्तूनख्वा में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक बम निरोधक इकाई को निशाना बनाकर उग्रवादियों ने हमला किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मी और दो महिलाओं की मौत हो गई। ये महिलाएं एक पिकअप ट्रक में यात्रा कर रही थीं। हमलावरों की गोलीबारी की चपेट में आने से इन महिलाओं की मौत हुई। बम निरोधक इकाई दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के मंडिकोल इलाके में एक सड़क से विस्फोटक हटा रही थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में आठ अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

### इंडोनेशिया: आधा टन मादक पदार्थ जब्त, 285 गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में दो महीने की कार्रवाई के दौरान 29 महिलाओं और सात विदेशियों समेत 285 लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से आधे टन से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया गया। इंडोनेशिया में मादक पदार्थों से संबंधित सख्त कानून हैं तथा दोषी तस्करों को कभी-कभी गोली मारकर मौत की सजा दी जाती है। इसके बावजूद यह दक्षिण पूर्व एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख केंद्र है।

### प. बंगाल में आरटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार


**कोल्हापुर।** पश्चिम बंगाल के कोल्हापुर में स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने 20 लाख रुपये की वसूली करने के आरोप में एक आरटीआई कार्यकर्ता और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। लक्ष्मी टेकड़ी इलाके में आरटीआई कार्यकर्ता जयराज भीमराव कोली ने छत्रपति प्रमिला राजे सिविल अस्पताल में चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता अजिंक्य पाटिल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

# यूक्रेन में रूसी हमलों में 16 लोगों की मौत, 100 घायल

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन में ड्रोन, मिसाइलों और तोप के जरिये हमले किए, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के अपने देश के प्रयासों के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की गारंटी मांगी।

रूसी सेना ने पूरे युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर लगातार बमबारी की है। यह इस युद्ध का चौथा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने रूस के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन भी दागे हैं। जेलेंस्की मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले पश्चिमी नेताओं से मिलने वाले थे। जेलेंस्की रूस की विशाल सेना के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौते को लेकर हाल में हुई शांति वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला है।



हमले की तैयारी करता रूसी सैनिक।

- **यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य मदद मांगी**

# नाटो के ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए जुट रहे वैश्विक नेता

**द हेग (नीदरलैंड)।** दुनिया के सबसे बड़े सैन्य गठबंधन 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के ऐतिहासिक सम्मेलन में हिस्सा लेने वैश्विक नेता नीदरलैंड की राजधानी द हेग में जुट रहे हैं। इस सम्मेलन में तय होगा कि रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर संगठन के 32 सदस्य सहमति की ओर बढ़ते हैं या विभिन्न मुद्दों पर दरार और गहरी होती है। सहयोगियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने जीडीपी का पांच प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य का समर्थन करें, ताकि बाहरी हमलों से बचाव के लिए योजनाएं पूरी की जा सकें। अमेरिका के शासनाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पहली बार सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उम्मीद की जा रही थी कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह होगा कि अमेरिका कैसे सुरक्षा गठबंधन में अन्य देशों से ऐतिहासिक सैन्य खर्च बढ़ाने पर सहमति प्राप्त करता है। लेकिन अब चर्चा का विषय ईरान में तीन परमाणु संवर्धन सुविधाओं पर हमला करने का ट्रंप का निर्णय है, जिसके बारे में उनके प्रशासन का कहना है कि इससे तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं नष्ट हो गई हैं।

- **रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर तय होगा संगठन के 32 सदस्य देशों का रुख**

# आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाए

बीजिंग, एजेंसी

- **चीन में एससीओ की बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है।

एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक सम्मेलन में डोभाल ने कहा कि भारत, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद, अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों को भारत में हमले करने से रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस हमले में लश्कर ए तैयबा के एक छद्म संगठन टीआरएफ ने 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी थी और कई अन्य को घायल कर दिया था।

डोभाल ने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली और गैर उकसावे वाली थी। एनएसए ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड त्यागने तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद तथा उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डोभाल ने इन समूहों के बुनियादी ढांचे और उनके आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने का आह्वान किया।

# जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार किया मिसाइल परीक्षण

**तोक्यो।** जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। देश की सेना ने मंगलवार को यह घोषणा की। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया, जो सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है।

- **चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमले की क्षमता हासिल करने के लिए सैन्य तैयारी**


अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर जहाज पर गोलीबारी की थी, जिसमें कोई भी चालक नहीं था। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी परीक्षण के परिणामों की जांच कर रहे हैं। जापान, चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता हासिल करने के लिए अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ा रहा है। जापान इस वर्ष के अंत में 'टॉमहॉक' सहित लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को तैनात करने की योजना बना रहा है। जापान ने इससे पहले विदेशों में मिसाइल परीक्षण किए हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे उसके रक्षा साझेदारों के क्षेत्र शामिल हैं।

# एसडीजी रैंकिंग में पहली बार भारत शीर्ष 100 में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति को लेकर भारत ने पहली बार एसडीजी की सूची में 193 देशों में शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क की 10वीं सतत विकास रिपोर्ट (एसडीआर) के अनुसार भारत ने 67 अंक हासिल कर 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया है।

चीन 74.4 अंक से साथ 49वें और अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है। भारत ने इससे पहले 2024 में 109वां स्थान, 2023 में 112वां स्थान, 2022 में 121वां स्थान, 2021 में 120वां स्थान, 2020 में 117वां स्थान, 2019 में 115वां स्थान, 2018 में 112वां स्थान और 2017 में 116वां स्थान हासिल किया था। पड़ोसी देशों में 70.5 अंक के साथ भूटान ने 74वां स्थान, 68.6 अंकों के साथ नेपाल ने 85वां स्थान हासिल किया है जबकि 63.9 अंक के साथ बांग्लादेश 114वें स्थान और 57 अंक के साथ पाकिस्तान 140वें स्थान पर है। भारत के समुद्री पड़ोसी देश मालदीव और श्रीलंका क्रमशः 53वें और 93वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट तैयार करने वाले लेखकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य की प्रगति थम गई है।




- **भारत ने 67 अंक हासिल कर वैश्विक सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया**

# बांग्लादेश के लिए 1.3 अरब डॉलर का आईएमएफ ऋण मंजूर

**ढाका।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बांग्लादेश के लिए अपने 4.7 अरब डॉलर के ऋण पैकेज के तहत तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी होने के तुरंत बाद 1.3 अरब डॉलर के वितरण को मंजूरी दे दी है।

आईएमएफ के बयान के मुताबिक ऋणदाता ने 2023 में शुरू किए गए ऋण कार्यक्रम के तहत बांग्लादेश को जून 2024 तक तीन किश्तों में 2.3 अरब डॉलर तक का वितरण किया था। कोष के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को विस्तारित ऋण एवं निधि सुविधा के तहत बांग्लादेश में वृद्धि और पुनर्रचना के लिए तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी करने के बाद मंजूरी दी। इस फैसले से बांग्लादेश को 88.4 करोड़ डॉलर तक की सहायता राशि की तत्काल पहुंच मिल गई है।

**राहत भरी खबर** | हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रमुख डीके सुनील ने दिलाया भरोसा

# भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस विमान

## हाल ही में वायुसेना प्रमुख ने उठाया था तेजस की आपूर्ति में देरी का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी के लिए जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब जिम्मेदार है।

एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई। एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किये जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी।

उन्होंने कहा, हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, एलसीए मार्क-1ए के मामले में भी ऐसा ही हुआ है, हमने विमान बना लिए हैं। हमारे पास छह विमान तैयार हैं लेकिन जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति नहीं हुई है। उसे 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी। अब तक, हमें केवल एक इंजन मिला है। जीई की ओर से देरी शुरू में कोविड महामारी के दौरान उत्पादन में विलंब और उसके बाद कंपनी से कई वरिष्ठ इंजीनियरों के चले जाने से हुई, जिससे आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों को सुलझा लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में छह विमान तैयार हैं। हमारी ओर से कोई कमी नहीं है। हम लगातार इन विमानों का निर्माण कर रहे हैं और इस वित्त वर्ष के अंत तक उन्हें आपूर्ति करने की स्थिति में होंगे।



### मिग 21 की जगह लेगा सिंगल इंजन वाला तेजस

एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। भारतीय वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि इसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एकल इंजन वाला बहु-उपयोगी लड़ाकू विमान है, जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्रों में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमलावर भूमिकाओं के लिए डिजाइन किया गया है। सुनील ने कहा कि तेजस एमके-1ए विश्वस्तरीय विमान है जो उच्च गुणवत्ता वाले रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और कई तरह की मिसाइल से युक्त है। इसमें पूरी तरह से अत्याधुनिक एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली शामिल है।